# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच **

सोमवार, 26 अगस्त, 2024 लखनऊ, महानगर, वर्ष 19, अंक 232, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com




## कंपनियों की पूंजी 95522 करोड़ बढ़ी

देश की शीर्ष 10 मूल्यवान कंपनियों में से नौ के बाजार पूंजीकरण संयुक्त रूप से बीते सप्ताह 95,522.81 करोड़ रुपये बढ़े। } 14

## बिना राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले युवाओं से राजनीति में आने का आह्वान

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि सामूहिक प्रयासों से बिना राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले युवाओं को राजनीति में आगे बढ़ने में मदद मिलेगी। } 16

### श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव पर कृष्ण जन्माष्टमी की प्रदेश वासियों को शुभकामनाएं दी हैं। योगी ने सोशल मीडिया के माध्यम से अपने संदेश में कहा कि धर्म स्थापना, लोक-संरक्षण, शांति व सामूहिकता के प्रति अखिल विश्व-चेतना का पथ-प्रदर्शित करने वाले, यशोदानंदन, भुवन मोहन कन्हैया चराचर जगत का कल्याण करें, यही कामना है। जय श्रीकृष्ण।

## तीसरे दिन 30 फीसदी अभ्यर्थियों ने छोड़ी पुलिस भर्ती परीक्षा, 14 गिरफ्तार



विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पुलिस में सिपाही नागरिक पुलिस के 60,244 पदों पर सीधी भर्ती के लिए आयोजित लिखित परीक्षा के तीसरे दिन 29.57 फीसदी अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। हालांकि विगत दो दिन की परीक्षा के मुकाबले रविवार को करीब दो प्रतिशत अधिक अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी।

इस दौरान यूपी पुलिस के दो सिपाहियों समेत परीक्षा में सेंधमारी का प्रयास करने वाले कुल 14 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इनमें दो सिपाहियों समेत 5 सॉल्वर शामिल हैं। वहीं 185 अभ्यर्थी संदिग्ध ...शेष पृष्ठ 14 पर

## सीएम योगी ने किया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का शुभारंभ

### कहा- सनातन से पहले विश्व में नहीं था कोई धर्म, कृष्ण नगरी को दी 977 करोड़ की सौगात

जिला संवाददाता

मथुरा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महामहोत्सव का शुभारंभ गुब्बारा उड़ाकार किया। सीएम योगी पांचजन्य प्रेक्षागृह पहुंचे। यहां उन्होंने बरसाना रोप-वे, वृंदावन में लक्ष्मण शहीद स्मारक प्रेक्षागृह, मल्टीलेवल पार्किंग, गोवर्धन तहसील भवन, बरसाना कोसी गोवर्धन मार्ग का चैड़ीकरण, मथुरा वृंदावन मार्ग का चौड़ीकरण सहित 596 करोड़ रुपये की 137 परियोजनाओं के लोकार्पण के साथ ही 381 करोड़ रुपये की 38 परियोजनाओं का शिलान्यास किया।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने मंच से संबोधन शुरू किया। सीएम योगी ने राधे राधे बिहारी लाल की जयकार किया। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी और आयोजित विकास की योजनाओं के साथ ही एक नए सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत करने को आपके बीच में आना हुआ है। उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्रीमंडल के मेरे सहयोगी, लक्ष्मी, जयदेव सिंह, संदीप, लोकसभा हेमामालिनी जी सांसद राज्यसभा तेजवीर सिंह, वीरेन्द्र अग्रवाल महापौर, पूर्व मंत्री पंडित श्रीकांत, पूरन प्रकाश, विधायक मेघश्याम सिंह, मांट विधायक चैधरी योग जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी अन्य प्रतिनिधियों



का धन्यवाद देते हुए सभी को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी और नंदोत्सव की शुभकामना दी। सीएम योगी ने कहा कि ब्रज की भूमि के प्रति लोगों का आकर्षण है। सब लोग यहां के प्रति उत्सुक रहते हैं। प्रधानमंत्री जब विरासत और विकास की बात करते हैं तो सबसे पहले मथुरा की बात आती है। श्री कृष्ण का 5251 ...शेष पृष्ठ 14 पर

## हर मंदिर और घर में श्रद्धा से मनायें श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जन्माष्टमी पर्व से पूर्व सभी रिजर्व पुलिस लाइन, पुलिस थानों एवं कारागारों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पावन पर्व परंपरागत भक्तिभाव से मनाए जाने के निर्देश दिए हैं। रविवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गयी। बयान में कहा गया कि जन्माष्टमी के अवसर पर पूरे प्रदेश में घरों और मंदिरों के साथ-साथ पुलिस थानों, कारागारों और पुलिस लाइन में भी भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का उत्सव पूरे हर्षोल्लास और भक्तिभाव से मनाया जाएगा। योगी ने प्रदेशभर में कृष्णलीला, झांकी और शोभायात्रा के आयोजनों के दौरान वहां सुरक्षा, सफाई व अन्य व्यवस्थाएं सुचारु रूप से करने के आदेश दिए हैं। इसके अतिरिक्त भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने के भी निर्देश दिए हैं। योगी के निर्देशों का अनुपालन करते हुए उत्तर प्रदेश कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवा के महानिदेशक पीवी रामा शास्त्री ने प्रदेश ...शेष पृष्ठ 14 पर

### भगवान श्रीकृष्ण का आदर्श अनुकरणीय: विराज सागर दास



लखनऊ। लोकजीवन में भगवान श्रीकृष्ण के आदर्श और कार्य प्रधान शिक्षा अनुकरणीय है। यह बात यूपी बैडमिंटन एसोसिएशन के चेयरमैन व बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कही। उन्होंने कहा कि उत्साह के साथ मनाया जाने वाला श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व जनमानस की आस्था और श्रद्धा का आधार है। उन्होंने कामना की है कि जन्माष्टमी का यह पर्व देश और समाज में शाश्वत मूल्यों की स्थापना, भाईचारा और एकता की भावना का प्रसार करे।

# महिलाओं के खिलाफ अपराध अक्षम्य : मोदी

### प्रधानमंत्री ने लखपति दीदियों के सम्मेलन को किया संबोधित

एजेंसी

जलगांव (महाराष्ट्र)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को महिलाओं के खिलाफ अपराध को अक्षम्य पाप करार दिया और कहा कि दोषियों को बख्शा नहीं जाना चाहिए।

मोदी की यह कड़ी टिप्पणी कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में प्रशिक्षु चिकित्सक के साथ बलात्कार और उसकी हत्या तथा मुंबई के पास बदलापुर में दो स्कूली बच्चियों के यौन शोषण के खिलाफ विरोध-प्रदर्शनों के बाद आई है। उत्तर महाराष्ट्र के जलगांव में लखपति दीदी सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा प्राथमिकता होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि माताओं, बहनों और बेटियों की सुरक्षा देश की प्राथमिकता है। मैंने लाल किले से बार-बार इस मुद्दे को उठाया है। देश का कोई भी राज्य हो, मैं अपनी बहनों और बेटियों का दर्द और गुस्सा समझता हूं। मोदी ने कहा कि वह हर राजनीतिक दल



महाराष्ट्र के जलगांव में लखपति दीदियों से बातचीत करते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

और राज्य सरकार से कहेंगे कि महिलाओं के खिलाफ अपराध एक अक्षम्य पाप है। उन्होंने कहा कि जो भी दोषी है, उसे बख्शा नहीं जाना चाहिए।

प्रधानमंत्री ने कहा कि महिलाओं के खिलाफ अपराध करने वालों के मददगारों को भी बख्शा नहीं जाना चाहिए। चाहे अस्पताल हो, स्कूल हो, सरकार हो या पुलिस थाना हो, जिस भी स्तर पर लापरवाही हुई हो, सभी को जवाबदेह बनाया जाना चाहिए। संदेश ऊपर से नीचे तक जाना चाहिए। यह पाप अक्षम्य है। सरकारें आएंगी और जाएंगी, लेकिन समाज और सरकार दोनों के तौर पर महिलाओं के जीवन व सम्मान की रक्षा करना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में महिलाओं के लिए जो काम किया है, उतना आजादी के बाद से किसी भी पूर्ववर्ती सरकार ने नहीं किया। मोदी ने कहा कि उनकी सरकार महिलाओं के खिलाफ अपराधों के लिए कड़ी सजा का प्रावधान करने के वास्ते कानूनों को मजबूत कर रही है। ...शेष पृष्ठ 14 पर

### प्रधानमंत्री ने लखपति दीदियों से की बातचीत

मुंबई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को महाराष्ट्र के जलगांव में लखपति दीदियों से बातचीत की। लखपति दीदी स्वयं सहायता समूहों की उन महिलाओं को कहा जाता है जो सालाना एक लाख रुपये कमा रही हैं। प्रधानमंत्री 11 लाख नई लखपति दीदियों को सम्मानित करने के लिए आयोजित एक कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं। जलगांव में महिलाओं के एक समूह ने प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत किया, जिसके बाद उन्होंने कुछ स्वयं सहायता समूहों की सदस्यों से बातचीत की। अधिकारियों ने बताया कि स्वयं सहायता समूह पशुधन क्षेत्र में सक्रिय हैं, जबकि अन्य कृषि सखी और नमो ड्रोन दीदी जैसी सरकारी योजनाओं में काम कर रही हैं। योजनाओं को क्रियान्वित करने वाले अधिकारियों ने कहा कि स्वयं सहायता समूह कौशल प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में आवश्यकताओं को पूरा करने और स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन में मदद मिलती है। जिससे 4.3 लाख स्वयं सहायता समूहों के लगभग 48 लाख सदस्यों को लाभ होगा।

## मादक पदार्थों का अवैध कारोबार भारत के लिए बना गंभीर चुनौती

एजेंसी

रायपुर। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि मादक पदार्थों का अवैध कारोबार ना केवल भारत के लिए चुनौती है, बल्कि यह एक अंतरराष्ट्रीय समस्या है। उन्होंने कहा कि दृढ़ संकल्प एवं रणनीति के साथ देश इस समस्या से पार पा सकता है। शाह ने आज नवा रायपुर के एक होटल में छत्तीसगढ़ में मादक पदार्थों के परिदृश्य पर एक बैठक को संबोधित किया। इस दौरान शाह ने मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के खिलाफ लड़ाई में सफलता प्राप्त करने के लिए मादक पदार्थों का पता लगाने, नेटवर्क को नष्ट करने, अपराधी को हिरासत में लेने और नशे के आदी लोगों का पुनर्वास करने के चार सूत्रों पर जोर दिया।

शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2047 तक देश को नशा मुक्त बनाने का संकल्प किया है, जब देश की आजादी का 100 वां वर्ष मनाया जाएगा। धीरे-धीरे यह संकल्प 130 करोड़ आबादी का संकल्प बन गया है। मेरा मानना है कि नशा मुक्त भारत का संकल्प एक समृद्ध, सुरक्षित और गौरवशाली भारत बनाने में बहुत



महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, अवैध मादक पदार्थों का कारोबार ना केवल भारत के लिए एक चुनौती है, बल्कि यह एक अंतरराष्ट्रीय समस्या है। मेरा मानना है कि देश में लोगों को इसके प्रति जागरूक करने की ज्यादा जरूरत है। अगर हम दृढ़ संकल्प और रणनीति के साथ लड़े तो हम यह लड़ाई जीत सकते हैं। मुझे कहने में झिझक नहीं है कि कई देश इसके खिलाफ अपनी लड़ाई हार चुके हैं। शाह ने कहा, मादक पदार्थों के अवैध व्यापार का उद्देश्य ना केवल युवाओं को बर्बाद करना है बल्कि मादक पदार्थों के व्यापार से उत्पन्न अवैध धन का उपयोग राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में भी किया जाता है। यह हमारी राष्ट्रीय जिम्मेदारी भी है कि... शेष पृष्ठ 14 पर

### संक्षेप

#### नक्सली दंपती ने किया आत्मसमर्पण

धमतरी। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित धमतरी जिले में इनामी नक्सली दंपती ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि जिले में नक्सली टिकेश उर्फ टिकेश्वर वट्टी और उसकी पत्नी प्रमिला उर्फ गणेशी नेताम ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। उन्होंने बताया कि टिकेश नगरी एरिया कमेटी और गोबरा एलओएस का सदस्य तथा प्रमिला सीता नदी एरिया कमेटी की सदस्य है। उनके सर पर पांचपांच लाख रुपए का इनाम है। अधिकारियों ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सली दंपती ने पुलिस को जानकारी दी।

## हिजबुल्ला ने इजराइल पर किये ड्रोन हमले

एजेंसी

यरूशलम। इजराइली सेना ने शिया मिलिशिया हिजबुल्ला के ठिकानों को निशाना बनाकर रविवार तड़के लेबनान में हवाई हमले किए जिसके कुछ ही देर बाद हिजबुल्ला ने बड़ी संख्या में ड्रोन दागकर इजराइल पर हमला किए जाने की घोषणा की। इजराइल के रक्षा मंत्री योआव गैलेंट ने घरेलू मोर्चे पर विशेष स्थिति की घोषणा की।

इन हमलों के कारण क्षेत्र में व्यापक पैमाने पर युद्ध छिड़ने का खतरा बढ़ गया है और इससे गाजा में युद्ध विराम समझौते के प्रयास विफल हो सकते हैं जहां फलस्तीनी समूह हमास के खिलाफ इजराइल का पिछले करीब 10 महीने से युद्ध जारी है। रविवार को दिन में ऐसा प्रतीत हुआ कि दोनों पक्षों के बीच गोलीबारी बंद हो गई है और दोनों पक्षों ने अपने हमलों को सैन्य ठिकानों



तक सीमित कर दिया लेकिन स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। अभी यह पता नहीं चल पाया है कि हमलों में जान-माल का कितना नुकसान हुआ है। इजराइली सेना ने एक बयान जारी कर कहा कि हिजबुल्ला इजराइली क्षेत्र की ओर मिसाइल और रॉकेट दागने की तैयारी कर रहा है। इसके कुछ ही देर बाद हिजबुल्ला ने रविवार सुबह घोषणा की कि उसने बेरूत में उसके शीर्ष कमांडर फौद शुकूर की हत्या का बदला लेने के लिए बड़ी संख्या में ड्रोन दागकर इजराइल पर हमला किया है। ये हमले ऐसे समय में किए गए हैं जब मिस्र हमास के खिलाफ इजराइल के युद्ध को समाप्त करने के लिए नए दौर की वार्ता की मेजबानी कर रहा है। हिजबुल्ला ने कहा है कि गाजा में... शेष पृष्ठ 14 पर

## वित्तीय अनियमितता को लेकर सीबीआई ने मारे छापे

एजेंसी

नयी दिल्ली/कोलकाता। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के अधिकारियों ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में कथित वित्तीय अनियमितताओं की जांच के सिलसिले में इसके पूर्व प्राचार्य संदीप घोष, पूर्व चिकित्सा अधीक्षक सह उप प्राचार्य (एमएसवीपी) संजय वशिष्ठ और 13 अन्य लोगों के कोलकाता में एवं उसके आसपास स्थित परिसरों में रविवार को छापे मारे।

अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सीबीआई की भ्रष्टाचार निरोधक इकाई ने मरीजों की देखभाल और प्रबंधन के लिए सामग्री की आपूर्ति से जुड़े लोगों के आवासों और कार्यालयों पर भी छापे मारे। अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय जांच एजेंसी के कम से कम सात अधिकारी सुबह आठ बजे से घोष से बेलियाघाटा स्थित उनके आवास पर पूछताछ कर रहे हैं, जबकि अन्य अधिकारी वशिष्ठ एवं चिकित्सा प्रतिष्ठान के फॉरेंसिक-मेडिसिन विभाग के एक और प्रोफेसर समेत अन्य से पूछताछ कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि केंद्रीय बलों के एक बड़े दल के साथ सुबह



करीब छह बजे घोष के आवास पर पहुंची सीबीआई की टीम को करीब डेढ़ घंटे तक इंतजार करना पड़ा, जिसके बाद पूर्व प्राचार्य ने दरवाजा खोला। अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय एजेंसी के अन्य अधिकारी हावड़ा में एक आपूर्तिकर्ता के घर गए। उन्होंने कहा कि वशिष्ठ से पूछताछ की जा रही है कि जब वह एमएसवीपी थे, तब अस्पताल में हुई वित्तीय अनियमितताओं के बारे ...शेष पृष्ठ 14 पर

### जेल में किया गया संजय रॉय का पॉलीग्राफ टेस्ट

नयी दिल्ली। आरजी कर मेडिकल कॉलेज में प्रशिक्षु चिकित्सक के साथ कथित बलात्कार और हत्या मामले में मुख्य आरोपी संजय रॉय का पॉलीग्राफ टेस्ट कोलकाता की प्रेसीडेंसी जेल में किया गया है। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि कोलकाता में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के कार्यालय में दो ओर लोगों का पॉलीग्राफ टेस्ट किया गया। उन्होंने बताया कि शनिवार को मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्राचार्य संदीप घोष समेत चार लोगों का पॉलीग्राफ टेस्ट किया गया था। पॉलीग्राफ टेस्ट के दौरान व्यक्ति द्वारा प्रश्नों के उत्तर दिए जाते समय एक मशीन की मदद से उसकी शारीरिक प्रतिक्रियाओं को मापा जाता है और यह पता लगाया जाता है कि वह सच बोल रहा है या झूठ। सीबीआई ने रॉय और घोष समेत सात लोगों का लाई डिटेक्टर टेस्ट कराने के लिए अदालत से अनुमति ली थी। इस टेस्ट को मुकदमे के दौरान सबूत के तौर पर इस्तेमाल नहीं किया जा सकता है।

### अवकाश की सूचना

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर 'वॉयस ऑफ लखनऊ' के सुधी पाठकों, विज्ञापन दाता व समाचार पत्र वितरक बंधुओं और प्रदेशवासियों को ढेरों शुभकामनाएं।

26 अगस्त यानी सोमवार को वॉयस ऑफ लखनऊ कार्यालय बंद रहेगा। अगला अंक 28 अगस्त बुधवार को प्रकाशित होगा।

-संपादक

### भीतर पढ़ें


- औद्योगिक क्षेत्रों में स्थापित होंगे रूफ टॉप सोलर प्लांट (पृष्ठ-02)
- एक्सप्रेस वे पर 72 फास्ट चार्जिंग स्टेशन बनेंगे (पृष्ठ-02)
- भारत-ऑस्ट्रेलिया में व्यापक व्यापार पर बातचीत नवंबर में (पृष्ठ-14)
- जीडीपी आंकड़ों से तय होगी बाजार की चाल (पृष्ठ-14)
- एफपीआई ने बॉन्ड बाजार में 11,366 करोड़ लगाये (पृष्ठ-14)


**विशेष खबर** विभाग के इंजीनियरों ने नियम वितरित किया फण्ड डायवर्जन, इंजीनियरों ने चेहते ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने का किया काम

# लोक निर्माण विभाग में करोड़ों का घपला

शैलेन्द्र श्रीवास्तव

लखनऊ। लोक निर्माण विभाग के प्रांतीय खंड मुरादाबाद से करोड़ों का घपला सामने आया है। इस सम्बन्ध में अधिशासी अभियंता (एक्सईएन) मुरादाबाद ने प्रमुख सचिव को हुई अनियमितता का ब्योरा के साथ पत्र भेजा है।

आरोप है कि डायवर्जन ऑफ फंड में

> एक्सईएन मुरादाबाद ने शासन को ब्योरा के साथ अनियमितता का किया खुलासा

तत्कालीन अधिशासी अभियंता मो. नावेद अहमद खां और अधिकतम भुगतान सहायक अभियंता एमडी गंगवार ने किये है। इसमें सूत्रों के अनुसार विभाग के इंजीनियरों ने नियम वितरित किया गया फण्ड डायवर्जन चेहते ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने का काम किया। उन्होंने पूर्व में धन में बड़े स्तर पर किये गये डायवर्जन ऑफ फंड्स की जांच के लिए स्पेशल ऑडिट या उच्च स्तरीय जांच कराये जाने की मांग की है। लोक निर्माण विभाग के प्रांतीय खंड मुरादाबाद के अधिशासी अभियंता कुलदीप संत ने शासन के निर्देश पर 10 जुलाई को कार्यभार ग्रहण किया है। उनके द्वारा बजट समीक्षा में पाया गया कि व्ययवर्तन करते हुए भुगतान के लिए कार्यों के बीजक कोषागार में भेजे गये, जिसकी जानकारी संज्ञान में आने पर भुगतान न किये गये बीजक रिकॉल किये। इसमें पाया गया कि ध्यानपुर मुस्फापुर खंडसाल मार्ग से फरीदपुर भैंडी सम्पर्क मार्ग के दूसरे, तीसरे और चौथे रनिंग बिल का कार्य पर अवशेष आवंटन 4.20 लाख रुपये भोजपुर रोशनपुर टाण्डा मार्ग का नवीनीकरण, दलपतपुर अलीगंज मार्ग नवीनीकरण, ध्यानपुर मुस्तफापुर खंडसाल मार्ग से फरीदपुर भैंडी सम्पर्क मार्ग का

लोक निर्माण विभाग उत्तर प्रदेश

कार्य किया गया। इसी तरह ठाकुरद्वारा रतुपुरा मार्ग से बैजनाथपुर मार्ग का चौथा रनिंग बिल और टीएम मार्ग से लौंगीकलां सम्पर्क मार्ग 79 हजार धनौरा अमरोहा ठाकुरद्वारा मार्ग के कार्य में लगाया गया। इसमें करीब 5 लाख रुपये का व्ययवर्तन हुआ है।

### फण्ड डायवर्जन के लिए एई एमडी गंगवार से मांगा गया स्पष्टीकरण

वहीं दूसरी ओर एक्सईएन कुलदीप संत ने खंड के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में स्वीकृत छह सेतु, जिनके लिए वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्राप्त हुई धनराशि को डायवर्ट करते हुए अन्य कार्यों में भुगतान किया गया है। इसकी धनराशि 35904472 (तीन करोड़ उनसठ लाख चार हजार चार सौ बहात्तर रुपये) हैं। इसके लिए एक्सईएन ने अलग-अलग 30 कार्यों की धनराशि विभिन्न कार्यों के लिए अधिकांश नियम विपरित डायवर्जन करने के लिए सहायक अभियंता एमडी गंगवार (मुरली धर गंगवार) के साथ-साथ मोहम्मद हारून, हरीश कुमार द्वारा भुगतान किया गया। इसके लिए उन्हें पत्र लिखा गया है। फिलहाल वर्तमान में समस्त कार्य गतिशील हैं। बिल वाउचर की छायाप्रति भी शासन को साथ में भेजी गयी है। एक्सईएन ने तैनाती से मात्र 27 दिन में 8 अगस्त 2024 में किये गये निरीक्षण में अनियमितता सामने आयी है। इसमें समस्त डायवर्जन ऑफ फड्स संबंधी प्रकरण तत्कालीन अधिशासी अभियंता मो. नावेद अहमद खां और अधिकतम सहायक अभियंता एमडी गंगवार द्वारा किये गये हैं। इस वृहद स्तर ...शेष पृष्ठ 14 पर

## आईपीएस अधिकारियों के तबादले, ट्विंकल जैन बनीं नोएडा की सहायक पुलिस आयुक्त

विशेष संवाददाता

लखनऊ। यूपी में रविवार को कई सहायक पुलिस अधीक्षकों के तबादले किए गए। इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है। आईपीएस टिंवकल जैन को सहायक पुलिस अधीक्षक मथुरा से नोएडा कमिश्नरेट में नियुक्त किया गया है। इसी तरह आईपीएस केशव झा सहायक पुलिस अधीक्षक अयोध्या से मुरादाबाद भेजे गए हैं। आईपीएस रालापल्ली वराग कुमार को गोरखपुर का सहायक पुलिस आयुक्त बनाया गया है।

वह अभी तक लखनऊ में तैनात थे। आईपीएस देवेंद्र कुमार सहायक पुलिस आयुक्त वाराणसी को इसी पद पर बरेली भेजा गया है जबकि आईपीएस डॉक्टर मुकुर्त सहायक पुलिस आयुक्त को कानपुर नगर से स्थानांतरित कर लखनऊ कमिश्नरेट भेजा गया है। आईपीएस सुधांशु नायक सहायक पुलिस अधीक्षक सहारनपुर को कमिश्नरेट कानपुर भेजा गया है। आईपीएस श्रवण रूनवॉल सहायक पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद से स्थानांतरित कर कमिश्नरेट लखनऊ भेजे गए हैं। आईपीएस डॉक्टर ईशान सोनी सहायक पुलिस अधीक्षक बरेली को कमिश्नरेट वाराणसी तबादला किया गया है। आईपीएस राजकुमार मीणा सहायक पुलिस अधीक्षक बुलंदशहर से कमिश्नरेट प्रयागराज बने जबकि ...शेष पृष्ठ 14 पर

राजधानी
लखनऊ, सोमवार, 26 अगस्त, 2024
www.voiceoflucknow.com

# योगी सरकार साढ़े छह लाख सरकारी नौकरियों का कर चुकी सृजन

## 27 अगस्त को मैनपुरी, 28 अगस्त को अलीगढ़, 01 सितंबर को मीरजापुर और 02 सितंबर को मुरादाबाद में आयोजित होगा रोजगार मेला

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए मुख्यमंत्री योगी

- रोजगार मेला के साथ ही प्रत्येक जनपद में एक-एक हजार नियुक्ति पत्र का भी किया जायेगा वितरण
- अंबेडकरनगर, अयोध्या और मुजफ्फरनगर में 17 हजार से अधिक नियुक्ति पत्र का हो चुका वितरण
- योगी राज में अब तक दो करोड़ से अधिक निजी नौकरियां उपलब्ध कराने में मिली है सफलता

आदित्यनाथ मिशन रोजगार के तहत रोजगार मेला का आयोजन कर रहे हैं। अगस्त में अब तक तीन रोजगार मेला का आयोजन करने के बाद अब इसकी रफ्तार और तेज होने जा रही है। इसी क्रम में योगी सरकार आगामी दस दिनों के अंदर चार अलग-अलग जनपदों में रोजगार मेला का आयोजन करके लगभग 30 हजार रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने जा रही है। इसके तहत, 27 अगस्त को मैनपुरी, 28 अगस्त को अलीगढ़, 01 सितंबर को मीरजापुर और 02 सितंबर को मुरादाबाद में रोजगार मेला का आयोजन प्रस्तावित है। इन रोजगार मेला के जरिए चारों ही जनपदों में 1-1 हजार नियुक्ति पत्र का वितरण भी किया जाएगा। रोजगार मेला और नियुक्ति पत्र वितरण के इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रह सकते हैं। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार ने 17 अगस्त को अंबेडकरनगर, 18 अगस्त को अयोध्या और 22 अगस्त को मुजफ्फरनगर में रोजगार मेला का आयोजन किया था, जिसके माध्यम से 17 हजार से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित किए गए थे।

प्रदेश सरकार में व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि रोजगार मेला के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के अनुरूप अन्य जनपदों में भी वृहद रोजगार मेला आयोजित करके युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण के बाद रोजगार से जोड़ने के लिए प्रदेश सरकार विभिन्न गतिविधियां



आयोजित कर रही है। इसी क्रम में मैनपुरी, अलीगढ़, मीरजापुर और मुरादाबाद में रोजगार मेला प्रस्तावित है। इसके माध्यम से लगभग 30 हजार रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे, जबकि 4 हजार (प्रत्येक जनपद में एक हजार) नियुक्ति पत्र वितरित किए जाएंगे। प्रत्येक जनपद में देश की 50 प्रतिष्ठित कंपनियां हिस्सा ले रही हैं, जो युवाओं का साक्षात्कार लेंगी और उन्हें जॉब ऑफर करेंगी। मैनपुरी के करहल में नरसिंह इंटर कॉलेज में और अलीगढ़ के गुरुकुल पब्लिक स्कूल, सोमना रोड, खैर में रोजगार मेला का आयोजन होगा। दोनों स्थानों पर रोजगार मेला सुबह 9रू00 बजे से प्रारंभ होगा। शेष दोनों जनपदों में वेन्यू का निर्धारण जल्द किया जाएगा।

योगी सरकार ने अगस्त में अब तक आयोजित रोजगार मेला के माध्यम से अयोध्या और अंबेडकरनगर में 12 हजार से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित किए थे तो वहीं मुजफ्फरनगर में भी करीब 5 हजार नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। कुल मिलाकर 6 दिनों में आयोजित तीन रोजगार मेला के जरिए सरकार ने 17 हजार नियुक्ति पत्र वितरित किए हैं। इन रोजगार मेला में विभिन्न कंपनियों ने प्रतिभाग किया और नौजवानों को मैन्युफैक्चरिंग, इंजीनियरिंग, टेलीकॉम, हेल्थकेयर, कंस्ट्रक्शन और आईटी जैसे सेक्टर में जॉब ऑफर किए गए। योगी सरकार का लक्ष्य युवाओं को सरकारी नौकरी के साथ-साथ निजी कंपनियों में भी रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का है, जिसके लिए सरकार की ओर से युवाओं के कौशल विकास हेतु विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

सरकार की योजना 2024 में इन रोजगार मेलों के माध्यम से बड़ी संख्या में युवाओं को निजी कंपनियों में नियोजित करने की है। योगी सरकार के प्रयासों का ही असर है कि साढ़े सात वर्षों में साढ़े छह लाख से ज्यादा युवाओं को सरकारी नौकरी के अलावा संविदा के माध्यम से 3.75 लाख से अधिक युवाओं को नौकरी से जोड़ा गया है। वहीं, दो करोड़ लोगों को निजी क्षेत्र/एमएसएमई के अंतर्गत रोजगार उपलब्ध कराया गया है।

युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए योगी सरकार लगातार कदम बढ़ा रही है। इसके लिए लक्ष्य निर्धारित कर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 22 अगस्त को मुजफ्फरनगर में आयोजित रोजगार मेला में कहा था कि प्रदेश सरकार अगले दो साल में दो लाख युवाओं को सरकारी नौकरी प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में निकलने वाली सरकारी नौकरियों में यहां के युवाओं को बढ़चढ़ कर भाग लेना होगा। सरकार के प्रयासों का ही नतीजा है कि इस समय प्रदेश में 60 हजार से ज्यादा पदों के लिए पुलिस भर्ती परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है, जबकि कई अन्य विभागों में नौकरियों के सृजन का प्रस्ताव है।

# भारतीय सेना में पासी रेजीमेंट बनाने की मांग

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** विधान परिषद सदस्य कुंवर अक्षय प्रताप सिंह गोपाल ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर पासी समाज को लेकर बड़ी मांग की है। पत्र के जरिए कुंवर अक्षय प्रताप ने पीएम मोदी से भारतीय सेना में ह्यपासी रेजिमेंटह्ल को शामिल करने का अनुरोध किया

- विधान परिषद सदस्य कुंवर अक्षय प्रताप सिंह ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र

है। अक्षय प्रताप ने इसके पीछे कारण बताते हुए लिखा है कि, पासी समाज लंबे समय से भारतीय सेना में पासी रेजिमेंट स्थापित करने की मांग कर रहा है।अपने पत्र के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी से सेना में पासी रेजिमेंट की स्थापना करने की मांग की है।

उन्होंने कहा कि, देश में पासी समाज ने मुगलों से लेकर अंग्रेजों तक लड़ाई लड़ी है पासी समाज की 21 उपजातियाँ है जिन्होंने मुगलों से लंबा संघर्ष किया इस समाज ने भारतीय संस्कृति एवं सनातन की रक्षा के लिए मुगलो से अपनी जान की बाजी लगा दी पासी समाज के लड़ाकों के साथ साथ उसकी



वीरांगनाओं ने भी अपने समाज और आबरू बचाने के लिए सुअर पालने शुरू की जहाँ सुअर होते थे वहाँ मुगल अक्रांता जाने से परहेज करते थे पासी समाज ने अपने पौरुष और रण कौशल से हिंदू समाज के रक्षक के रूप में लड़ते हुए अपने प्राणों की आहुति दे दी आजादी के बाद से थानों में पासी जाति के चौकीदार नियुक्त किए जाते रहे हैं पासी समाज कि जातीय देश भर में हैं और आज भी अपने बलों पौरुष के कारण सबसे बड़े मेहनतकश मजदूर है अपने शौर्य के बूते भारत की हरित क्रांति में पासी समाज के योगदान को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता 1857 की क्रांति में राणा बेनी माधव बख़्श सिंह के नेतृत्व में लड़े जाने में लड़ाई में भी राणा की सेना के सेनापति बीरा पासी ही थे जिन्होंने अंग्रेजों के दाँत खट्टे कर दिए थे।

यह इस बिरादरी के लिए बहत दुखद है कि स्वाधीन भारत में पासी समुदाय की वीरता का सम्मान नहीं मिला। 12वीं शताब्दी से स्वतंत्रता तक विदेशी आक्रांताओं से लेकर अंग्रेजों तक से लोहा लेने वाली इस जाति को सम्मान देने के लिए भारतीय सशस्त्र सेना में पासी रेजीमेण्ट गठित के अक्षय प्रताप ने लिए अनुरोध पत्र भेजा है।

# मंत्रियों ने दी प्रदेशवासियों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की बधाई

**लखनऊ।** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ,सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान, प्राविधिक शिक्षा और उपभोक्ता मामलों के मंत्री आशीष पटेल, कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान, व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल, माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी, पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप, उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह, कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही, और उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।



मंत्रियों ने अपने संदेश में कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन और उनके उपदेश हमें धर्म, सत्य और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। श्री कृष्ण ने श्रीमद्भगवद्गीता के माध्यम से जो ज्ञान, कर्म और भक्ति योग का संदेश दिया था, वह सदियों से लोगों का मार्गदर्शन करता आ रहा है और उसकी प्रासंगिकता आज भी बनी हुई है। भगवान श्रीकृष्ण की कृपा से सभी प्रदेशवासियों का जीवन सुख, शांति और समृद्धि से परिपूर्ण बने रहने की कामना भी की है।

# लविवि के भूविज्ञान प्रोफेसर 37वें अंतर्राष्ट्रीय भूवैज्ञानिक कांग्रेस, बुसान, दक्षिण कोरिया में करेंगे अध्यक्षता

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लविवि के लिए यह अत्यंत गर्व की बात है कि भूविज्ञान विभाग के प्रोफेसर सराजित सेनशर्मा को 37वें अंतर्राष्ट्रीय भूवैज्ञानिक कांग्रेस (आईजीसी) में कन्वेनर के रूप में आमंत्रित किया गया है। यह कांग्रेस 25 से 31 अगस्त तक बुसान, कोरिया गणराज्य में आयोजित होने जा रही है।

प्रोफेसर सेनशर्मा, जो भूविज्ञान के क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित व्यक्तित्व हैं, मुख्य कन्वेनर होंगे और 27 अगस्त को सुबह 8:00 बजे से 11:00 बजे तक ₹क्रस्ट-मेंटल इंटरैक्शन थ्रू टाइम एंड द रोल ऑफ फ्लुइड्स₹ पर एक वैज्ञानिक सत्र की अध्यक्षता करेंगे। वह एक वार्ता भी प्रस्तुत करेंगे, जिसे आईजीसी 2024 के आयोजक मानते हैं कि कांग्रेस के कार्यक्रम में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

आईजीसी 2024 की आयोजन समिति के अध्यक्ष, प्रोफेसर डैकीओ चेओंग ने अपने आमंत्रण पत्र में प्रोफेसर सेनशर्मा की विशेषज्ञता और अंतर्दृष्टि पर विश्वास जताया है, और कहा है कि वे चचाओं में महत्वपूर्ण योगदान देंगे और भूविज्ञान में प्रभावशाली शैक्षणिक आदान-प्रदान



और प्रगति के लिए एक जीवंत वातावरण को प्रोत्साहित करेंगे। प्रोफेसर चेओंग ने यह भी जोर दिया कि यह आमंत्रण उनके व्यक्तिगत अनुरोध के रूप में है, जिसे भूविज्ञान के ओलंपिक खेल के रूप में स्नेहपूर्वक जाना जाता है।

अंतर्राष्ट्रीय भूवैज्ञानिक विज्ञान संघ (आईयूजीएस), जो एक मिलियन से अधिक भूवैज्ञानिकों का प्रतिनिधित्व करता है, दुनिया के सबसे बड़े वैज्ञानिक संगठनों में से एक है। यह मानव कल्याण के संबंध में पृथ्वी विज्ञान में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और भागीदारी को प्रोत्साहित करता है और अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान परिषद (आईएससी) का सदस्य है। आईसीसी एक ऐसा मंच प्रदान करता है जहां शोध निष्कर्षों को साझा किया जा सकता है, नए सहयोगों की शुरूआत की जा सकती है, और भूविज्ञान में नवीनतम प्रवृत्तियों पर चर्चा की जा सकती है।यह प्रतिष्ठित नियुक्ति प्रोफेसर सेनशर्मा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान का प्रमाण है और वैश्विक वैज्ञानिक समुदाय में लखनऊ विश्वविद्यालय की भूमिका को भी रेखांकित करती है।

# भाजपा के दिल्ली वाले लोगों ने मुख्यमंत्री को सिर्फ दो विस सीटों के उपचुनाव तक सीमित किया : अयोध्या प्रसाद

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के फैजाबाद (अयोध्या) लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसद अवधेश प्रसाद ने रविवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिल्ली वाले लोगों ने पूरे राज्य का मुख्यमंत्री होने के बावजूद योगी आदित्यनाथ को सिर्फ मिल्कीपुर और कटेहरी विधानसभा सीटों के उपचुनाव तक सीमित कर दिया है।

प्रसाद ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में यह भी कहा कि मुख्यमंत्री के खिलाफ मंसूबा रखने वाले भाजपा के लोग यह जानते हैं कि उनकी पार्टी मिल्कीपुर और कटेहरी विधानसभा उपचुनाव बुरी तरह हारेगी, इसीलिए आदित्यनाथ को इन सीटों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने कहा, मुझे अफसोस है कि यह दिल्ली वाले जो भाजपा के लोग हैं, पता नहीं वह हमारे बाबा मुख्यमंत्री के खिलाफ क्यों हैं। वह (आदित्यनाथ) पूरे प्रदेश के मुख्यमंत्री हैं और चुनाव के समय वह देश के तमाम राज्यों में जाते हैं, लेकिन उनका कद इतना छोटा कर दिया गया है कि उन्हें केवल दो विधानसभा क्षेत्रों मिल्कीपुर और कटेहरी तक ही सीमित कर दिया गया है।

प्रसाद ने कहा, यह दिल्ली वाले जानते हैं कि भारतीय जनता पार्टी मिल्कीपुर से बहुत वोट से हारेगी और कटेहरी से भी हारेगी, तो जानबूझकर उन्हें इन दोनों जगह की जिम्मेदारी सौंपी है। हमें दिल्ली वालों का कोई मंसूबा लगता है। हमारे सीधे-सादे बाबा मुख्यमंत्री के खिलाफ उनके मन में भाव है, क्योंकि वे जानते हैं कि यह उपचुनाव भाजपा हारेगी और बहुत बुरी तरह से हारेगी तो दिल्ली वालों को कुछ करने का मौका मिलेगा।

उन्होंने कहा, मिल्कीपुर उपचुनाव को योगी बनाम अवधेश प्रसाद बना दिया गया है। अवधेश प्रसाद अकेले नहीं हैं। उनके साथ जनता है। वहां सभी जाति और बिरादरी के लोग साथ में हैं। भाजपा बुरी तरह से हारेगी। सपा सांसद ने कहा, उपचुनाव तो 10 सीटों पर होने हैं लेकिन भारतीय जनता पार्टी इस चुनाव को राष्ट्रीय चुनाव मानकर लड़ रही है और भाजपा फैजाबाद जो मर्यादा पुरुषोत्तम की धरती है, वहां से हारी है और वहां की महान जनता में देव तुल्य मतदाताओं में इस बात का संदेश पूरे देश और दुनिया में दिया है कि इस देश में अब धर्म पर आधारित राजनीति नहीं चलेगी अब राजनीति चलेगी। भाईचारे की और संविधान बचाने की राजनीति चलेगी। मिल्कीपुर विधानसभा सीट के उपचुनाव के लिए अपने बेटे अजीत कुमार की उम्मीदवारी के बारे में पूछे जाने पर प्रसाद ने कोई स्पष्ट जवाब नहीं देते हुए कहा, लोगों को पता है कि कौन लड़ेगा। उसकी तैयारी हो रही है। उन्होंने कहा, मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र से कार्यकर्ता आए थे। उनमें हर जाति और बिरादरी के लोग शामिल थे। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के विचारों से उनको काफी ऊर्जा मिली है।

# किस्तों में सौ रुपये न्यूनतम भी जमा कर सकेंगे उपभोक्ता बिजली बिल

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं को राहत प्रदान करने के लिए ऊर्जा विभाग ने आरएपीडीआरपी एवं नॉन आरएपीडीआरपी क्षेत्रों के उपभोक्ताओं को अपने विद्युत बिलों के आंशिक भुगतान की सुविधा प्रदान की है। यह सुविधा न्यूनतम धनराशि 100 रुपये अथवा पूर्ण बिल की धनराशि जो भी कम हो की सीमा के साथ उपलब्ध होगी।

उन्होंने कहा कि यह सुविधा आंशिक भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं को माह में 1 से अधिक बार भी उपलब्ध होगी। आंशिक भुगतान की सुविधा के लिए विभाग के कैश काउण्टरों एवं ऑनलाइन माध्यमों का प्रयोग किया जा सकेगा। पावर कार्पोरेशन के एमडी पंकज कुमार ने निर्देश जारी कर दिया। प्रदेश नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा है कि प्रदेश सरकार उपभोक्ताओं



को सहूलियत प्रदान करने के लिए विद्युत बिलों के आंशिक भुगतान की सुविधा प्रदान की है। इस सुविधा का लाभ लेकर उपभोक्ता अपने बिलों का आशानी से भुगतान कर सकेंगे और उन्हें बिल बकाये के बोझ से छुटकारा मिलेगा। उन्होंने कहा कि अस्थायी रूप से कनेक्शन काटने के लिए भी आंशिक भुगतान की सुविधा उपलब्ध है, जो कि न्यूनतम कुल बकाया धनराशि का 25 प्रतिशत की सीमा के साथ उपलब्ध होगी। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि विद्युत बिल बकाया होने की स्थिति में विद्युत वितरण निगम के पास विद्युत संयोजन विच्छेदित करने का अधिकार होगा। उन्होंने उपभोक्ताओं से अनुरोध किया है कि विद्युत विच्छेदन से बचने के लिए सभी उपभोक्ता अपने बिलों का पूर्ण भुगतान समय से करें और प्रदेश को विकास के पथ पर आगे ले जाने के लिए अपना सहयोग प्रदान करें।

# डिप्टी सीएम केशव मौर्य ने प्रधानमंत्री का जताया आभार

**लखनऊ।** राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की मिशन निदेशक दीपा रंजन ने बताया कि महाराष्ट्र के जलगांव में प्रधानमंत्री की ओर से स्वयं सहायता समूहों को दी जाने वाली रिवाल्विंग फण्ड व सामुदायिक निवेश निधि वितरण और लखपति दीदियों को प्रोत्साहित किये जाने वाले कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश की प्रयागराज

- महाराष्ट्र के जलगांव प्रधानमंत्री की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में यूपी की दो लखपति दीदी ने किया प्रतिभाग

की लखपति दीदी रीना कुमारी तथा अलीगढ़ की लखपति सीआरपी दीदी नीरज देवी ने प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के भी 15795 स्वंय सहायता समूहों को रिवाल्विंग फण्ड व 15651 समूहों को सीआईएफ दिया गया। उत्तर प्रदेश के उक्त स्वयं सहायता समूहों को सी आई एफ व रिवाल्विंग फण्ड वितरण तथा तथा अलीगढ़ की लखपति दीदी नीरज देवी को सम्मानित करने के लिए प्रधानमंत्री के प्रति व ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है।

दीपा रंजन ने बताया कि उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के क्रम में इसी उपलक्ष्य में प्रदेश के सभी जिलों तथा विकास खंड एवं सीएलएफ स्तर पर भी इसी प्रकार के कार्यक्रम किये गये, जिनमे चिन्हित 174971 लखपति दीदी एवं 34274 लखपति सीआरपी को भी प्रशस्ति पत्र जनपद स्तर पर कार्यक्रम करते हुए दिये गये।रविवार को महाराष्ट्र के जलगांव में प्रधानमंत्री ने अलीगढ़ की लखपति महिला कृषि सखी व पशु सखी नीरज देवी (मां लक्ष्मी स्वयं सहायता समूह अलीगढ़) को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मान पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि आपकी (नीरज देवी की) यह परिवर्तन यात्रा समाज के लिए प्रेरणादायक है।

# औद्योगिक क्षेत्रों में स्थापित होंगे रूफ टॉप सोलर प्लांट, ग्रीन बेल्ट्स और सोलर पथ

## योगी के विजन के अनुरूप यूपीसीडा ने यूपीनेडा की मदद से औद्योगिक क्षेत्रों में 53 महत्वपूर्ण स्थानों पर कराया सर्वेक्षण

विशेष संवाददाता (vol)

**कानपुर/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा दे रही योगी सरकार की इस पहल से न सिर्फ पर्यावरण को लाभ हो रहा है, बल्कि सरकारी विभागों के विद्युत खपत पर होने वाले खर्च में भी बड़ी राहत मिली

- प्रशासनिक भवनों, नागरिक केंद्रों, कॉमन फैसिलिटी सेंटर, ट्रांजिट हॉस्टल, सीईटीपी और क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालयों पर सोलर रूफटॉप प्लांट्स लगाने का प्रस्ताव

है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) भी ग्रीन एनर्जी के उपयोग को और विस्तार दे रहा है। यूपीसीडा ने अपने कानपुर मुख्यालय में रूफ टॉप सोलर प्लांट की सफलता को देखते हुए अब अपने अन्य औद्योगिक क्षेत्रों में भी रूफ टॉप सोलर प्लांट, ग्रीन बेल्ट्स और सोलर पथ बनाने की योजना तैयार की है। योजना के अनुसारए प्राधिकरण ने अपने औद्योगिक क्षेत्रों में स्थित विभिन्न सार्वजनिक सुविधाओं जैसे प्रशासनिक भवनों, नागरिक केंद्रों, कॉमन फैसिलिटी सेंटर (सीएफसी), ट्रांजिट हॉस्टल, कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट्स (सीईटीपी) और क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालयों पर सोलर रूफटॉप प्लांट्स लगाने का प्रस्ताव रखा है। उल्लेखनीय है कि कानपुर मुख्यालय में रूफ टॉप सोलर प्लांट के माध्यम से प्राधिकरण ने पिछले कुछ महीनों में कुल 27.35 लाख रुपए की बिजली बिल में बचत की है। प्राधिकरण का आंकलन है इस पहल से अगले 23 वर्षों में यूपीसीडा को लगभग 1104 लाख रुपए की शुद्ध बचत हो सकेगी।

कॉर्बन उत्सर्जन को कम करने और नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए यूपीसीडा ने जनवरी 2024 में अपने मुख्यालय कानपुर में 150 किलोवॉट का सोलर रूफटॉप



ऑनबिड प्लांट स्थापित किया था। यह परियोजना यूपीनेडा की सहायता से कैपेक्स मॉडल पर 82.98 लाख रुपए की लागत से पूरी की गई थी। इस सोलर प्लांट के स्थापित होने के बाद से प्राधिकरण ने जनवरी और फरवरी 2024 में 35 प्रतिशत ऊर्जा की बचत की, जबकि मार्च 2024 में 32.42 प्रतिशत, अप्रैल और मई 2024 में 56.92 प्रतिशत और जून-जुलाई 2024 में 34.95 प्रतिशत की ऊर्जा बचत दर्ज की गई। इस तरह, कुल लागत का लगभग 33 प्रतिशत पहले ही रिकवर किया जा चुका है। इस परियोजना के तहत, लगभग दो वर्षों में प्राधिकरण को लगभग पूरी लागत वसूल हो जाएगी, जबकि इन सोलर पैनलों की समय सीमा अवधि लगभग 25 वर्ष है। इस प्रकार, अगले 23 वर्षों तक यह सोलर प्लांट यूपीसीडा को लगभग 1104 लाख रुपए की शुद्ध बचत प्रदान करने में मदद करेगा। ग्रीन एनर्जी के विस्तार को लेकर यूपीसीडा की योजना के अनुरूप विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में यूपीनेडा की सहायता से किए गए सर्वेक्षण में 53 महत्वपूर्ण स्थानों की पहचान की गई है, जिनका कुल विद्युत भार लगभग 2000 किलोवॉट है। इनमें एमजी रोड (हापुड़), बेगराजपुर (सिकंदराबाद), सूरजपुर साइट-बी (गौतम बुद्ध नगर), साइट 5 कासना (सूरजपुर), सिकंदराबाद (बुलंदशहर), ईपीआईपी कासना, टीडीएस सिटी (बागपत), फाउंड्री नगर (आगरा), कोसी कोटवान (मथुरा), भोगांव (आगरा), चिनहट (लखनऊ), रायबरेली, सण्डीला (हरदोई), कुर्सी रोड (बाराबंकी), जैनपुर (कानपुर देहात), मलवान (फतेहपुर), नैनी (प्रयागराज), करखियाव (वाराणसी), बरगढ़ (चित्रकूट), उन्नाव, बंथर, परसाखेडा (बरेली), गजरौला-2 (जेपी नगर) और शाहजहांपुर जैसे स्थान शामिल हैं। इसके अलावा, यूपीसीडा अपने औद्योगिक क्षेत्रों में ग्रीन बेल्ट्स के साथ सोलर पथ मार्ग बनाने की भी योजना बना रहा है। ये पथ मार्ग न केवल बाहरी स्थानों की सुंदरता को बढ़ाएंगे, बल्कि एक स्थायी प्रकाश समाधान भी प्रदान करेंगे, जो बिजली ग्रिड पर निर्भर नहीं करता है। यह सोलर पथ मार्ग पार्क, खेल के मैदान और आसपास के रास्तों के लिए आदर्श होंगे, जो पर्यावरणीय स्थिरता और औद्योगिक क्षेत्रों के सौंदर्यीकरण में योगदान देंगे। यूपीसीड़ा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी मयूर माहेश्वरी ने बताया की भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार की सौर ऊर्जा नीति 2022 के अनुरूप प्राधिकरण मुख्यालय कानपुरए समेत समस्त क्षेत्रीय कार्यालयों व परियोजना इत्यादि में भी सोलर रूफटॉप प्लांट जल्द स्थापित करेगा।

# एक्सप्रेस वे पर 72 फास्ट चार्जिंग स्टेशन बनेंगे

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** यूपी के पांच एक्सप्रेसवे के दोनों ओर पीपीपी मॉडल पर इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए 72 फास्ट चार्जिंग स्टेशन बनेंगे। इनमें पहले चरण में 26 स्टेशन विकसित होंगे। यहां इलेक्ट्रिक बसों की भी चार्जिंग की सुविधा होगी। साथ ही इन स्टेशनों पर बैटरी स्वैपिंग की भी सुविधा होगी। अभी केवल आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे व यमुना एक्सप्रेसवे पर कुछ चार्जिंग स्टेशन काम करते हैं लेकिन वहां फास्ट चार्जिंग की सुविधा नहीं है।

योगी सरकार ने राज्य में 2000 चार्जिंग स्टेशन बनाने की योजना बनाई है। इससे सबसे पहले यूपीडा ने इस पर काम शुरू कर दिया है। यूपीडा इसके लिए निजी कंपनियों को इस साल के लिए लीज पर जमीन व सेटअप उपलब्ध करवाएगी। इसके जरिए वाहन चालक अपनी खराब बैटरी के बदले चार्ज्ड बैटरी ले सकेंगे। अगले साल जनवरी से चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने का काम शुरू हो जाएगा। आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे वे में यह चार्जिंग स्टेशन आगरा, मैनपुरी, इटावा, कानपुर नगर, उन्नाव व लखनऊ में बनेंगे। आगरा व लखनऊ में एक्सप्रेसवे के दोनों ओर चार्जिंग स्टेशन बनाने की तैयारी है। इसी तरह बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के रास्ते बनने वाले चार्जिंग स्टेशन चित्रकूट, बांदा, हमीरपुर, जालौन, इटावा में पड़ेंगे। इटावा व जालौन में चार्जिंग स्टेशन दोनों ओर बनेंगे। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर बाराबंकी में बाईं ओर, अमेठी में दाईं ओर, सुल्तानुपर में बाईं व दाईं ओर, आजमगढ़ में भी बाएं व दाहिने, मऊ में बाईं ओर व गाजीपुर में दाहिनी ओर चार्जिंग स्टेशन बनाए जाएंगे। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे गोरखपुर व अम्बेडकर नगर में एक-एक चार्जिंग स्टेशन बनेगा जबकि गंगा एक्सप्रेसवे निमार्णाधीन है। इसके पूरा होने पर यहां भी दूसरे चरण में चार्जिंग स्टेशन बनेंगे।

# नल से जल ने बदली तस्वीर, जेई व एईएस अब गुजरे जमाने की बात

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** वर्ष 2005 के दौर में पूर्वांचल में जपानी एन्सेफलाइटिस (जेई) और एक्यूट एन्सेफलाइटिस सिंड्रोम (एईएस) से बच्चों की मौत ने देश की संसद को हिला दिया था। इस एक साल में 6000 से ज्यादा बच्चे

- **साल 2017 तक 50 हजार के पार हो गया था मौतों का आंकड़ा**

इसकी चपेट में आए, जिनमें से 1400 से ज्यादा की मौत हो गई थी। मामला संसद में उठा तो इसके लिए नीति बनी और तमाम प्रयास हुए, लेकिन साल 2017 आते-आते जेई और एईएस से मौतों का आंकड़ा 50 हजार के पार हो गया था। लेकिन अब दौर बदल गया है। बीते दो साल में केवल बहराइच और कुशीनगर में एक-एक मौत दर्ज की गई है। इसके अलावा कहीं भी जेई से कोई मौत नहीं हुई। एईएस के मामलों में भी 99 प्रतिशत तक की कमी दर्ज की गई है। इसकी एक अहम वजह है 'जल क्रांति'। हर घर में नलों से पहुंचता साफ पानी इस भयावह बीमारी के नियंत्रित होने का अहम कारण है।

नमामि गंगे के प्रमुख सचिव अनुराग श्रीवास्तव ने बताया, साल 1978 में उत्तर प्रदेश में जेई का पहला मामला दर्ज किया गया था। शुरूआती दो दशकों में इस बीमारी की चपेट में आने वाले लोगों में से 30 प्रतिशत से ज्यादा की मौत हो जाती थी। खास बात यह है कि इसका प्रभाव क्षेत्र पूर्वी उत्तर प्रदेश के जिले थे और प्रभावितों में सबसे ज्यादा संख्या बच्चों की थी। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक क्यूलेक्स प्रजाति के मच्छरों के काटने की वजह से व्यक्ति जेई से ग्रसित होता है जबकि एईएस दिमागी बुखार है। मच्छरों के काटने से होने वाली बीमारी को देखते हुए प्रदेश सरकार ने क्षेत्र को साफ-सुथरा रखने और शुद्ध पानी पहुंचाने की योजना बनाई। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग ने टीकाकरण अभियान तेज किया। साफ पानी पहुंचाने की नीति को अंजाम दिया गया जल जीवन मिशन की 'हर घर नल से जल' योजना से। चूंकि मामला गंभीर था और सरकार की प्राथमिकता भी, इसलिए प्रभावित जिलों में नल से जानी पहुंचाने की मुहिम को बेहद तेज गति दी गई। जल जीवन मिशन के मुताबिक प्रभावित जिलों में 85 से लेकर 92 प्रतिशत तक घरों में टैप वॉटर पहुंचाया जा चुका है। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक साफ पानी की आसान उपलब्धता ने पानी से फैलने वाले संक्रमण की संभावनाओं को कम किया है और इसके अलावा लोगों को हाइड्रेटेड रहने में मदद मिली है। इससे उनकी प्रतिरक्षा प्रणाली मजबूत हुई है। जेई और एईएस जैसी बीमारियों से लड़ने यह भी एक अहम पहलू रहा है। जल जीवन मिशन से जल्द ही इन क्षेत्रों के सभी 100 प्रतिशत घरों में टैप वॉटर की पहुंच होगी।

# बृजेश पाठक और भूपेंद्र सिंह ने सुनी मन की बात

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कार्यक्रम 'मन की बात' के 113वें संस्करण को रविवार को लखनऊ महानगर में प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने पश्चिम विधानसभा के मंडल-3 अंतर्गत बूथ संख्या 360 पर सेंट जोसेफ कालेज की राजाजीपुरम शाखा

- **भाजपा कार्यकर्ताओं ने लखनऊ महानगर में बूथ स्तर पर मन की बात कार्यक्रम सुना**

और उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कैंट विधानसभा के मंडल 2 में बूथ संख्या 89 पर जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं के साथ सुना।

पश्चिम विधानसभा में प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने प्रदेश उपाध्यक्ष एमएलसी संतोष सिंह, प्रदेश महामंत्री संजय राय, लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, अंजनी श्रीवास्तव, मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग, मंडल अध्यक्ष अरविंद मिश्रा, पार्षद गौरी सांवरिया, कौमुदी त्रिपाठी, शिवपाल सांवरिया, पुष्पलता अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों के साथ मन की बात कार्यक्रम सुना।कार्यक्रम के बाद भूपेंद्र सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री के पिछले 10 वर्षों के कार्यकाल में अलग-अलग विषयों पर देश की जनता से संवाद करने का काम किया है। प्रधानमंत्री लगातार अलग-अलग सामाजिक राजनीतिक, तकनीकी और अन्य क्षेत्रों में लोगों द्वारा किए जा रहे नवाचार और उद्योगों के विषय में भी चर्चा करते हैं। लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनाने का देश की जनता ने अवसर दिया है। केंद्र की सरकार और प्रदेश की सरकार ने आम आदमी से जुड़े विषयों पर निरंतर कार्य किया है और कर रही है जिसके तहत बदलता हुआ देश और उत्तर प्रदेश दुनिया के सामने है। 1 सितंबर से पार्टी सदस्यता अभियान आरंभ कर रही है जिसमें हमें घर-घर जाकर सबसे मिलना है और विपक्ष की नकारात्मकता का जवाब देना है। समाज के लिए जो लोग कुछ करना चाहते हैं उनको भी सदस्य बनाकर पार्टी से जोड़ना है। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि लखनऊ महानगर में मन की बात कार्यक्रम बूथ स्तर पर सुना गया जिसमें मुख्य रूप से एमएलसी मुकेश शर्मा ने पूर्व मंडल की बूथ संख्या 344 पर, विधायक डॉक्टर नीरज बोरा ने उत्तर विधानसभा की बूथ संख्या 365 पर, विधायक ओपी श्रीवास्तव ने पूर्व विधानसभा में बूथ संख्या 165 पर कार्यकताओं और क्षेत्र वासियों के साथ मन की बात कार्यक्रम सुना।

# महापौर की बैठक में पार्षदों ने गिनायीं समस्याएं

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। सफाई ठेके को लेकर उठे विवाद को दबाने के लिए महापौर सुषमा खर्कवाल ने रविवार को भाजपा पार्षदों के साथ बैठक की।

उन्होंने पार्षदों ने उनकी समस्याओं के बाबत पूछा तो पार्षदों की नाराजगी झलक पड़ी। वार्डों के विकास का पैसा नगर निगम कार्यालय के लिए दे दिया गया है। सड़क, नाली, पुलिया नहीं बन रही हैं।

- **भाजपा के अलग–अलग पार्षदों की बैठक से बढ़ा था विवाद**

मेयर ने पार्षदों से कहा कि विकास पर रोक नहीं है। सभी वार्डों में विकास होगा। पार्षद देवशर्मा मिश्रा ने कहा कि कार्यकारिणी से फाइल मंजूर कराकर भेजने की नयी व्यवस्था पर आपत्ति जताई। पहले जनरल हेड के काम कार्यकारिणी में नहीं जाते थे। राम नरेश रावत बैठक में वार्ड वार मेयर की ओर से आवंटित कोटे की सूची लेकर पहुंचे। उन्होंने बताया कि कई पार्षदों के वार्डों में महापौर ने बहुत ज्यादा बजट दिया है।बता दें कि भाजपा के 56 पार्षदों ने मेयर, पार्षद दल के उपनेता को बिना सूचित किए तीन दिन पहले नगर निगम की कमेटी हाल में मीटिंग की थी।

पार्षद दल के उप नेता सुशील तिवारी पम्पी ने 56 पार्षदों के अलग बैठक करने के औचित्य पर सवाल उठाया था। वहीं अलग बैठक करने वाले पार्षदों ने आक्रोश जताया था कि उनके इलाकों में विकास नहीं हो रहा है। भेदभाव किया जा रहा है। कुछ वार्डों को ज्यादा तो कुछ को बेहद कम बजट दिया जा रहा है। पार्षद दल के उप नेता सुशील तिवारी पम्पी ने नाराज गुट के पार्षदों को निगम में मीटिंग रूम देने पर सवाल किया तो नगर आयुक्त से पूछा था कि किसने मीटिंग रूम दिया। इसके बाद भाजपा पार्षद राम नरेश रावत ने उप नेता के पद को लेकर ही सवाल खड़ा कर दिया। नाराजगी बढ़ने पर महापौर ने पार्षदों की रविवार को बैठक बुलायी थी।

बैठक में भाजपा के नगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी को नहीं बुलाया गया। पहले जब भी इस तरह की बैठक होती थी तो नगर अध्यक्ष को बुलाया जाता था। इस बार न महापौर ने नगर अध्यक्ष को बुलाया और न उप नेता ने बुलाया। बैठक में कुछ पार्षदों ने इस पर भी सवाल उठाया। बोले की जब पहले भाजपा पार्षदों की बैठक में नगर अध्यक्ष बुलाये जाते थे तो इस बार क्यों नहीं बुलाए गए। महापौर की बैठकों में पार्षद पतियों, बेटा व देवर के शामिल होने पर आपत्ति होती रही है। इस पर पार्षदों के करीबियों के पास बैठक का फोन पहुंचने पर पूछा गया कि किसे आना है तो महापौर कार्यालय की ओर से कहा गया कि पार्षद को ही बैठक में आना है मगर रविवार को बैठक में कई पार्षदों के पति बैठे नगर आए। कुछ के प्रतिनिधि भी थे। हालांकि कई के प्रतिनिधि नहीं आये। न आने वाले पार्षदों के पतियों का कहना है पहले कभी इस तरह की व्यवस्था नहीं रही। इस तरह से नियम लागू करना गलत है।

## छपरा-उधना के बीच चलेगी विशेष ट्रेन

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा हेतु पूर्व से चलायी जा रही 09041/09042 उधना-छपरा-उधना साप्ताहिक विशेष गाड़ी के संचालन अवधि का विस्तार उधना से 29 दिसम्बर तक प्रत्येक रविवार को तथा छपरा से 30 दिसम्बर प्रत्येक सोमवार को किया जायेगा। फलस्वरूप 09041 उधना-छपरा साप्ताहिक विशेष गाड़ी 09 दिसम्बर तक प्रत्येक रविवार को उधना से 11.25 बजे प्रस्थान कर चलथान, बारडोली, नंदुरबार, अमलनेर, भुसावल, खंडवा, इटारसी, दूसरे दिन जबलपुर, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, वाराणसी जं., जौनपुर, गाजीपुर सिटी तथा बलिया होते हुए छपरा 19.00 बजे पहुँचेगी।वापसी यात्रा में, 09042 छपरा-उधना साप्ताहिक विशेष गाड़ी 30 दिसम्बर प्रत्येक सोमवार को छपरा से 23.00 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन बलिया, गाजीपुर सिटी, जौनपुर, वाराणसी जं., प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर, सतना, कटनी, जबलपुर, इटारसी, खंडवा, तीसरे दिन भुसावल, अमलनेर, नंदुरबार, बारडोली तथा चलथान होते हुए उधना 06.45 बजे पहुँचेगी।

## बसों में सफाई नही तो फोटो परिवहन निगम को भेजे

**लखनऊ।** लम्बी दूरी की बसों में साफ-सफाई नही तो यात्री अपने फोन से फोटो लेकर परिवहन निगम के वॉटसअप नम्बर 9415049606 पर फोटो भेजकर शिकायत कर सकता है। फोटो आते ही परिवहन निगम के अधिकारी सख्त कदम उठाते हुए चालक और परिचालक से जबाब तलब करेगें। निगम के एक अधिकारी का कहना है कि बसों में गंदगी कि शिकायत बार-बार आने के बाद यह नम्बर जारी किया जा रहा है। बस में साफ-सफाई हमेशा रहे इसके लिए परिवहन मंत्री बस के अन्दर जाकर औचक निरिक्षण कर रहे है। लेकिन फिर भी बस के अन्दर गंदगी मिल रही है। ऐसे में मुख्यालय के एक अधिकारी ने बताया कि 9415049606 या टोलफ्री नम्बर 18001802877 पर फोन कर शिकायत कर सकता है। इसके लिए समय सीमा भी तय कर दिया गया है।

## सौर ऊर्जा वाले उपभोक्ता वेबसाइट से कर सकते हैं नेट मीटरिंग

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के चेयरमैन ने कहा है कि सौर ऊर्जा प्लांट लगाने वाले सिर्फ घरेलू व कृषि (निजी नलकूप) उपभोक्ताओं के लिए ही नेट मीटरिंग लागू है जबकि नेट बिलिंग सभी उपभोक्ताओं के लिए है। उपभोक्ता यूपीपीसीएल की वेबसाइट के माध्यम से नेट मीटरिंग व नेट बिलिंग कर सकते हैं। रविवार को जारी बयान में चेयरमैन ने बताया है कि नेट बिलिंग की व्यवस्था में उपभोक्ता द्वारा सौर ऊर्जा प्लांट से उत्पादित ऊर्जा जो ग्रिड को भेजी जा रही है, उसे 3.58 रुपये प्रति यूनिट की दर से आंकलन कर राशि को उपभोक्ता द्वारा ग्रिड से ली गई ऊर्जा के सामान्य बिल में समायोजित कर दिया जाता है। सौर ऊर्जा उत्पादन करने वाले जिन उपभोक्ताओं ने नेट मीटरिंग अथवा नेट बिलिंग का विकल्प ले रखा है उनकी बिलिंग मीटर रीडर द्वारा मौके पर व विभागीय काउंटर पर की जा रही है। यूपीपीसीएल के रजिस्टर्ड उपभोक्ता वेबसाइट पर नेट बिलिंग और नेट मीटरिंग (घरेलू व निजी नलकूप) के लिए आवेदन वेब सेल्फ सर्विस से कर सकते हैं। इसके लिए आवेदन फार्म यूपीपीसीएल की वेबसाइट पर लाग इन करने पर उपलब्ध है।

## धार्मिक जगहों पर लगेगा सोलर लाइट

**लखनऊ।** धार्मिक जगहों पर कटिया कनेक्शन लगाकर बिजली चोरी किये जाने की शिकायत विभाग के पास आती रहती है। जिसको लेकर मध्यांचल प्रबंधन ने नगर निगम को ऐसे जगहों पर बिजली मीटर नही लगे होने पर सोलर लगाने का प्रस्ताव दिया है। प्रबंधन ने क्षेत्र के अवर अभियंता को ऐसे धार्मिक जगहो को चिहिंत कर रिपोर्ट देने के लिए कहा है। चिहिंत होने के बाद सोलर लाईट लग जायेगी तो बिजली चोरी और शिकायत दोनो बंद हो जायेगी।

# गोमा की सफाई कर 15 कुंतल कचरा निकाला



**लखनऊ।** स्वच्छ पर्यावरण आंदोलन सेना ने रविवार को गोमती नदी की तलहटी से लगभग 15 कुंतल कचरा निकाला। सन्डे फॉर गोमती के तहत प्रातः 5:30 बजे से झूले लाल पार्क गोमती नदी तट पर लगभग 50 से अधिक स्वयं सेवकों ने गोमती नदी स्वच्छता अभियान चलाया। लगभग 2 घंटे चले इस अभियान में स्वयं सेवक, गोमती नदी की तलहटी से बड़ी मात्रा में पालीथीन पैकेट्स फल फूलमाला पूजा विसर्जन सामग्री कांच के टुकड़े मलबा, डायपर तथा सैकड़ों की संख्या में देवी देवताओं की मूर्तियों को बाहर निकालने में सफल रहे। स्वच्छ पर्यावरण आंदोलन सेना का यह लगातार 324वां रविवार था। संयोजक रणजीत सिंह के नेतृत्व में उदय सिंह, बबिता यादव, प्रार्थना वर्मा, मीना पांडेय, प्रीति जैन, अर्चना सिंह, विवेक जोशी, कृपा शंकर वर्मा, रामकुमार बाल्मीकि, आनंद वर्मा, दिनेश दत्त पाण्डेय आदि लोग मौजूद रहे।

# खुदाई के बाद सड़क बनाने की तय होगी समय सीमा

**लखनऊ।** शहरों में सीवर और पाइप लाइन डाले जाने के बाद खुदी सड़कों को बनाने की समय-सीमा तय होगी। निकायों को यह बताना होगा कि कितने समय के लिए सड़कों को काटा जा रहा है और इसे कब बंद किया जाएगा। जलभराव होने की स्थिति में तुरंत इसके निकासी की व्यवस्था करानी होगी। सचिव नगर विकास

- **मानक का पालन न होने से धंस रहीं सड़कें**
- **काटी जाने वाली सड़कों के विषय में लोक निर्माण विभाग को सूचित करेगा**

विभाग अजय शुक्ला ने निकायों को इस संबंध में निर्देश भेजते हुए कहा है कि सड़कों को काटने और उसे बनाने के संबंध में समय-समय पर निर्देश निकायों को दिए जाते रहते हैं। इसलिए इसका कड़ाई से पालन किया जाना चाहिए। इसलिए एक बार फिर से निकायों को निर्देश भेजा जा रहा है। जल निगम पाइप लाइन व सीवर लाइन बिछाने के लिए काटी जाने वाली सड़कों के विषय में लोक निर्माण विभाग को सूचित करेगा। लोक निर्माण विभाग के स्वामित्व वाली शहरी सड़कों को काटने के बाद संबंधित ठेकेदारों के माध्यम से ही इसे बनवाया जाएगा। टेंडर के समय इस शर्तों में जोड़ा जाएगा। सड़कों को कितने समय के लिए काटा जाएगा, इसकी सूचना भी आम लोगों को देनी होगी। इसके लिए निर्माण स्थल पर बोर्ड लगाया जाएगा और उसमें बताया जाएगा कि कितने समय के लिए सड़क को काटा जा रहा है। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद कितनी अवधि में इसका निर्माण कार्य करा दिया जाएगा। यह भी ध्यान रखा जाएगा कि सड़कें धंसने न पाएं। देखने में आया है कि मानक का पालन न किए जाने की वजह से सड़कें धंस जाती हैं, इसलिए ऐसी स्थिति में संबंधित ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# पीएम विश्वकर्मा योजना से यूपी के कारीगरों को मिल रहा लाभ

**लखनऊ।** प्रदेश में पीएम विश्वकर्मा योजना को भी पूरी गंभीरता के साथ संचालित किया जा रहा है। यही वजह है कि मध्य प्रदेश के बाद उत्तर प्रदेश दूसरा ऐसा राज्य है, जहां सर्वाधिक लोगों ने योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन किया है।

उत्तर प्रदेश में 28 लाख से ज्यादा लोगों ने पीएम विश्वकर्मा योजना के लिए आवेदन किया है, जिसमें सर्वाधिक 23

- **टेलर ट्रेड में 23 लाख लोगों ने नामांकन के लिए किया आवेदन**

लाख से ज्यादा आवेदन टेलर (दर्जी) ट्रेड में आए हैं। योगी सरकार सभी ट्रेड में आए आवेदनों का त्रिस्तरीय सत्यापन करके इनका नामांकन सुनिश्चित करेगी। इसके बाद इन्हें आवश्यकतानुसार प्रशिक्षण और लोन की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। अब तक विश्वकर्मा पोर्टल के माध्यम से उत्तर प्रदेश में कुल 28,42,247 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इसमें सर्वाधिक 23,53,792 आवेदन दर्जी ट्रेड में हुए हैं, जबकि इसके बाद राजमिस्त्री (133347), बढ़ई (99027), लोहार (41773), नाई (40848), हैमर एवं टूल किट मेकर (25590), धोबी (24294), कुम्हार (23059), मालाकार (22619), परंपरागत खिलौना बनाने वाले (19130), चटाई और बास्केट बनाने वाले (16067) और सुनार (12733) का नंबर आता है। इसके साथ ही मूर्तिकार (9517), मछली जाला बनने वाले (8563), चमड़े का काम करने वाले (7689), ताला बनाने वाले (3594), आर्मरर (3387) और बोट बनाने वाले (2777) ट्रेड में भी आवेदन प्राप्त हुए हैं। मालूम हो कि पीएम विश्वकर्मा पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन के सापेक्ष त्रिस्तरीय सत्यापन का कार्य जारी है। सत्यापन के साथ ही इन सभी कारीगरों के नामांकन की प्रक्रिया संचालित हो रही है। योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को पीएम विश्वकर्मा सर्टिफिकेट और आईडी कार्ड के साथ स्किल अपग्रेडेशन, टूलकिट इंसेंटिव, क्रेडिट सपोर्ट समेत डिजिटल ट्रांजेक्शन पर इंसेंटिव और मार्केटिंग सपोर्ट जैसे लाभ मिलेंगे।

## बिजलीकर्मियों ने पुरानी पेंशन के लिए पीएम को लिखा पत्र

लखनऊ। विशेष संवाददाता आल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन ने सरकारी कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के बाद सम्मानजनक जीवनयापन की व्यवस्था देने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल का स्वागत किया है। उनसे अनुरोध किया है कि देश भर के पॉवर सेक्टर के कर्मचारियों और इंजीनियरों के लिए भी पुरानी पेंशन व्यवस्था लागू की जाए। इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड के निगमीकरण के समय जारी की गई ट्रांसफर स्कीम, रिफॉर्म एक्ट या इलेक्ट्रिसिटी एक्ट-2003 में यह कहीं पर उल्लेख नहीं है कि निगमीकरण के बाद भर्ती होने वाले कर्मचारियों को पुरानी पेंशन नहीं दी जाएगी। इसके बाद भी यह अन्याय पावर सेक्टर के कर्मचारियों के साथ चल रहा है। फेडरेशन के चेयरमैन शैलेंद्र दुबे द्वारा पीएम को लिखे गए इस पत्र की प्रतिलिपि सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों को भी भेजा है। मुख्यमंत्रियों से मांग की है कि वह अपने राज्य में बिजली कार्मिकों को पुरानी पेंशन देने की व्यवस्था बहाल करें। शैलेंद्र दुबे ने कहा है कि यूनिफाइड पेंशन स्कीम पुरानी पेंशन स्कीम का विकल्प नहीं है तथा यूपीएस और ओपीएस में काफी विसंगतियां हैं। पॉवर सेक्टर के कर्मचारियों की स्थिति सबसे दयनीय है और इस मामले में उन्हें न्याय मिलना चाहिए। यूपी में राज्य बिजली बोर्ड के विघटन के बाद भर्ती होने वाले कर्मचारियों को पावर सेक्टर में पेंशन से वंचित कर दिया गया है।

# बड़ोदरा-मऊ के बीच चलेगी स्पेशल ट्रेन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये यात्री जनता की सुविधा हेतु पूर्व से चलायी जा रही 09195/09196 बड़ोदरा-मऊ-बड़ोदरा साप्ताहिक विशेष गाड़ी का संचलन अवधि का विस्तार वड़ोदरा से 28 दिसम्बर तक प्रत्येक शनिवार को तथा मऊ से 29 दिसम्बर तक प्रत्येक रविवार को एव 09417/09418 अहमदाबाद-

- **अहमदाबाद–दानापुर के बीच चलेगी पूजा स्पेशल**
- **गोरखपुर–बड़ोदरा के बीच चलेगी पूजा स्पेशल ट्रेन**

दानापुर-अहमदाबाद विशेष गाड़ी त्का संचलन अवधि का विस्तार 30 दिसम्बर तक प्रत्येक सोमवार को अहमदाबाद से एवं 31 दिसम्बर तक प्रत्येक मंगलवार को दानापुर तथा 09111/09112 बड़ोदरा-गोरखपुर-बड़ोदरा साप्ताहिक विशेष गाड़ी के संचलन अवधि का विस्तार वड़ोदरा से 30 दिसम्बर तक एवं गोरखपुर से 01 जनवरी तक किया जायेगा।

09195 बड़ोदरा-मऊ सुपरफास्ट साप्ताहिक विशेष गाड़ी 28 दिसम्बर तक प्रत्येक शनिवार को वडोदरा से 19.00 बजे प्रस्थान गोधरा, दाहोद, रतलाम, दूसरे दिन कोटा, बयाना, आगरा फोर्ट,टुण्डला, कानपुर सेण्ट्रल, लखनऊ, सुल्तानपुर तथा वाराणसी होते हुए मऊ 20.45 बजे पहुंचेगी।

वापसी यात्रा में 09196 मऊ-बड़ोहरा सुपरफास्ट साप्ताहिक विशेष गाड़ी 29 दिसम्बर तक प्रत्येक रविवार को मऊ से 23.15 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन वाराणसी, सुल्तानपुर, लखनऊ, कानपुर सेण्ट्रल, टुण्डला, आगरा फोर्ट, बयाना, कोटा, रतलाम तथा दाहोद होकते हुए तीसरे दिन बड़ोदरा से 00.45 बजे पहुंचेगी।इस गाड़ी में वातानुकूलित प्रथम श्रेणी का 01, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 02, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 06, शयनयान श्रेणी के 08, साधारण द्वितीय श्रेणी का 02, जनरेटर सह लगेज यान के 01 तथा एल.एस.एल.आर.डी. का 01 कोच सहित 21 कोच लगाये जायेंगे।

09417 अहमदाबाद-दानापुर विशेष गाड़ी 30 दिसम्बर तक प्रत्येक सोमवार को अहमदाबाद से 09.10 बजे प्रस्थान कर नडियाद, छायापुरी, रतलाम,, कोटा, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, हिण्डौन सिटी, भरतपुर, मथुरा,, कासगंज, फरूर्खाबाद, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, सुल्तानपुर, जौनपुर सिटी,, वाराणसी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर तथा आरा होते हुए दानापुर 20.30 बजे पहुंचेगी।

वापसी में 09418 दानापुर-अहमदाबाद विशेष गाड़ी 31 दिसम्बर तक प्रत्येक मंगलवार को दानापुर से 23.50 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन आरा, बक्सर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., वाराणसी, जौनपुर सिटी, सुल्तानपुर, लखनऊ, कानपुर सेंट्रल, फरूर्खाबाद, कासगंज, मथुरा, भरतपुर, हिण्डौन सिटी, गंगापुर सिटी, तीसरे दिन सवाई माधोपुर, कोटा, रतलाम, छायापुरी, तथा नडियाद होते हुए अहमदाबाद 11.10 बजे पहुंचेगी।

इस गाड़ी में वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 02, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 6, शयनयान श्रेणी के 08, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 4, एलएसएलआरडी के 01 तथा जनरेटर सह लगेज यान का 01 कोच सहित कुल 22 कोच लगाये जायेगे। 09111 बड़ोदरा-गोरखपुर साप्ताहिक विशेष गाड़ी 30 दिसम्बर तक प्रत्येक सोमवार को बड़ोदरा से 19.00 बजे प्रस्थान कर गोधरा, रतलाम, दूसरे दिन कोटा, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, भरतपुर, आगरा फोर्ट, टुण्डला, शिकोहाबाद, मैनपुरी जं., फरूर्खाबाद, कानपुर सेण्ट्रल, लखनऊ, बाराबंकी, गोण्डा तथा बस्ती होते हुए गोरखपुर रात 23.30 बजे पहुंचेगी।

वापसी यात्रा में 09112 गोरखपुर-बड़ोहरा साप्ताहिक विशेष गाड़ी 01 जनवरी तक प्रत्येक बुधवार को गोरखपुर से 05.00 बजे प्रस्थान कर बस्ती, गोण्डा, बाराबंकी, लखनऊ, कानपुर सेण्ट्रल, फरूर्खाबाद, मैनपुरी जं., शिकोहाबाद, टुण्डला, आगरा फोर्ट, भरतपुर, गंगापुर सिटी, सवाई माधोपुर, दूसरे दिन कोटा, रतलाम तथा गोधरा होते हुए वड़ोदरा से 08.35 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी में वातानुकूलित प्रथम श्रेणी का 01, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 02, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 06, शयनयान श्रेणी के 08, साधारण द्वितीय श्रेणी का 02, जनरेटर सह लगेज यान के 01 तथा एल.एस.एल.आर.डी. का 01 कोच सहित 21 कोच लगाये जायेंगे।

# गौशाला को आत्मनिर्भर बनाया जाये : एके शर्मा



**लखनऊ।** नगर विकास मंत्री अरविन्द शर्मा ने नादरगंज अमौसी स्थित कान्हा उपवन गौशाला का निरीक्षण किया। जन्माष्टमी के पावन पर्व पर गौपूजन किया गया तथा बाड़ों में जाकर गायों को गुड़ भी खिलाया। साथ ही बेल के पौधे का रोपण भी

- **नगर विकास मंत्री ने कान्हा गौशाला का किया निरीक्षण**

किया। मंत्री ने गोल्फ कार्ट पर बैठकर पूरे परिसर का अवलोकन किया। इस दौरान नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह भी मौजूद रहे।

उन्होंने गौशाला में कुछ स्थानों पर शेड के विस्तार के लिए निर्देश दिए। गौशाला को आत्मनिर्भर बनाये जाने पर बल दिया। गौशाला से दूध तथा गोबर की बिक्री की जानकारी ली। अपर नगर आयुक्त डॉ. अरविंद राव ने मंत्री को अमृत योजना के अंतर्गत विकसित किये जा रहे कान्हा और राधा सरोवर के निर्माण की जानकारी दी। गायों में की पॉलिथीन निकालने की शल्य क्रिया रूमनोटॉमी की भी जानकारी दी। मंत्री ने गायों का जीवन बचाने के प्रयासों की सराहना की। कहा किसी भी बड़े आयोजन की व्यवस्था में कई दिन लगते हैं। पशु कल्याण अधिकारी डॉ. अभिनव वर्मा ने बताया कि गौशाला में 10000 गौवंशों की प्रतिदिन सेवा और उनके आहार की व्यवस्था की जा रही है।

## ऑटो व ई रिक्शा चालकों की मनमानी जारी

**लखनऊ।** आलमबाग नटखेडा रोड पर आटो ई रिक्शा चालकों की मनमानी से व्यपारी परेशान है। आलमबाग नटखेड़ा रोड यूवा व्यापार मंडल के अध्यक्ष मनीष अरोड़ा ने बताया कि आलमबाग के नटखेड़ा रोड पर आटो ई रिक्शा चालकों की मनमानी लगातार जारी है। जिसके चलते व्यपारियों का व्यपार प्रभावित हो रहा है और पुलिस आटो ई रिक्शा चालकों पर कार्रवाई करने की बजाय मूकदर्शक बनी हुई है। वही व्यपार मण्डल के अध्यक्ष मनीष अरोडा.सहित व्यपारियों राजेश बत्रा उपकार सिंह, राजन सोनकर, राजन सोनकर, राजन संतोष तिवारी, कुशल खटवानी, गौतम नागपाल का कहना था कि उन्होंने व्यापारियों संग कुछ माह पहले पुलिस कमिश्नर लखनऊ अमरेन्द्र सेगर को ज्ञापन सौप अपनी समस्याओं से अवगत करा अगामी त्यौहारों के मद्देनजर बाजार में पुलिस गश्त की मांग करने के साथ आटो व ई रिक्शा चालकों के मनमानी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। लेकिन उसके बावजूद आटो ई रिक्शा चालकों की मनमानी लगातार जारी है और पुलिस त्यौहारों में भी गस्त के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति करती है और चंदर नगर चौकी इंचार्ज आटो ई रिक्शा चालक पर कार्रवाई करने से कतराते है और आटो ई रिक्शा चालकों की मनमानी के चलते व्यपारियों की समस्या दिनों प्रतिदिन बढती जा रही है और व्यापार प्रभावित हो रहा है।

## राधा कृष्ण बनकर बच्चों ने किया मंत्रमुग्ध



**लखनऊ।** कानपुर रोड स्थित सेक्टर डी में संचालित ऑवर लिटिल एंजेल्स होम स्कूल प्रांगण में शनिवार को तीन दिवसीय श्री कृष्ण जन्मोत्सव का नन्हे मुन्ने बच्चों की अटखेलियों और नृत्य संग समापन किया गया। इस अवसर पर श्री कृष्ण लीला में सराबोर नन्हे मुन्ने बच्चे आकर्षण का केंद्र बने रहे और बच्चों ने सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। वही राधा कृष्ण, बलराम, सुदामा, वासुदेव, ग्वाले, गोपियों के रूप में आए नन्हे मुन्ने बच्चों को देख हर कोई भाव विभोर हो उठा। वही स्कूल की प्रधानाचार्या सुमन उपाध्याय ने नन्हे मुन्ने बच्चों को उपहार भेंट कर तीन दिनों से चल रहे श्री कृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम का समापन किया। इस दौरान स्कूल की शिक्षक शिक्षिकाएं सहित अभिभावक मौजूद रहे।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108

# पुलिस भर्ती में 39072 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा, 19662 हजार ने छोड़ी





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी नागरिक पुलिस पदों पर सीधी भर्ती-2023 की लिखित परीक्षा को सूर्य पाल गंगवार द्वारा विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर निरीक्षण किया। निरीक्षण की शुरूआत बालिका विद्या निकेतन स्थित परीक्षा केंद्र से की गई। परीक्षा केंद्र पहुंच कर परीक्षा के सुचारू संचालन के संबंध में एग्जामिनेशन रूम, परीक्षा पर्यवेक्षकों की व्यवस्था को देखा। प्रथम पाली में विद्यत हिंदू पीजी कॉलेज का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया। केंद्र व्यवस्थापको को नकल विहीन पूरी पारदर्शिता के साथ परीक्षा संपन्न कराने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी के द्वारा परीक्षा केंद्रों के निरीक्षण द्वितीय पाली में भी जारी रहे। द्वितीय पाली में जिलाधिकारी द्वारा निशातगंज स्थित राजकीय इंटर कॉलेज, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस राजकीय महिला डिग्री कालेज व कालीचरण इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया गया। डीएम ने परीक्षा केंद्र पहुंच कर सभी व्यवस्थाओ का निरीक्षण किया। शांतिपूर्ण व नकल विहीन परीक्षा सम्पन्न कराने के उद्देश्य से सेक्टर मजिस्ट्रेट व जोनल मजिस्ट्रेट की भी ड्यूटी लगाई गई है। साथ ही सभी समस्त केंद्रों पर मोबाईल जैमर की भी व्यवस्था को सुनिश्चित कराया गया है, ताकि नकल विहीन परीक्षा को सम्पन्न कराया जा सके। जिलाधिकारी ने बताया कि रविवार को जिले के 81 केंद्रों पर उक्त परीक्षा सम्पन्न कराई जा रही है। जिसमे आज प्रति पाली 39072 परीक्षार्थी सम्मिलित हो रहे थे। जिसमे प्रथम पाली में कुल 9985 परीक्षार्थी और द्वितीय पाली में कुल 9677 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

**तीसरे दिन की भी परीक्षा सकुशल सम्पन्न:** यूपी सिपाही भर्ती परीक्षा का तीसरा दिन भी सकुशल बीत गया। अब दो दिन की परीक्षा और होनी है। यह परीक्षा 30 और 31 अगस्त को होनी है। परीक्षा शुरू होने से पहले चेकिंग के दौरान अभ्यर्थियों के दस्तावेज संदिग्ध पाए गए, हालांकि उन्हें परीक्षा देने की अनुमति दे दी गयी। इन सभी के दस्तावेजों की स्क्रूटनी बोर्ड द्वारा आगे की जाएगी। बता दें कि सिपाही भर्ती परीक्षा के शुरूआती दो दिनों के दौरान कुल 17 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। वहीं पुलिस ने अब तक 15 मुकदमे दर्ज किए हैं। रविवार को लगातार तीसरे दिन वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने बताया कि निष्पक्ष परीक्षा सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। शुक्रवार को शुरू हुई भर्ती परीक्षा 31 अगस्त को समाप्त होगी। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के अनुसार, यह परीक्षा 23, 24, 25, 30 और 31 अगस्त को दो पालियों में आयोजित की जा रही है। पेपर लीक के आरोपों के बाद इसी वर्ष 17 और 18 फरवरी को आयोजित परीक्षा रद्द होने के बाद 60,000 से अधिक पदों को भरने के लिए नई भर्ती प्रक्रिया आवश्यक हो गई थी।



**परीक्षार्थियों की भीड़ से मची रही अफरातफरी:** पुलिस भर्ती परीक्षा के तीसरे दिन भी चारबाग, लखनऊ जंक्शन समेत अन्य रेलवे स्टेशनों समेत बस अड्डों पर परीक्षार्थियों की भारी भीड़ रही। अभ्यर्थी और यात्री खिड़कियों से सीटों तक पहुंचने की जद्दोजहद करते रहे। रविवार शाम को परीक्षा खत्म होने के बाद अभ्यर्थियों की भीड़ दोपहर बाद से चारबाग, लखनऊ जंक्शन, गोमतीनगर, बादशाहनगर रेलवे स्टेशनों समेत चारबाग, आलमबाग, कैसरबाग समेत अधोध्या मार्ग पर अवध वस अड्डे पर भीड़ उमड़नी शुरू हो गई। यह सिलसिला देर रात तक बना रहा। ट्रेनों की जनरल बोगियों से लेकर एसी कोचों तक में अभ्यर्थियों का कब्जा रहा। प्लेटफॉर्मों पर अभ्यर्थियों की भीड़ से आम यात्रियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा। उधर आलमबाग, चारबाग, कैसरबाग, अवध बस अड्डों पर अभ्यर्थियों को निःशुल्क बस सेवाएं दी जा रही हैं। ऐसे में परीक्षा के बाद पहुंचे अभ्यर्थियों से अव्यवस्थाएं हो गईं। बसों में भीड़ उमड़ने से आम यात्रियों के लिए मुश्किलें सामने आईं। रोडवेज प्रशासन के इंतजाम नाकाफी साबित हुए। परीक्षार्थी खिड़कियों से सीटों तक पहुंचने का प्रयास करते रहे। वहीं तय क्षमता से अधिक यात्रियों के साथ बसें चलती रहीं और अफसर भीड़ छंटने का इंतजार करते रहे।

## चारबाग में परीक्षार्थियों की भीड़ जीआरपी-आरपीएफ ने संभाली

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** आरक्षी पुलिस भर्ती परीक्षा के तीसरे दिन भी चारबाग, लखनऊ जंक्शन समेत अन्य रेलवे स्टेशनों पर परीक्षार्थियों की भीड़ रही। आरपीएफ-जीआरपी मोर्चा संभालती नजर आई। बस अड्डों पर अभ्यर्थी और यात्रियों ने खिड़कियों से सीटों तक पहुंचने की जद्दोजहद करते नजर आए। रविवार शाम को परीक्षा खत्म होने के बाद अभ्यर्थियों की भीड़ दोपहर बाद से चारबाग, लखनऊ जंक्शन, गोमतीनगर, बादशाहनगर आदि रेलवे स्टेशनों पर उमड़नी शुरू हो गई। यह सिलसिला देर रात तक बना रहा। ट्रेनों की जनरल बोगियों से लेकर एसी कोचों तक में अभ्यर्थियों का कब्जा रहा। दो दिनों की तुलना में रविवार को आरपीएफ, जीआरपी जवान व्यवस्?थाओं को संभालने में सक्षम नजर आए। ट्रेनों में रिजर्वेशन करवाकर सफर करने वाले यात्रियों की सीटों से अभ्यर्थियों को हटवाया।

**महिला बोगियों को खाली कराया:** महिला बोगियों को खाली करवाकर महिलाओं को सीटें दिलवाईं गई और लगेज कोच से भी अभ्यर्थियों को हटाया गया। इस बीच लखनऊ से मुरादाबाद व वाराणसी रूट के लिए स्पेशल ट्रेनें चलाई गईं, जिससे अभ्यर्थी रवाना हो गए। हालांकि रात में व्यवस्थाएं कुछ गड़बड़ा गईं। प्लेटफॉर्मों पर अभ्यर्थियों की भीड़ से आम यात्रियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा। सीटों पर काबिज अभ्यर्थियों को हटाने में नोकझोंक भी हुई।

**बस अड्डों के इंतजाम नाकाफी:** आलमबाग, चारबाग, कैसरबाग, अवध बस अड्डों पर अभ्यर्थियों को निःशुल्क बस सेवाएं दी जा रही हैं। ऐसे में परीक्षा के बाद पहुंचे अभ्यर्थियों से अव्यवस्?थाएं हो गईं। बसों में भीड़ उमड़ने से आम यात्रियों के लिए मुश्किलें सामने आईं। रोडवेज प्रशासन के इंतजाम नाकाफी साबित हुए। परीक्षार्थी खिड़कियों से सीटों तक पहुंचने का प्रयास करते रहे। वहीं तय क्षमता से अधिक यात्रियों के साथ बसें चलती रहीं और अफसर भीड़ छंटने का इंतजार करते रहे।




हिंदी संस्थान में पुस्तक बंधु कुशवर्ती का विमोचन करते अभय दुबे व अन्य

## बाल साहित्यकार बंधु कुशावर्ती को मिला मोहिनी-श्याम सम्मान

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान के निराला सभागार में बाल साहित्यकार और समालोचक बंधु कुशावर्ती को अनिमेष फाउंडेशन द्वारा मोहिनी-श्याम पुरस्कार से अलंकृत किया गया। यह सम्मान उन्हें फ्लाइंग ऑफिसर अनिमेष श्रीवास्तव की स्मृति में आयोजित अनिमेष स्मृति व्याख्यान समारोह में दिया गया। इस अवसरपर बंधु कुशावर्ती जी की पुस्तक 'बाल साहित्यालोचन अभिनव हस्तक्षेप' का विमोचन भी किया गया। कर्नल आर एस बघेल ने फलाइंग ऑफिसर के साथ ट्रेनिंग के दौरान अपनी यादों को साझा किया। सभी वक्ताओं ने अनिमेषको विम्र और भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मुख्य वक्ता प्रो. अभय कुमार दुबे ने कहा कि दुनिया में कोई ऐसा लोकतंत्र हुआ और न होगाजहां बहुसंख्यकवादी आवेग न हो। भारत में वैसे भी राजनीतिक एकता तराजू में मेढ़क तौलने जैसी है। बंधु कुशावर्ती ने कहा कि हम बड़ेलोग भी अपने बचपन को भूलकर बच्चों पर इतने प्रतिबंध लगा देते हैं कि लागता है कि उन्हें बच्चा होनाही नहीं चाहिए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मंगलमूर्ति, अशोकचंद्र, दीपक श्रीवास्तव, योगीन्द्र द्विवेदी , दयाशंकर राय आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर डॉ. भगवान सिंह कटियार, सुशील सीतापुरी, प्रतुल जोशी, सियाराम पांडेय 'शांत' , वीरेंद्र सिंह, संतराम गुप्त जैसे शहर के अनेक गणमान्य साहित्यकार और पत्रकार मौजूद रहे।

## कई राउण्ड फायरिंग कर बदमाशों ने तीन घरों को बनाया निशाना

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बंथरा इलाके के नारायणपुर गांव में शनिवार को चोरों ने धावा बोलकर तीन घरों को निशाना बनाया। चोरों ने हजारों की नकदी सहित लाखों के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। इस दौरान चोरों ने कई राउंड हवाई फायरिंग की। जिससे कई घंटे दहशत का माहौल बना रहा। इस दौरान पुलिस ने चोरों को पकड़ने के लिये काफी प्रयास किये गये, लेकिन सफलता नहीं मिली। हरौनी चौकी अन्तर्गत नारायणपुर गांव में शनिवार की रात करीब डेढ़ बजे चोरों ने सुजीत सिंह के घर को निशाना बनाया। पीड़ित ने बताया कि वह बाहर वाले कमरे में सो रहा था। रात करीब डेढ़ बजे आंख खुली तो दरवाजा बाहर से बन्द था। कई बार प्रयास किया तो दरवाजा खुल गया। देखा की घर के मेन दरवाजे की कुंडी कटी हुई है। अंदर जाकर देखा तो कमरे में रखी अलमारी का लॉकर काट कर 10 हजार रुपए की नकदी सहित लाखों रुपए के जेवरात पार कर दिया। वही गांव के निवासी श्याम सिंह के घर में पीछे दीवार के सहारे चढ़ कर घर में दाखिल हुए चोरों ने कमरे में रखे बैग से 10हजार रूपये की नगदी लेकर फरार हो गए। वही करुणेश सिंह के घर से चोरों ने बक्सा खोलकर 10हजार रूपए सहित लाखों रुपए के जेवरात उठा ले गए। इसके बाद अब्दुल रज्जाक के घर को चोरों ने निशाना बनाना चाहा। लेकिन सफलता न मिली तो फायर करते हुए मौके से भाग निकले।

**चोर को पकड़ा:** वहीं नारायणपुर गांव निवासी अब्दुल रजाक के घर को चोरों ने निशाना बनाना चाहा तो उसकी पत्नी रेशमा की आंख खुल गई। आहट सुनकर बेटे इरफान को आवाज दी। इतने में चोर दरवाजे से बाहर निकला तो उसका बैग गिर गया। इरफान बाहर निकलते ही चोर को दबोच लिया । चोर के हाथ में अवैध हथियार था । उसने इरफान से कहा कि छोड़ दो नहीं तो गोली मार दूंगा। यह कहते ही चोर ने जमीन में फायर झोंक दी। जिससे इरफान डर गया और चोरों को छोड़ दिया । चोर ने कुछ दूरी पर जाकर दो बार फायर कर भाग निकले।

**पुलिस पर भी किया फायर:** सूचना पाकर मौके पर हरौनी चौकी प्रभारी नीरज सिंह, उपनिरीक्षक अरविन्द यादव व कांस्टेबल देवेन्द्र कुमार मौके पर पहुंचे और उच्च अधिकारियों को घटना की जानकारी दी। उप निरीक्षक अरविंद यादव व कांस्टेबल देवेंद्र कुमार चोरों की तलाश में सादुल्लाह नगर की तरफ बढ़े तो रौतापुर मोड़ के आगे पांडे आटा चक्की के आगे पीपल के पेड़ के पास कुछ लोग के होने की आहट मिली। जिस पर उप निरीक्षक ने गाड़ी खड़ी कर चोरों का पीछा करने लगे। जिस पर चोरों ने पुलिस पर भी करीब दो राउंड फायर कर दिया। जिससे पुलिस पीछे हट गयी। जिससे चोर फरार होने में कामयाब हो गए। एक ही गांव में कई घरों में एक साथ घटना को अंजाम देना किसी एक व्यक्ति का काम नहीं है। अंदाजा लगाया जा रहा है कि आधा दर्जन से अधिक लोगों ने घटना को अंजाम दिया है। घटना को अंजाम देने से पहले पूरी तरीके से रैकी की गयी है। पुलिस ने पीड़ितों की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर पूरे घटनाक्रम की जांच पड़ताल कर रही है।

## गोमती नगर में दो चोरों को पुलिस ने पकड़ा

**लखनऊ।** गोमतीनगर थाने की पुलिस ने चोरी की घटना में शामिल दो चोरों को गिरफ्तार कर लिया। गोमतीनगर व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम ने रेलवे लाइन पानी की टंकी के पास विनीत खण्ड से दो चोरों अली हुसैन व सैज हुसैन उर्फ फैय्याज को गिरफ्तार कर लिया गया। जिनके पास से चोरी किये गये सोने-चॉदी के आभूषण, एक बुलेट मोटर साइकिल समेत एक कार बरामद की गयी है। अभियुक्त सैज हुसैन उर्फ फैय्याज के विरूद्ध जनपद बाराबंकी, कमिश्नरेट लखनऊ के विभिन्न थानों पर चोरी, आर्म्स एक्ट आदि के लगभग एक दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं।

## तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से मजदूर की मौत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** दुबग्गा में शनिवार देर रात सड़क पार कर रहे मजदूर को तेज रफ्तार वाहन ने रौंद दिया। मौके पर ही उनकी मौत हो गई। हरदोई के अतरौली निवासी कमलेश गौतम के मुताबिक भाई मजदूर कौशलेंद्र गौतम (35) दुबग्गा इलाके में काम करता था। वह डिवाइडर पर ही सो जाता था। शनिवार देर रात कौशलेंद्र हरदोई कानपुर बाईपास पर नोबल हॉस्पिटल के पास सड़क पार कर रहा था। तभी बुद्धेश्वर की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार वाहन ने उसे रौंद दिया। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने उसे अस्पताल भेजवाया। जहां डॉक्टरों ने कौशलेंद्र को मृत घोषित कर दिया। परिवार में बेटा आदित्य (15) व बेटी आयुषी (9) है। इंस्पेक्टर अभिनव वर्मा ने बताया कि भाई कमलेश की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

**छत से गिरकर सचिवालय कर्मी की मौत:** ठाकुरगंज में घर की दूसरी मंजिल से गिरकर सचिवालय कर्मी जय किशन (55) की मौत हो गई। बालागंज एकता नगर निवासी जय किशन (55) सचिवालय में चतुर्थ श्रेणी पद पर कार्यरत थे। भतीजे पंकज ने बताया कि रविवार सुबह आठ बजे चाचा जय किशन दूसरी मंजिल पर लगे पौधों में पानी डाल रहे थे।

### घर में में आग लगने से मां- बेटा झुलसे

लखनऊ। काकोरी के कुशमौरा में रविवार को घर में खाना बनाते समय सिलेंडर में आग लग गई। आग की चपेट में आकर खाना बना रही महिला झुलस गई। चीख पुकार सुन बचाने पहुंचा बेटा भी आग की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। वहीं, शोर सुनकर दौड़ा बड़ा बेटा फिसलकर गिर गया। जिससे उसके दोनों हाथ टूट गए। गनीमत रही की सिलेंडर नहीं फटा नहीं तो बड़ा हादसा हो जाता। कुशमौरा निवासी अरुण गांव में फास्ट फूड का ठेला लगाता था। रविवार दोपहर अरुण की मां राजरानी बरामदे में खाना बना रही थी। इस बीच गैस में रिसाव होने से गैस सिलेंडर में आग लग गई। देखते ही देखते आग आसपास फैल गई। आग की चपेट में आई राजरानी चीख पुकार मचाने लगी।

## गीता परिवार के बच्चों ने धूमधाम से मनाया कृष्ण जन्मोत्सव

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** गीता परिवार की ओर से शास्त्रीनगर-बिरहाना केंद्र के बच्चों ने राजेन्द्रनगर स्थित महाकाल मंदिर में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया। रविवार को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर माखनचोर लीला, रासलीला, फूलों की होली, लमार होली, नटखट कान्हा की विविध लीलाओं, मटकी फोड़ स्पर्धा, श्रीराधाकृष्ण नृत्य नाटिका, वेषभूषा स्पर्धा और श्रीकृष्ण प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक अनुराग पांडेय ने बताया मटकी फोड़ कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बच्चों ने धमाल मचाया और कान्हा ने 21 फीट ऊंची मटकी को फोड़ा। भगवान के जन्मोत्सव पर मंदिर को बिजली की झालरों, गुब्बारे और रंग-बिरंगे फूलों से सजाया गया था। नंद के घर आनंद भयो जय कन्हैयालाल की.... के जयकारों के मध्य श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। नन्हें-मुन्ने बच्चे कृष्ण, राधा व ग्वाल-बाल की रंगबिरंगी परिधानों में वेशभूषा स्पर्धा में नजर आए। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में नटखट कान्हा की लीलाओं का मंचन जो हैं अलबेला, मुकुंदा-मुकुंदा..., वो कृष्णा है..., राधा कैसे न जले... एवं गीता परिवार बाल संस्कार केंद्र के बच्चों ने मनमोहक डांडिया नृत्य प्रस्तुत कर सभी उपस्थित भक्तों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। इस अवसर पर डा. आशु गोयल राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गीता परिवार, अतुल मिश्रा, अरविन्द शर्मा, अनुराग पाण्डेय, पूजा गोयल एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे। डा. आशु गोयल ने जन्माष्टमी के महत्व व भगवान कृष्ण के जीवन से जुड़ी हुई महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के अंत में प्रतियोगिता के विजयी बच्चों को मुख्य अतिथियों ने पुरस्कृत किया। कार्यक्रम के समापन सभी को जन्मोत्सव का प्रसाद वितरित किया गया।


**कार्यालय ग्राम पंचायत घुरघुट्टा बुजुर्ग विकास खण्ड धौरहरा, जिला खीरी**

पत्रांक-मेमो/पंचम राज्य वित्त/15वां केंद्र वित्त/एस.एल.डब्लू.एम./ वित्तीय वर्ष 2024-25 दिनांक 24.08.2024

**निविदा सूचना**

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में पंचम राज्य वित्त, 15वां केंद्र वित्त व एस.एल.डब्लू.एम. आदि योजनांतर्गत प्राप्त धनराशि से ग्राम पंचायत घुरघुट्टा बुजुर्ग में स्वीकृत कार्ययोजना के सापेक्ष में निम्न लिखित विवरण के अनुसार आपूर्ति किये जाने हेतु निविदायें आमंत्रित हैं। इच्छुक अनुभवी पंजीकृत फर्मों से उनकी निविदायें सीलबंद लिफाफे में दिनाँक 30.08.2024 को समय 12 बजे तक कार्यालय में रखे निविदा बॉक्स में आमंत्रित हैं, जोकि उसी दिनांक को 02 बजे निविदादाताओं, प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएंगी। निविदा की दरें समस्त व्यय व कर सहित दी जायें, अलग से कोई भी व्यय देय नहीं होगा। किसी भी एक अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने एवं सामग्री की मात्रा को आवश्यकतानुसार कम या अधिक क्रय करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | मात्रा |
|---|---|---|
| 1 | ई-रिक्शा क्रय कार्य। | 1 नग |

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत घुरघुट्टा बुजुर्ग
विकास खण्ड धौरहरा, खीरी

ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत घुरघुट्टा बुजुर्ग
विकास खण्ड धौरहरा, खीरी



**कार्यालय ग्राम पंचायत मदनापुर वि.ख.-खीरों, रायबरेली**

पत्रांक- मेमो / मनरेगा / टेण्डर नोटिस / 2024-25 दिनांक : 21.08.2024

**टेण्डर नोटिस**

मनरेगा/कनवर्जेन्स योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत मदनापुर की वर्ष 2023-24 की कार्य योजना में सम्मिलित निम्नलिखित कार्य को सम्पादित कराये जाने के लिए निम्नांकित सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक आपूर्तिकताओं से 06.09.2024 को समय 03:00 बजे तक सीलबन्द टेण्डर आमन्त्रित किये जाते है, जो उसी दिन अपरान्हः 04:00 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा टेण्डरदाता अथवा उसके प्रतिनिधि के समक्ष खोले जायेगे। किसी भी टेण्डर को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। टेण्डर फार्म नोटिस निर्गत होने की तिथि से टेण्डर जमा करने की तिथि के एक दिन पूर्व तक किसी भी कार्य दिवस में अपरान्ह 02:00 बजे से 04:00 बजे के मध्य अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से रू0 500/- नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है । टेण्डर डालते समय टेण्डरदाता को धरोहर धनराशि ग्राम पंचायत को एफ०डी०आर० / नकद के रूप में जमा करनी होगी।

| क्र सं. | सामग्री का विवरण | मात्रा | अनुमानित लागत | धरोहर धनराशि | आपूर्ति हेतु अवधि | आपूर्ति स्थल/ कार्य का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ब्रिक एम 150 (प्रथम श्रेणी ईट) | 16063 नग | 117480 | 2350.00 | 3 माह | प्रा.वि. मदनापुर में ऑगनबाडी केन्द्र का निर्माण कार्य। |
| 2. | सरिया | 1580 कि.ग्रा. | 135918 | 5000.00 | | |
| 3. | खिडकी, दरवाजा, शटर, वैन्टिलेटर | 18 वर्ग मीटर, 536 कि.ग्रा., | 65186 48069 | | | |

**प्रतिबन्ध निर्देशः-**
1. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति आदेश निर्गत होने के पूर्व सामग्री मूल्य की 3 प्रतिशत धनराशि जमानत हेतु एफ.डी.आर./नकद के रूप में जमा करनी होगी।
2. सामग्री की आपूर्ति कार्यस्थल पर करनी होगी।
3. बिल का भुगतान नियमानुसार किया जायेगा।

सचिव ग्राम पंचायत
ग्रा.पं. मदनापुर खीरों रायबरेली


## फर्जी जन्मप्रमाण पत्र बनाने वाले गिरोह का एक और सदस्य गिरफ्तार

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** ग्राम विकास अधिकारी की जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र पोर्टल की आईडी-पासवर्ड का दुरुपयोग करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी रविकेश को एटीएस ने रायबरेली से गिरफ्तार कर लिया है। वह बिहार के दरभंगा का रहने वाला है। उस पर 25 हजार रुपये इनाम था।

रविकेश ने कुबूला है कि दो साल में उसने यूपी व बिहार के चार लाख लोगों के फर्जी जन्म प्रमाण पत्र और करीब पांच हजार लोगों के फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनाए हैं। रायबरेली का फजीवाड़ा सामने आने पर उसका नाम सामने आया था। रायबरेली के सलोन थाने में एफआईआर दर्ज हुई थी। 17 आरोपी पहले से जेल में है। एटीएस के आईजी नीलाब्जा चौधरी के मुताबिक रविकेश दरभंगा के बिउनी गांव का है। रायबरेली में फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाने के प्रकरण में वह नामजद था। शनिवार को रविकेश के लखनऊ में होने की जानकारी मिली थी। इसके बाद ही उसे पकड़ लिया गया। रविकेश ने एटीएस को बताया कि उसने वर्ष 2022 में पोर्टल बनाया था। फिर फेसबुक के जरिये यूपी व बिहार के कई लोगों अपने गिरोह में शामिल किया। इसमें जनसुविधा केन्द्र के कई संचालक भी थे। उसके पोर्टल पर करीब 4100 यूजर दिख रहे हैं। इसमें 1500 यूजर लगातार सक्रिय है। रविकेश ने दावा किया कि फर्जी प्रमाण पत्र से उसे तीन-चार हजार रुपये रोज कमाई होती थी। उसने यूपी व बिहार के कई लोगों के लिए फर्जी जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र बनाए। उसने एटीएस को बताया कि दो साल में करीब चार लाख फर्जी जन्म प्रमाण पत्र व पांच हजार फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनाये। रायबरेली के ग्राम विकास अधिकारी की मूल आईडी व पासवर्ड का दुरुपयोग कर जब फर्जी प्रमाण पत्र बनाए जाने लगे जब उसके गिरोह का खुलासा हो गया था। इस प्रकरण में अब तक 17 आरोपी विजय यादव, जीशान खान, सुहेल, रियाज, गोविन्द केशरी, आकाश, सलमान अली उर्फ गुरु, संजीव सिंह, वैभव उपाध्याय, शाहनवाज, आरिफ अली, शहनवाज, धीरज, राजन उर्फ देवमणि, नीरज, अरमान और सतीश सोनी जेल जा चुके हैं। इसमें आरिफ समेत सात आरोपी को एटीएस ने गिरफ्तार किया था।

**कस्टम चार्ज के नाम पर महिला से ठगी:** कृष्णा नगर कोतवाली में महिला ने कस्टम चार्ज के नाम पर 1 लाख 65 हजार रुपये ठगने पर मुकदमा दर्ज कराया है। प्रभारी निरीक्षक पी के सिंह ने बताया कि सिन्धु नगर निवासी अर्चना सिंह के अनुसार बीती 19 अगस्त को कालर ने उनका पार्सल दिल्ली एयरपोर्ट पर होने की बात कह कस्टम चार्ज के नाम पर 45 हजार रुपये का भुगतान कर दिया। पीडिता का कहना था कि उसके बाद जालसाजों ने उन्हें दोबारा फोन कर बताया कि उनके पार्सल के अंदर एक बैग है और उसके अंदर मुद्रा है। जिसे भारत की मुद्रा मे बदलने के लिए उन्हें 1 लाख 20 हजार का भुकतान और करना पड़ेगा। उसके वाद ये पैक उन्हें रिसीव करा दिया जाएगा। जिसपर पीडिता ने 1 लाख 20 हजार रुपये की राशि का और भुगतान भी कर दिया। जिसके बाद तीसरी बाद फिर से 2 लाख 50 हजार रुपये की राशि की मांग की गयी। ठगी का एहसास होने पर उन्होंने साइबर क्राइम नम्बर पर शिकायत करने के साथ साइबर सेल सहित स्थानीय थाने में पुलिस से शिकायत की। वही पुलिस के अनुसार पीडिता की शिकायत पर आईटी एक्ट की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## स्वास्थ्य कर्मी समेत दो घरों में चोरी

**लखनऊ।** चोरों ने स्वास्थ्य कर्मी समेत दो घरों में चोरी में चोरी की वारदात को अंजाम देकर आराम से फरार हो गये। गुडंबा थाना प्रभारी नितीश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि मिश्रपुर निवासी मुकेश अवस्थी मिक्चर मशीन के कारोबारी है। जिन्होंने बताया कि वह 18 अगस्त को परिवार के साथ रक्षाबंधन मनाने अपने गांव घइसा सीतापुर गए थे। इस दौरान चोरों ने घर से कमरों और अलमारियों का ताला तोड़कर एक लाख नगदी सहित करीब पांच लाख के जेवरात चोरी करके भाग गए। पड़ोस के घर लगे सीसीटीवी फुटेज में चोर 21 अगस्त की रात दो बजे में घुसते हुए और पांच बजे निकलते हुए दिखाई दिए है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश की जा रही है। उधर मड़ियांव क्षेत्र के इंद्रदेव निवासी लेन-12 न्याय विहार कॉलोनी आईआईएम रोड में पत्नी शकुंतला और दो बेटियां कनक और कलश के साथ रहते है। इंद्रदेव स्वास्थ्य विभाग में सुपरवाइजर के पद पर सीतापुर में कार्यरत है। उन्होंने बताया कि बीती 13 अगस्त की रात घर बंद करके वह आईआईएम रोड पर अपने बड़े भाई चंद्रदेव से मिलने गए थे। देर रात पड़ोसियों ने चार लोगों को घर से भागते देखा। जो शोर मचाने पर वह मोटरसाइकिल और कार से भाग निकले। चोरों ने घर से एक लाख पचास हजार की नगदी सहित पांच लाख के जेवरात चुरा लिये।


जन्माष्टमी के लिए पुलिस लाइन में झांकी सजाते कारीगर


जन्माष्टमी पर रंग-बिरंगी झालरों से जगमगाते मंदिर


कान्हा का रूप धरे बच्चा


पुलिस लाइन में जन्माष्टमी के लिए सजी झांकी

सभी फोटो-अमित वर्मा

# आज आधी रात जन्मेंगे कान्हा, महाभिषेक के साथ लगेगा 56 भोग

## बाजारों में लड्डू गोपाल, झूला, मुकुट, कपड़े की भक्तों ने खूब की खरीदारी, रंग-बिरंगी लाइटों से सजे घर और मंदिर





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी 26 अगस्त को शहर भर में हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी।जिसको लेकर तैयारी तेजी से हो रही है। मंदिरों में पंडाल लग रहे है, रंग-बिरंगी झालरों से सजावट की जा रही है। वृन्दावन से आए कारीगर भगवान का भव्य श्रृंगार करेंगे। आधी रात को जैसे जगत के पालनहार अवतरित होंगे हर तरफ कान्हा की जयकार गूंजने लगेगी।इस मौके पर राधा-कृष्ण का जलाभिषेक और 56 भोग लगाया जायेगा। भक्त घर से ही प्रभु के दर्शन कर सकें इसके लिए पूजन और आरती का ऑनलाइन प्रसारण भी किया जाएगा। वहीं पुलिस लाइन में भी कार्यक्रम को लेकर तैयारी तेजी से चल रही है।

जन्माष्टमी पर मंदिरों से लेकर घरों तक कान्हा के जन्म उत्सव की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं।कहीं पर भगवान रत्नजड़ित कपड़े पहनेंगे तो कहीं पर चांदी के पालने में उनको झुलाया जाएगा।शहर के विभिन्न मंदिरों में श्री कृष्ण जन्मोत्सव के आयोजन होंगे, जिसमें हरि नाम संकीर्तन के साथ भगवान का अभिषेक होगा।गणेशगंज में थ्रीडी इफेक्ट के साथ कृष्ण के जन्म से लेकर महाभारत में गीता उपदेश तक की लीलाओं पर लोग झांकी देख सकेंगे। इस्कॉन मंदिर में वृंदावन के कलाकारों के भजन होंगे, पुलिस लाइन में मथुरा के कलाकारों द्वारा मयूर नृत्य कर सांस्कृतिक संध्या होगी। माधव मंदिर डालीगंज में बांके बिहारी के दरबार को गुब्बारों से सजाया जाएगा। पीएसी में होने वाले कृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम में कान्हा के जन्म का सजीव चित्रण होगा।कृष्ण के जन्म पर घरों में भी झांकियां सजाई जाएंगी। इसे लेकर बाजार में दिन भर चहल पहल रही। भक्त नंद गोपाल की मूर्ति, लड्डू गोपाल, झूला, मुकुट, कपड़े आदि सामान खरीदते दिखे। महिलाओं ने झांकियां सजाने के लिए बाजार से खिलौने, फूलों के गुलदस्ते, झालर, कलरफुल लाइटें खरीदी।शाम होते ही शहर के अमीनाबाद, चौक, निशातगंज, नरही, कपूरथला, हजरतगंज में झांकियों का सामान खरीदने वाले लोगों की भीड़ लगी रही।

**पुलिस लाइन में तैयारी जोरों पर:** पुलिस लाइन में जन्माष्टमी को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं।पंडाल बनकर तैयार हो रहा है। भगवान कृष्ण के जन्म के बाद बंटने वाला प्रसाद भी बनना शुरू हो गया है। पुलिस मॉडर्न स्कूल व सीएमएस समेत विभिन्न स्कूलों के बच्चे सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देंगे। साथ ही प्रदेश स्तर के कलाकार भी अपनी प्रस्तुति देंगे।

### सर्वार्थ सिद्धि योग में मनेगी कृष्ण जन्माष्टमी

**लखनऊ।** श्रीकृष्ण भक्तों के लिए अगस्त का महीना बेहद खास होने वाला है, क्योंकि इस माह में जन्माष्टमी का पर्व मनाया जाएगा।इस पर्व को हर साल भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाया जाता है।ऐसे में इस साल 26 अगस्त के दिन कृष्ण जन्माष्टमी मनाई जाएगी।ये दिन कृष्ण जी की पूजा को समर्पित है।इस दौरान उपवास रखने का भी विधान है। मान्यता है कि जन्माष्टमी पर व्रत रखने से जीवन में सुख-समृद्धि का वास होता है।

भारत में इस दिन को श्री कृष्ण के जन्म रूप में मनाया जाता है।कृष्ण जन्माष्टमी एक ऐसा पर्व है, जिसकी तैयारी घरों में महीने भर पहले ही शुरू हो जाती है।इस दौरान कई प्रकार की मिठाईयां भी बनाई जाती है, जिसका भोग कृष्ण जी को जन्माष्टमी पर लगाया जाता है।

जन्माष्टमी पर मंदिरों में कई शुभ मांगलिक कार्यक्रम भी किए जाते हैं, जो सभी कान्हा जी को समर्पित होते हैं।वहीं भगवान कृष्ण की जन्मभूमि मथुरा और वृंदावन में इस पर्व को बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है।इस दिन भगवान कृष्ण के बालरूप की पूजा की जाती है।श्री कृष्ण जन्माष्टमी के शुभ दिन पर पूजा के लिए शुभ मुहूर्त देर रात 12:00 से लेकर 12:45 एएम ( अगस्त 27 ) तक रहने वाला है।इस दौरान पूजा की कुल अवधि 45 मिनट तक की है। इस दिन सर्वार्थ सिद्धि योग का भी निर्माण हो रहा है।योग का समय 26 अगस्त दोपहर 03:55 से लेकर 27 अगस्त को सुबह 05:57 तक रहने वाला है।



### 5000 रंग बिरंगे गुब्बारों से सजेगा माधव मंदिर

डालीगंज स्थित श्री माधव मंदिर की संस्था श्री राधा माधव सेवा संस्थान के प्रवक्ता अनुराग साहू ने बताया कि 26 अगस्त साय 7 बजे सास्कृतिक कार्यक्रम शुरू होकर मध्य रात्रि तक चलेगा जिसमे सुप्रसिद्ध भजन गायक अंशु गोस्वामी पगला बाबा, ज्योति गोस्वामी, निशांत शुक्ला, शुभम गुप्ता अपने भजनों का गुलदस्ता पेश करेंगे वही श्री राधा माधव भगवान को बनारसी वस्त्र, चांदी के मुकुंट, देशी विदेशी फूलो से श्रृंगार किया जाएगा पूरे मन्दिर के अंदर बाहर परिसर को एलईडी लाइट, जन्म उत्सव थीम पर 5000से अधिक रंग बिरंगे गुब्बारों से सजाया जाएगा।श्रीकृष्ण भगवान का पंचाभिषेक कर छप्पन प्रकार के व्यजनों का भोग लगाया जाएगा मन्दिर के फेसबुक पेज से लाइव प्रसारण के साथ बाल गोपाल फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता की फोटो अपलोड कर सकेंगे तथा लार्ड कृष्ण संग सेल्फी प्वाइंट लगाया जाएगा।

**वृंदावन में झूलेंगे कृष्ण और राधा:** यहियागंज बिहारी जी मंदिर में बाल गोपाल की झांकी सजकर तैयार है। यहां पर कृष्ण और राधा की सुंदर पेंटिंग तैयार की गई है, जिसमें उन्हें वृंदावन में एक साथ मनोहरी दृश्य में झूलते हुए दिखाया गया है। इसमें माखन चुराते हुए बाल गोपालए गोवर्धन पर्वत उठाते हुए श्रीकृष्ण को भी दिखाया है।

**कान्हा जी के साथ सेल्फी लें:** हर बार की तरह न्यू गणेशगंज में डिजिटल झांकी दर्शकों के लिए सजाई गई है।इस बार यहां आप श्रीकृष्ण के साथ सेल्फी भी ले सकते हैं। सेल्फी विद कान्हा का क्रेज लोगों पर खूब चढ़ेगा।डिजिटल झांकी गुरुवार से रात 8 से 12 बजे तक दर्शक देख सकेंगे।झांकी कृष्ण के जन्म से लेकर उनकी छठी तक चलेगी। डिजिटल झांकी में हर दिन कृष्ण के जीवन की अलग.अलग लीलाओं का प्रदर्शन होगा।

## भगवान श्रीकृष्ण के रंग-बिरंगे वस्त्रों की खूब हुई खरीदारी





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर बाजारों में रौनक बढ़ गई है।कान्हा के जन्मोत्सव मनाने के लिए हर कोई लालायित है। घरों में इसकी तैयारी जोरों पर चल रही हैं। वहीं अमीनाबाद, आलमबाग, चौक, भूतनाथ मार्केट में लड्डू गोपाल के साथ विभिन्न लीलाओं की मूर्तियों के लिए खरीदारों की भीड़ उमड़ रही है। साथ ही ठाकुर जी के झूलों, सिंहासनों, ज्वेलरी व पोशाकों से सज गया है। सराफा बाजार में भी सोने-चांदी के गोपाल, बांसुरी की बिक्री बढ़ गई।

भगवान श्रीकृष्ण रंग बिरंगे वस्त्रों में सजे हैं।जहां पीतल के लड्डू गोपाल सुंदर वस्त्रों में सजकर पालने में झूल रहे हैं।वहीं मनमोहक बांसुरी बजाते कन्हैया भक्तों को रिझाते नजर आ रहे हैं।

बाजार में उपलब्ध भगवान श्रीकृष्ण की मूर्तियां वाराणसी सहित मथुरा व मुंबई में तैयार की गई हैं।वहीं सराफा बाजार में चांदी के झूलों की कीमत 20 हजार रुपये से लेकर एक लाख रुपये तक हैं।वहीं सोने के लडडू गोपाल की कीमत 30 हजार रुपये से लेकर दो लाख रुपये तक है। सर्राफ कारोबारी विनोद महेश्वरी ने बताया कि सोने-चांदी के हल्के झूले और सिंघासन की मांग अधिक है। अधिकांश लोग चांदी का सिंघासन अपने लडडू गोपाल के लिए ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि चांदी का सिंघासन पर लडडू गोपाल भी चांदी के ही बने लोग मांग रहे हैं। वहीं सराफा कारोबारी आदिश जैन ने बताया कि अधिकांश ग्राहक 50 हजार रुपये से कम कीमत वाले सोने के झूले खरीदना पसंद कर रहे हैं।

**पंच धातु के लड्डू गोपाल:** पालने में बैठे नन्हें लड्डू गोपाल, बगल में बैठी सुंदर सी राधा रानी के साथ अब अष्टधातु, पंच धातु में भी मिल रहे हैं। गोर वर्ण, पीतांबरी वर्ण के अलावा श्याम सुंदर, सांवली सूरत और नील वर्ण ठाकुर जी भी भक्तों से सेवा करा रहे हैं। इनका पूरा श्रृंगार भी दुकानों पर है।नीलगिरि चौराहा में सराफा कारोबारी राघव रस्तोगी ने बताया कि कान्हा जी के लिए चांदी के झूले व चांदी के लड्डू गोपाल, राधा-कृष्ण मूर्तियां है। उन्होंने बताया कि कुछ श्रृद्धालुओं ने लडडू गोपाल और झूला सोना की बांसुरी और मुकुट चांदी का बनवाया है।

**खिलौने वाले आइटमों की ज्यादा मांग:** जन्माष्टमी पर ठाकुरजी की झांकी सजाने के लिए भक्तों में खिलौनों की बहुत मांग है। अमीनाबाद के कारोबारी लोकेश रस्तोगी ने बताया कि लड्डू गोपाल के लिए लकड़ी का झूला, पोशाक, मुरली, घुंघुराले बाल, शीशा, जूतियां, पालना लाइटिंग गुब्बारे, सिंहासन, चारपाई, सिंहासन, नग से सजा चश्मा, माखन मटकी, लाइट झालर, कालिया नाग व अन्य खिलौने हैं।



जन्माष्टमी के लिए पुलिस लाइन मंदिर सजधज कर तैयार


पुलिस लाइन में झांकी तैयार करते कारीगर

### इस्कॉन मंदिर में जरी, मोती माणिक से सजेंगे कान्हा

**लखनऊ।** सुशांत गोल्फ सिटी स्थित श्री श्री राधा रमण बिहारी मंदिर इस्कॉन में 26 अगस्त को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महा महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इस मौके पर श्रीराधा रमण जी का जरी, मोती, मणि माणिक की विशेष पोशाक से श्रृंगार होगा। वहीं सुबह से मध्यरात्रि तक धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शृंखला अविरल जारी रहेगी। इस दौरान दोपहर 12 बजे से रात 12 बजे तक दूध, दही, घी, शहद व 1008 तीर्थों से लाए गए जल से श्री राधाकृष्ण जी का महाअभिषेक होगा। इसके साथ ही दोपहर में युवाओं के आध्यात्मिक मार्ग दर्शन के लिए दिव्य चेतना जागृति कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। सुबह 4:30 से नौ बजे मंगला आरती, तुलसी आरती, गुरू पूजा होगी।इसके बाद शाम तक अविरल भजनों की शृंखला जारी रहेगी। संध्या आरती, प्रवचन, महाअभिषेक, छप्पन भोग लगेगा व रात 12 बजे महाआरती होगी।उन्होंने बताया कि आठ सितम्बर को नदोत्सव व श्रील प्रभुपाद जी की 127 वीं व्यास पूजा आविर्भाव महोत्सव का आयोजन होगा। सांस्कृतिक पंडाल में शाम सात बजे से मालिनी अवस्थी के गायन संग नाटक, नृत्य व भजनों की प्रस्तुतियां शुरू होगी। वैदिक व प्रहलाद गुरुकुल के बच्चों द्वारा नाटक प्रस्तुत किया जाएगा। इस्कान गर्ल्स फोरम द्वारा भजन व नृत्य और इस्कान यूथ फोरम द्वारा नाट्य प्रस्ततियां दी जाएंगी। इसके अलावा कई शिक्षण संस्थानों के बच्चे भी सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करेंगे।

**दही हांडी उत्सव 27 को :** कृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार हर साल भाद्रपद महीने की अष्टमी तिथि को मनाया जाता है। इसके साथ भगवान श्री कृष्ण के जन्ममोत्सव के रूप में दही हांडी उत्सव भी मनाया जाता है। यह उत्सव मुख्य रूप से गुजरात, महाराष्ट्र और गोवा में धूमधाम से मनाया जाता है।यह त्यौहार हमेशा कृष्ण जन्माष्टमी के अगले दिन मनाया जाता है। इस बार जन्माष्टमी 26 अगस्त को और दही हांडी उत्सव 27 अगस्त को मनाया जाएगा।

**खाटू श्याम मंदिर में बर्फ का होगा भव्य श्रृंगार:** बीरबल साहनी मार्गस्थित श्री श्याम मंदिर में सोमवार 26 अगस्त को श्री कृष्णा प्राकट्य उत्सव का आयोजन बड़ी धूमधाम से आयोजित किया जाएगा।महामंत्री रुपेश अग्रवाल ने बताया कि इस बार जन्माष्टमी पर पहली बार बर्फ का भव्य श्रृंगार के साथ मनोरम झांकी सजाई जाएगी जिसमें बाल गोपाल श्री कृष्ण पर आधारित अनेक लीलाएं दिखाई जाएगी वही कार्यक्रम साय 7 बजे से प्रारंभ होकर मध्य रात्रि जन्मोत्सव तक चलेगा जिसमें भक्तों के लिए एक लाख से अधिक प्रसाद की व्यवस्था की गई है।

# सिंधी समाज ने हर्षोल्लास के साथ मनाया थदड़ी पर्व

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सिंधी समाज के लोगों ने थदड़ी पर्व रविवार को बड़ी धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर महिलाओं और बच्चों में उत्साह देखने को मिला। शीतला माता मंदिर में जहां एक ओर दर्शन के लिए लंबी कतारें दिखीं तो वहीं घरों में महिलाओं ने पूजन अर्चना कर मंगलकामनाएं की। राजधानी के शीतला माता मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें दिखी।

राजाजीपुरम, लालबाग सहादतगंज के प्राचीन शीतला देवी मंदिर के पट सुबह से ही श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। इस अवसर पर कहीं शबद कीर्तन सुन गुरुवाणी में निहाल हुए भक्त तो वहीं लंगर में प्रसाद का वितरण किया गया।सिंधी सभा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सिंधी समाज के लोगों द्वारा हर्षोल्लास के साथ माता की पूजा अर्चना की गई। सिंधी सभा के अध्यक्ष अशोक मोतियानी ने बताया कि इस त्हायोर में महिलाएं पंडित के घर जाकर पूजा अर्चना करती हैं साथ ही मां शीतला को विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का भोग अर्पित किया जाता है। पंडित सतीश शर्मा ने बताया कि भादो मास के कृष्ण पक्ष में मनाए जाने वाले त्योहार में महिलाएं अपने परिवार के स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना मां शीतला से करती हैं।





**मीठा लोला संग खट्टे भात का लगाया भोग:** सिंधी समाज की महिलाओं ने त्योहार के अवसर पर विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाया जिसमें मीठा लोला, खट्टा भात, मिठाई, खिचड़ी और अन्य पकवानों का प्रसाद माता को अर्पित किया।

**बासी पकवानों का ही लगता भोग:** गृहणी रीमा चन्दीरामनी ने बताया कि एक दिन पहले हम लोग घर में पकवानों को बना लेते हैं। जिसको अगले दिन प्रसाद के रूप में ग्रहण करते हैं।यह पर्व सिंधी समाज में हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जाता है। संजय जेसवानी ने बताया कि थदड़ी त्योहार खुशियां लेकर आता है।त्योहार के दिन घर में कोई चूल्हा नहीं जलाती हूं।बांसी पकवानो को रात भर तैयारी कर बनाए व्यंजनों को प्रसाद के रूप में अगले दिन ग्रहण कर लोगों में वितरित करते हैं।दीपक लोहानी कहते हैं कि सुबह.सुबह पुरोहित के घर जाकर पूजा अर्चना कर मां शीतला का आशीर्वाद लेकर दिन की शुरूआत करते हैं।सिंधी समाज में इस पर्व को धूमधाम से मनाया जाता है। गृहणी जीविशा ने बताया कि साल भर होने वाले त्योहारों में से एक थदड़ी मेरा पसंदीदा त्योहार है। व्यंजनों संग मां शीतला देवी की पूजा अर्चना करने की बात ही अलग है।

# गौरैया बाल रक्षक सम्मान से नवाजी गईं होनहार बेटियां

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ ।** हर प्राणी को घरौंदे की जरूरत पड़ती ही है फिर चाहे वो इंसान हो या बेजुबान परिंदे, ऐसे ही एक छोटी सी, नन्ही सी गौरैया, हर परिंदे कि तरह गौरैया भी अपनी नई पीढ़ी के आने से पहले उनके लिए एक आशियाना तैयार करती है परंतु बिडम्बना यह है कि मानव ने अपने आशियाना बनाने की होड़ में इन बेजुबान परिंदों के रहने की जगह पेड़ों को काट दिया है।जंगल कम होते जा रहे हैं फिर कैसे और कहां गौरैया अपना ठिकाना ढूंढे।गौरैया के संरक्षण और बेजुबान परिंदो को सुरक्षित आशियाना देकर बचाने में सक्रिय भूमिका निभाने वाली होनहार बेटियों को रविवार को बंसल लॉन, विक्रम नगर, मानक नगर में सुरभि कल्चरल ग्रुप द्वारा गौरैया बाल रक्षक सम्मान से नवाजा गया।इसमें सिया सिंह, एवलिन कौर, मैत्री शुक्ला, अदिति श्रीवास्तव, गनीव सलूजा, पलक शर्मा, आन्या चौरसिया, सेजल कौशल, गुनगुन कौर, ऐशनी श्रीवास्तव, नित्या गुप्ता, ईरा शर्मा को मुख्य अतिथि पार्षद देवेंद्र सिंह यादव जीतू, विशिष्ट अतिथि फिल्म अभिनेता/रंगकर्मी महेश चंद्र देवा, केसरी खेड़ा महिला व्यापार मंडल की सचिव ममता रस्तोगी ने सराहनीय कार्य कर रही बच्चियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में आओ गौरैया बचाएं और करे योग रहें निरोग अभियान में शामिल बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर हरीश चंद्र, स्नेहा सोनी, मानसी सिंह, ममता सक्सेना, सुरभि कौर उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन टीचर इंचार्ज कामनेषु कुमार ने किया कार्यक्रम के संयोजक संस्था के सचिव शैलेंद्र सक्सेना रहें।



# महिलाओं ने मनायी जन्माष्टमी और तीज समारोह



**लखनऊ।** इनरव्हील क्लब अभ्युदया की ओर से जुबिलेंट तीज समारोह और जन्माष्टमी धूमधाम से मनायी गई। स्थानीय गोमती नगर स्थित होटल में हुए समारोह में क्लब की तमाम पदाधिकारियों और सदस्यों ने प्रतिभाग किया। साथ ही विभिन्न खेलों और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिलाओं की महिलाओं ने एक से बढ़कर एक गीतों पर नृत्य की प्रस्तुति देकर माहौल में खास रंग भरे। वहीं खेल प्रतियोगिता और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने वाली महिलाओं को पुरस्कार भी दिए गए। क्लब की अध्यक्ष सुनीता सिंह ने भी को जन्माष्टमी की बधाई दी।

# कार्यालय नगर पालिका परिषद लखीमपुर-खीरी (उ.प्र. 262701)

पत्रांक 491/ओ.एस./एम.बी.एल./2024-25 दिनांक 13.08.2024

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद लखीमपुर में स्वतः कर निर्धारण की प्रचलित दर जो वर्ष 2017 से लागू है। नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 140ख में निहित प्राविधान के अन्तर्गत कर निर्धारण सूची में दरों को पुनरीक्षित किया गया है। जिसका प्रकाशन दो दैनिक समाचार पत्रों में आपत्तियां/सुझाव प्रस्तुत करने हेतु कराया गया था। इस सम्बन्ध में अवगत कराना है कि निर्धारित अवधि 15 दिवस के अन्दर कोई भी आपत्ति/सुझाव प्राप्त नहीं हुए हैं। अतः प्रकाशन की तिथि से नई दरें प्रभावी होगीं। जो निम्नवत हैः-

### मूल्य निर्धारण सूची

| क्र. सं. | वार्ड का नाम | वार्ड से सम्बन्धित मोहल्लों के नाम | 1 से 10 फुट तक चौड़े मार्ग पर स्थित | | | 10 फुट से अधिक 18 फुट तक चौड़े मार्ग पर स्थित | | | 18 फुट से अधिक 30 फुट तक चौड़े मार्ग पर स्थित | | | 30 फुट से अधिक चौड़े मार्ग पर स्थित | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | कच्चा भवन | अन्य पक्का भवन | आर.सी.सी. छत सहित पक्का भवन | कच्चा भवन | अन्य पक्का भवन | आर.सी.सी. छत सहित पक्का भवन | कच्चा भवन | अन्य पक्का भवन | आर.सी.सी. छत सहित पक्का भवन | कच्चा भवन | अन्य पक्का भवन | आर.सी.सी. छत सहित पक्का भवन |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 1 | कमलापुर | कमलापुर हरिजन बस्ती. | 0.60 | 0.75 | 0.90 | 0.60 | 0.75 | 0.90 | 0.60 | 0.75 | 0.90 | 0.75 | 0.90 | 0.90 |
| 2 | रामनगर | रामनगर, श्यामनगर, कंचनपुरी, सिद्धार्थ नगर | 0.60 | 0.75 | 0.90 | 0.75 | 0.90 | 1.05 | 0.60 | 1.05 | 1.20 | 0.75 | 1.20 | 1.50 |
| 3 | हाथीपुर दुर्बल आश्रम | हाथीपुर दुर्बल आश्रम, | 0.60 | 0.75 | 0.90 | 0.60 | 0.75 | 0.90 | 0.60 | 0.90 | 1.20 | 0.75 | 1.05 | 1.20 |
| 4 | संकटा देवी | संकटा देवी, हरिजन बस्ती | 0.60 | 0.75 | 0.90 | 0.75 | 0.90 | 1.05 | 0.60 | 1.05 | 1.20 | 0.75 | 1.05 | 1.20 |
| 5 | शवकालोनी | शिवकालोनी | 0.60 | 0.75 | 0.90 | 0.75 | 0.90 | 1.05 | 0.75 | 0.90 | 1.20 | 0.75 | 1.05 | 1.20 |
| | | सरबती देवी कालोनी | 0.60 | 0.75 | 0.90 | 0.60 | 0.90 | 1.05 | 0.60 | 0.90 | 1.05 | 0.75 | 1.05 | 1.20 |
| 6 | शिवपुरी | शिवपुरी | 0.60 | 0.75 | 0.90 | 0.75 | 0.90 | 1.05 | 0.60 | 1.05 | 1.20 | 0.75 | 1.20 | 1.50 |
| | | बेगमबाग | 0.60 | 0.75 | 0.90 | 0.60 | 0.75 | 0.90 | 0.60 | 0.90 | 1.20 | 0.75 | 1.05 | 1.20 |
| 7 | द्वारिकापुरी | द्वारिकापुरी, भटनागर कालोनी, टीचर्स कालोनी, शांतीनगर, अयोध्यापुरी | 0.60 | 0.75 | 0.90 | 0.60 | 0.90 | 1.20 | 0.60 | 1.05 | 1.20 | 0.75 | 1.20 | 1.50 |
| 8 | अर्जुनपुरवा | अर्जुनपुरवा, महेन्द्रनगर, कोरियाना, दुगार्पुरम, मौर्य कालोनी | 0.60 | 0.75 | 0.90 | 0.60 | 0.75 | 0.90 | 0.60 | 0.90 | 1.20 | 0.75 | 1.05 | 1.20 |
| 9 | बरखेरवा | बरखेरवा, सुन्दरपुरम, बल्देवनगर, श्रीरामनगर, | 0.60 | 0.90 | 1.05 | 0.60 | 1.20 | 1.50 | 0.75 | 1.50 | 1.80 | 1.05 | 2.40 | 3.00 |
| | | पंजाबी कालोनी | 0.60 | 0.90 | 1.05 | 0.90 | 1.50 | 1.80 | 1.05 | 2.40 | 3.00 | 1.20 | 3.00 | 3.60 |
| 10 | गोटैय्याबाग | गोटैय्याबाग, इस्लामनगर, | 0.60 | 0.75 | 0.90 | 0.75 | 0.90 | 1.05 | 0.60 | 0.90 | 1.20 | 0.75 | 1.05 | 1.20 |
| | | त्रिपाठी कालोनी | 0.60 | 0.75 | 0.90 | 0.75 | 1.05 | 1.20 | 0.75 | 1.05 | 1.20 | 0.75 | 1.20 | 1.50 |
| 11 | राजगढ़ | राजगढ़, अरविन्द नगर, | 0.60 | 0.75 | 0.90 | 0.60 | 0.75 | 0.90 | 0.60 | 0.90 | 1.20 | 0.75 | 1.05 | 1.20 |
| | | मोतीनगर, जयदेवनगर | 0.60 | 0.75 | 0.90 | 0.75 | 0.90 | 1.05 | 0.60 | 1.05 | 1.20 | 0.75 | 1.05 | 1.20 |
| 12 | थरवरनगंज | थरवरनगंज | 0.60 | 0.90 | 1.05 | 0.75 | 1.05 | 1.20 | 0.75 | 1.20 | 1.50 | 0.90 | 1.80 | 2.40 |
| | | हल्टीन बंगला | 0.60 | 0.90 | 1.05 | 0.75 | 1.05 | 1.20 | 0.75 | 1.50 | 1.80 | 0.90 | 1.20 | 2.40 |
| 13 | ईदगाह | ईदगाह, बल्देव नगर, | 0.60 | 0.75 | 0.90 | 0.75 | 0.90 | 1.05 | 0.75 | 0.90 | 1.20 | 0.75 | 1.05 | 1.20 |
| 14 | गंगोत्री नगर | गंगोत्री नगर, कीर्तिनगर, ऑफीसर्स कालोनी, जोड़ी बंगला | 0.60 | 0.90 | 1.05 | 0.75 | 1.50 | 1.80 | 0.75 | 1.80 | 2.10 | 0.90 | 2.40 | 3.00 |
| 15 | सिविल लाइन | सिविल लाइन, शाहपुरा कोठी, पुलिस लाइन, कचेहरी | 1.05 | 1.20 | 1.50 | 1.05 | 1.50 | 1.80 | 1.05 | 2.10 | 2.40 | 1.20 | 2.40 | 3.00 |
| 16 | सिकटिहा | सिकटिहा, काशीनगर, ऑफीसर्स कालोनी आंशिक, स्वरूपनगर, अर्जुन नगर | 1.05 | 1.20 | 1.50 | 1.05 | 1.50 | 1.80 | 1.05 | 2.10 | 2.40 | 1.20 | 2.40 | 3.00 |
| 17 | निर्मल नगर | निर्मल नगर, इन्दिरा नगर | 0.60 | 0.75 | 0.90 | 0.75 | 1.05 | 1.20 | 0.75 | 0.90 | 1.20 | 0.75 | 1.05 | 1.20 |
| | | कृष्णानगर | 0.60 | 0.75 | 0.90 | 0.60 | 0.75 | 0.90 | 0.60 | 0.90 | 1.20 | 0.75 | 1.05 | 1.20 |
| 18 | कपूरथला | कपूरथला, शास्त्रीनगर, हर्षी बंगला | 1.05 | 1.20 | 1.50 | 1.05 | 1.50 | 1.80 | 0.75 | 2.40 | 3.00 | 1.20 | 3.00 | 3.30 |
| 19 | शांतीनगर | शांतीनगर | 0.60 | 0.75 | 0.90 | 0.60 | 0.90 | 1.20 | 0.60 | 1.05 | 1.20 | 0.75 | 1.20 | 1.50 |
| 20 | नौरंगाबाद | नौरंगाबाद | 0.60 | 0.75 | 0.90 | 0.75 | 1.05 | 1.20 | 0.75 | 0.90 | 1.20 | 0.75 | 1.05 | 1.20 |
| 21 | महराजनगर | महराजनगर, आवास विकास कालोनी, | 0.60 | 0.75 | 0.90 | 0.75 | 1.05 | 1.20 | 0.75 | 1.05 | 1.20 | 0.75 | 1.50 | 2.40 |
| | | महराजनगर मस्जिद के पूर्वख पश्चिम व दक्षिण दिशा में | 0.60 | 0.75 | 0.90 | 0.75 | 0.90 | 1.05 | 0.60 | 0.90 | 1.20 | 0.75 | 1.05 | 1.20 |
| 22 | भुईफोरवानाथ | भुईफोरवनाथ, भरतपुरी, गोकुलपुरी, चण्डीपुरम | 0.60 | 0.75 | 0.90 | 0.60 | 0.90 | 1.05 | 0.60 | 0.90 | 1.05 | 0.75 | 1.05 | 1.20 |
| 23 | नई बस्ती | नईबस्ती, गुड़मण्डी, बांगलादेश | 0.60 | 0.75 | 0.90 | 0.75 | 0.90 | 1.05 | 0.75 | 1.05 | 1.20 | 0.75 | 1.20 | 1.50 |
| 24 | हिदायतनगर | हिदायतनगर, कुमारनगर | 0.60 | 0.75 | 0.90 | 0.75 | 1.05 | 1.20 | 0.75 | 0.90 | 1.20 | 0.75 | 1.05 | 1.20 |
| 25 | हाथीपुर कोठार | हाथीपुर कोठार, कटहलीबाग, हाथीपुर उत्तरी | 0.60 | 0.75 | 0.90 | 0.60 | 0.90 | 1.05 | 0.60 | 0.90 | 1.05 | 0.75 | 1.05 | 1.20 |
| 26 | मिश्राना | मिश्राना, बाजार, घासमण्डी | 0.60 | 0.90 | 1.05 | 0.75 | 1.05 | 1.20 | 0.75 | 1.20 | 1.50 | 0.90 | 1.80 | 1.50 |
| 27 | हाथीपुर उत्तरी | हाथीपुर उत्तरी | 0.60 | 0.75 | 0.90 | 0.75 | 1.05 | 1.20 | 0.75 | 0.90 | 1.20 | 0.75 | 1.05 | 1.20 |
| 28 | शमशेर नगर | बाजपेई कालोनी, अतिया कालोनी | 0.60 | 0.75 | 0.90 | 0.75 | 0.90 | 1.20 | 0.75 | 1.05 | 1.35 | 0.75 | 1.05 | 1.50 |
| 29 | प्यारेपुर | प्यारेपुर, नौरंगाबाद आंशिक | 0.60 | 0.75 | 0.90 | 0.75 | 1.05 | 1.20 | 0.75 | 0.90 | 1.20 | 0.75 | 1.05 | 1.20 |
| 30 | बहादुरनगर | बहादुरनगर | 0.60 | 0.75 | 0.90 | 0.75 | 0.90 | 1.20 | 0.75 | 1.05 | 1.35 | 0.75 | 1.20 | 1.50 |

**नोटः-** जो मोहल्ले/क्षेत्र कक्ष में दशार्ये गये है यदि कोई भवन/भूमि उन क्षेत्रों के अन्तर्गत नहीं है। ऐसी दशा में वह भवन/भूमि उसी कक्ष के समीपवर्ती मोहल्ले/क्षेत्र में जायेगें।

**नोट-** शास्तियां उ0प्र0 नगर पालिका (भवन या भूमि या दोनो के वार्षिक मूल्य पर कर) नियमावली 2024 के अनुसार लगायी जायेंगी, जो कि मूल्य निर्धारण सूची का अंग है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद लखीमपुर।**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद लखीमपुर।**

# पीडब्ल्यूडी : दलित महिला कर्मचारी की मौत का आयोग ने लिया संज्ञान

- विधान सभा समिति ने विभाग से मांगी आख्या
- माननीयों के पत्र के बावजूद नहीं हो पायी अभी तक कार्रवाई

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लोक निर्माण विभाग के कार्यालय प्रमुख अभियन्ता मुख्यालय में कार्यरत वरिष्ठ सहायक ऊषा गौतम आत्महत्या की उच्च स्तरीय जांच करने तथा मुख्य आरोपियों कार्यालय प्रमुख अभियन्ता/क्षेत्रीय मुख्य अभियन्ता मिनिस्टीरियल एसोसिएशन के अध्यक्ष वीरेन्द्र यादव एवं महामंत्री ओम प्रकाश पटेल के विरूद्ध उच्च स्तरीय जांच कराने तथा दोषियों के खिलाफ कार्यवाही के लिए पीडब्ल्यूडी नियमित वर्कचार्ज कर्मचारी संघ के अध्यक्ष भारत सिंह की ओर से विगत चार वर्षो से लगातार अनुसूचित जाति की महिला कर्मी को न्याय दिलाने के लिए पत्र लिखे जा रहा थे। जिस पर अजगरा विधानसभा क्षेत्र से विधायक और अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों एवं विमुक्त जातियों संबंधी संयुक्त समिति, विधान भवन, उत्तर प्रदेश के सदस्य त्रिभवन राम ने समिति के सभापति श्रीराम चौहान को पूरे प्रकरण का संज्ञान देते हुए उचित कार्यवाही कराने की मांग की है। सभापति ने सदस्य त्रिभुवन राम के अनुरोध के अनुसार समिति के विचार करने के लिए लोक निर्माण विभाग से आख्या मांगी है।

बता दें कि पीडब्ल्यूडी नियमित वर्कचार्ज कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष भारत सिंह द्वारा शिकायती पत्र में आरोप लगाये गये है कि वीरेन्द्र कुमार यादव, ओम प्रकाश पटेल द्वारा महिला कर्मी का यौन शोषण कर गर्भपात कराया गया। जब ऊषा द्वारा शादी की मांग करने पर चालक संघ के भवन में ऊषा को बीरेन्द्र यादव व ओम प्रकाश पटेल द्वारा लाकर चालक संघ के प्रदेश अध्यक्ष शिव कुमार यादव एवं सर्किल आफिसेस मिनिस्ट्रीरियल एसोसिएशन के अध्यक्ष सुनील यादव द्वारा करंट लगाकार प्रताड़ित करने के भी आरोप लगाये गये है।

**एमएलए और एलएलसी के पत्र पर भी जिम्मेदार मौनः** मृतका ऊषा के साथ यौनषोषण, बलात्कार तथा उसके द्वारा की गई आत्महत्या के शिकायती पत्र पर मांग को लेकर पुरवा विधानसभा क्षेत्र से विधायक अनिल सिंह और विधान परिषद सदस्य विक्रान्त सिंह (रिशू) द्वारा सदन स्थगित होने वाले 01 अगस्त 2024 से लगातार छः पत्र लिखे जाने के बावजूद लोक निर्माण विभाग के मुख्यालय के उच्चाधिकारी इन आरोपी कार्मिकों को संरक्षण देने में लगे हुए है जबकि यह आरोपी अपनी एसोसिएशन और अपने पद का लाभ उठाते हुए लगभग 20 वर्षो से मुख्यालय लखनऊ के एक ही पटल पर कार्यरत है। इस प्रकार से मुख्यालय के उच्चाधिकारी इन आरोपी कर्मचारियों को बचाने से मुख्यमंत्री की भ्रष्टाचार के विरूद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति को पलीता लगा रहे है।

**भ्रष्टाचार पर कार्रवाई को तरस रहे कर्मचारीः** भ्रष्टाचार के खिलाफ कर्मचारी अब समिति की ओर से मांगी गयी आख्या को काफी आशान्वित नजरों से देख रहे हैं क्योंकि त्रिभुवन राम, विधायक/सदस्य-अनुसूचित जाति समिति, विधान सभा, उप्र, जो कि लोक निर्माण विभाग के सेवानिवृत्त प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष भी रह चुके है, के द्वारा मृतका ऊषा को न्याय दिलाने के लिए समिति से मांग की है और समिति ने भी आख्या मांग ली है। सूत्रों का कहना है कि जांच को प्रभावित कर रहे कार्मिकों को दूरस्थ मण्डल में ट्रांसफर के बाद ही निष्पक्ष जांच हो सकती है। वहीं यह भी यक्ष प्रश्न है कि प्रमुख अभियन्ता (विकास) विभाभागाध्य जितेन्द्र कुमार बांगा द्वारा मात्र खानापूर्ति करके 31 अगस्त 2024 को धीरे से सेवानिवृत्त हो जायेंगे या कार्रवाई करेंगे? तीन विधायकों और एक सदस्य विधान परिषदों द्वारा प्रकरण की जांच तथा स्थानांतरण करने के कई पत्र तथा शासन द्वारा लिखे गये पत्रों के बाद भी इन दोषियों कर्मचारियों के विरूद्ध लोक निर्माण विभाग के उच्चाधिकारियों द्वारा कार्यवाही की जायेगी अथवा भ्रष्टाचार को यूं ही बढ़ावा दिया जाता रहेगा। अधिकारियों का पटल देख रहा एक आरोपी तो इतना प्रभावी है कि वर्ष 2022 में ट्रांसफर में किये गये भ्रष्टाचार को लेकर गठित तीन सदस्यीय आईएएस की कमेटी में तत्कालीन प्रमुख अभियंता (विकास) मनोज गुप्ता को तो निलम्बित किया गया लेकिन बीरेन्द्र यादव-प्रधान सहायक, जो मुख्य अधिष्ठान लिपिक है, उनका आजतक बाल-बाका कोई भी अधिकारी नहीं कर पाया है और आज भी उसी पटल पर वह 20 वर्षों से कार्य कर रहे है।

# माताओं ने आज भी पुत्रों की दीर्घायु के लिए की हलछठ की पूजा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** राजधानी शहर में रविवार को भी हलछठ का पर्व श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया गया। हलछठ का व्रत माताओं द्वारा पुत्रों की दीघार्यु के लिए रखा गया और विधि-विधान से हलछठ की पूजा अर्चना की गई। हलषष्ठी व्रत में महिलाओं ने सुबह से ही स्नानादि आदि से निवृत होकर नित्यक्रम करने के पश्चात हलषष्ठी व्रत धारण करने का संकल्प उत्तराभिमुख होकर किया। बलराम जयंती पर होने वाले इस पर्व पर हल की पूजा अर्चना होती है।

गौरतलब है कि हलछठ पूजा के लिए एक दिन पहले बाजार में महिलाएं पूजा की सामग्री खरीदती हुई देखी गई। वहीं पूजा के लिए महिलाएं सुबह के समय पलाश, कांस एवं कुश के नीचे भगवान शिव पार्वती स्वामी कार्तिकेय एवं गणेश जी की मूर्ति स्थापित करके धूप दीप पुष्प आदि से भक्तिभाव से पूजन किया। इस दौरान महिलाओं ने ठिंगरिया-मुंगरिया की प्रचलित कहानियां सुनी और कथा का वाचन किया। हलछठ पर्व के तहत बाजार में चहल-पहल रही। पूजा अर्चना के बाद उपवास रखने वाली माताओं ने अपने पुत्रों के दीघार्यु और भलाई की कामना की। घर-घर के आंगन में कुश गाड़ कर रीति के अनुसार धार्मिक अनुष्ठान किए गए। महिलाओं ने व्रत रख पूजा अर्चना की। मान्यता है कि श्रीकृष्णजी के जन्म से पूर्व श्री बलरामजी का जन्म हुआ था। हलषष्ठी का व्रत बलरामजी के जन्म के उपलक्ष्य में किया जाता है। बलरामजी का शस्त्र हल है। इसलिए इस दिन महिलाओं को हल चले हुए जमीन में चलना पड़ता है। व्रत के पूजन सामग्री के रुप में दूध, दही-घी, महुआ, तिन्नी का चावल, फूल, दूब, रोली, चन्दन, नारियल, कुश और भाजी का प्रयोग होता है। इसी क्रम में सुबह से ही महुआ और कुश लगाकर व गड्ढा खोद कर महिलाओं ने पूजन-अर्चन किया। पुत्रों को गड्ढे के पानी में पैर डालकर धुला और उनकी लंबी उम्र की कामना की। पुत्रों ने भी माता के पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया। इसी तरह घर-घर में भी कुंड बने और दिन भर पूजन-अर्चन का सिलसिला चलता रहा। खाने में बिना जोते खेत के अन्न-फल व अन्य सामग्री का इस्तेमाल महिलाओं ने किया। जिसमें तिन्नी का चावल, दही व करेमुआ के साग की काफी मांग रही।

# मधुबन में जो कन्हैया किसी गोपी से मिले...पर महिलाओं ने मोहक प्रस्तुति

## अखिल भारतीय उत्तराखण्ड महासभा ने मनाया श्री कृष्ण जन्मोत्सव

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** अखिल भारतीय उत्तराखंड महासभा भारत, लखनऊ के तत्वाधान में श्री कृष्ण जन्मोत्सव का कार्यक्रम डॉ कृपाल दत्त जोशी की अध्यक्षता में वृदांवन योजना के ज्ञान सरोवर विद्यालय में लखनऊ महापौर ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि का स्वागत डॉ कृपाल दत्त जोशी एवं आर एस पयाल जी ने पुष्प गुच्छ देकर एवं श्रीमती पुष्पा सांवत, श्रीमती मीना बिटालू ने पारम्परिक पिछौडा.ओढा कर स्वागत किया।

आज के दिन हमें भगवान कृष्ण के जीवन और उनके उपदेशों से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने हमें दिखाया कि कैसे सच्चाई और न्याय के लिए लड़ना चाहिए, और कैसे प्रेम और करुणा से जीवन जीना चाहिए। आज के दिन हम भगवान कृष्ण को याद करते हैं, हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है। आइए हम अपनी संस्कृति को सहेजें और भगवान श्री कृष्ण के संदेश को अपने जीवन में उतारे। अखिल भारतीय उत्तराखण्ड महासभा के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अशोक असवाल बताया कि इस महासभा के विभिन्न प्रान्तों में इस तरह की कई शाखाएँ हैं, जो समय -समय पर इस तरह के कार्यक्रम के साथ समाजिक कार्य करती आ रही है। अभी कुछ समय पूर्व उत्तराखण्ड टिहरी गढ़वाल के तिनगढ़ में प्राकृतिक आपदा आने पर हमारी महासभा के सदस्य उक्त बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र पर जाकर पीड़ित परिवार वालों को दैनिक सामाग्री आदि देकर मदद किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत सांस्कृतिक सचिव प्रेम सिंह बिष्ट के निर्देशन में गणेश वंदना मेरे घर में पधारो गजानंद जी...जिसमें रजनी राणा, सुनीता तिवारी, सीता सेलाकोटी, पुष्पा सामन्त, मालती रावत, द्रोपती मेहर, नंदनी देवी, सुशीला रौतेला, विमला बिष्ट, अंबा बिष्ट, नीलम जुयाल कलाकारों ने भाग लिया। उसके उपरांत नन्हे -मुन्ने कलाकार कुमारी शिवानी, कुमारी प्रतिज्ञा सिंह, एवं मास्टर ओम द्वारा तक्षशिला ग्रुप की डायरेक्टर श्रीमती सुनन्दा असवाल के निर्देशन में बहुत ही सुंदर राधाकृष्ण का नृत्य मधुबन में कन्हैया किसी गोपी से मिले, राधा कैसे न जले...गीत ने दर्शकों का मन मोह लिया और खूब तालियां बटोरी। कार्यक्रम की मंच की संचालक श्रीमती भारती बुटोला एवं श्रीमती छाया पंत द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से लखनऊ महासभा के संरक्षक प्रेम खर्कवाल, अध्यक्ष अवधेश कोठारी, महामंत्री जगदीश बुटोला, कोषाध्यक्ष आर एस पयाल, रतन सिंह सावंत, राजेन्द्र जुयाल, प्रेम सिंह दिगारी, केशव बिटालू, हेमंत सिंह गड़िया, प्रताप सिंह जंगलिया, बलवंत वागणी, हरीश रौतेला, महेन्द्र सिंह राणा, महावीर खन्तवाल, धन सिंह रावत, रवि सिंह, रमेश चन्द्र सिंह बिष्ट आदि कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

संक्षेप

### महिला एसआई को कार ने मारी टक्कर, घायल

**ललितपुर**। तालबेहट के महिला थाना में तैनात उप निरीक्षक सन्नो देवी को तेज रफ्तार कार ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गयीं। महिला थानाध्यक्ष को तत्काल उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में दाखिल कराया गया, जहां उनकी हालत नाजुक होने पर बेहतर उपचार के लिए झांसी मेडीकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। वहीं घटना के बाद भाग रही कार को जब्त कर पुलिस ने चालक को हिरासत में ले लिया है। बताया गया है कि नेशनल हाई-वे संख्या 44 पर स्थित कस्बा तालबेहट अंतर्गत बम्हौरीसर गांव के निकट अपराह्न करीब 12 बजे महिला थानाध्यक्ष तालबेहट सन्नोदेवी सड़क पा कर रही थीं। इसी बीच ललितपुर से झांसी की ओर आ रही तेज रफ्तार कार ने महिला थानाध्यक्ष को जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार की टक्कर लगने के बाद महिला थानाध्यक्ष घायल हो गयीं, जिन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में दाखिल कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के दौरान महिला थानाध्यक्ष को बेहतर उपचार के लिए झांसी मेडीकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। वहीं घटना की सूचना मिलने पर क्षेत्राधिकारी तालबेहट कुलदीप सिंह दलबल के साथ अस्पताल पहुंचे और घायल महिला थानाध्यक्ष का हाल जाना।

### पिछड़ा वर्ग को रोजगारपरक कंप्यूटर प्रशिक्षण

**ललितपुर**। जनपद में अन्य पिछड़ा वर्ग के शिक्षित बेरोजगार युवकों को रोजगारपरक कंप्यूटर प्रशिक्षण के दो पाठ्यक्रम शुरू किए गए हैं। इनमें इंटरमीडिएट पास 18-35 वर्ष की आयुसीमा वाले छात्रों का मेरिट के आधार पर जिला स्तरीय चयन समिति द्वारा चयन किया गया है। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी राजेश कुमार बघेल द्वारा बताया गया कि जनपद में भारत सरकार के राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान द्वारा दो संस्थाएं ओ लेवल एवं ट्रिपल सी पाठ्यक्रम के संचालन हेतु मान्यता प्राप्त है। इन संस्थाओं द्वारा रोजगारपरक कंप्यूटर प्रशिक्षण के पाठ्यक्रम ओ लेवल एवं ट्रिपल सी का प्रशिक्षण कराया जाता है। शैक्षिक सत्र 2024-25 में ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया के द्वारा 352 छात्र- छात्राओं का इन पाठ्यक्रमों के लिए चयन हुआ।

### विश्वविद्यालय की स्थापना से सभी को मिलेगी उच्च शिक्षाः प्रो. शास्त्री

**ललितपुर**। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा उत्तर प्रदेश में एक जिला एक विश्वविद्यालय की योजना घोषित किए जाने पर नेहरू महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.ओमप्रकाश शास्त्री ने मुख्यमंत्री से जनपद में विश्वविद्यालय की स्थापना की मांग की। मुख्यमंत्री को प्रेषित पत्र में प्रो.शास्त्री ने बताया कि जनपद ललितपुर उ.प्र. का सीमान्त एवं पिछड़ा जनपद है एवं चारों ओर से मध्य प्रदेश से घिरा हुआ है। जनपद के बौद्धिक एवं सामाजिक विकास की दशा में ललितपुर जनपद में विश्वविद्यालय की बहुत ही आवश्यकता है। आजादी के 78 वर्ष के बाद भी संसाधनों के अभाव में ललितपुर के युवा बाहर के विश्वविद्यालयों में शिक्षा हेतु नहीं जा पाते हैं। भौगोलिक दृष्टि से 100 किमी की दूरी पर झाँसी में बुंदेलखण्ड विश्वविद्यालय है।

प्रो. शास्त्री ने मुख्यमंत्री से उच्च शिक्षा के लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु ललितपुर जनपद मुख्यालय पर विश्वविद्यालय की स्थापना की मांग की।

# डीआईजी ने किया पुलिस भर्ती परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण



जिला संवाददाता(vol)

**ललितपुर**। पुलिस उपमहानिरीक्षक झाँसी द्वारा परिक्षेत्र के जनपद ललितपुर में पुलिस भर्ती लिखित परीक्षा हेतु चयनित परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण करते हुये सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य सभी बिन्दुओं का जायजा लिया गया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निष्पक्ष, पारदर्शी, सुचितापूर्ण एवं सकुशल परीक्षा सम्पन्न कराने निर्देश दिये पुलिस उपमहानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी कलानिधि नैथानी द्वारा उ0प्र0 आरक्षी नागरिक पुलिस सीधी भर्ती लिखित परीक्षा के तीसरे दिन भी रविवार को परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण कर जायजा लिया गया। इसी क्रम में डीआईजी द्वारा झाँसी रेंज के जनपद ललितपुर के राजकीय बालिका इण्टर कालेज

**● अधिकारियों को दिये आवश्यक निर्देश**

(जी0जी0आई0सी0), राजकीय इण्टर कालेज (जी0आई0सी0), नेहरु डिग्री कालेज, श्रीवर्णी जैन इण्टर कालेज आदि केंद्रों में चेकिंग-फ्रिस्किंग, कंट्रोल रूम, यातायात व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों से निगरानी, परीक्षा केन्द्रों पर लगी ड्यूटी व अन्य सभी व्यवस्थाओं का विस्तृत समीक्षा कर शासन की मंशानुसार शुचितापूर्ण एवं पारदर्शिता के उच्चतम मानकों के अनुरूप लिखित परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये। डीआईजी द्वारा परीक्षा केन्द्रों पर ड्यूटी पर तैनात कर्मचारीगणों को उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा जारी गाइड लाइन्स का शत प्रतिशत अनुपालन कराये जाने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गए हैं साथ ही ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को सतर्क रहते हुए ड्यूटी करने हेतु निर्देशित किया गया।

## डीएम और एएसपी ने परीक्षा केंद्रों का लिया जायजा



**बांदा**। जिले में तीसरे दिन पुलिस भर्ती परीक्षा कुशलतापूर्वक संपन्न हो गयी। जिलाधिकारी नगेन्द्र प्रताप, अपर पुलिस अधीक्षक लक्ष्मी निवास मिश्र, अपर जिलाधिकारी अमिताभ यादव ने अनेक परीक्षा केन्द्रों में पहुंचकर व्यवस्था का हाल जाना। उन्होने अधिकारियों के साथ शहर के महिला महाविद्यालय तथा अन्य कई परीक्षा केन्द्रों का सघन निरीक्षण किया। डीएम ने कंट्रोल रूम के जरिए सीसीटीवी कैमरों से की जा रही निगरानी के कार्य का जायजा लिया। उन्होंने परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों पर निगरानी रखने तथा उनके बायोमैट्रिक उपस्थिति की जानकारी लेते हुए कड़ी सतर्कता रखने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने केन्द्र व्यवस्थापकों, स्टैटिक एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों से परीक्षा केन्द्र में व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा सुरक्षा तथा निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कंट्रोल रूम से प्रत्येक कक्ष की गतिविधियों पर पैनी नजर रखने के साथ ही कक्ष निरीक्षकों को कड़ी निगरानी के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने परीक्षा को पूरी सुचिता के साथ संपन्न कराने तथा सीसीटीवी कैमरों के साये में हो रही परीक्षा का गहराई से निरीक्षण किया।

## ट्रेन का इंजन फेल होने पर पुलिस की मदद से परीक्षा केंद्र पहुंचे परीक्षार्थी




**महोबा**। जनपद महोबा (मानिकपुर रेलवे लाइन के बेलाताल रेलवे स्टेशन के पास) क्षेत्रांतर्गत ट्रेन का इंजन फेल होने की सूचना समय करीब 10 बजकर 54 मिनट बजे जनपद महोबा पुलिस प्रशासन को प्राप्त हुई, जिसमें बताया गया कि ट्रेन में करीब दो हजार से ज्यादा पुलिस भर्ती परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थी सवार हैं जिनकी परीक्षा जनपद महोबा एवं जनपद बांदा में आज दिनांक 25 अगस्त 2024 की द्वितीय पाली में होना सुनिश्चित है ट्रेन में सवार परीक्षार्थी हतास एवं परेशान थे एवं उनके मन में परीक्षा छूट जाने का भी ख्याल आ रहा था। पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता द्वारा उक्त ट्रेन के इंजन फेल होने की सूचना का तत्काल संज्ञान लिया गया एवं सम्बन्धित से वार्ता कर परीक्षार्थियों को परीक्षा में प्रतिभाग कराये जाने हेतु उनको उनके परीक्षा केन्द्र/सम्बन्धित जनपद पहुंचाये जाने हेतु तत्काल साधन उपलब्ध कराये के निर्देश दिये गए। इस पर तत्काल जनपद महोबा पुलिस प्रशासन द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए अभ्यर्थियों को उनके गंतव्य/परीक्षा केन्द्रों (महोबा/बांदा) के लिये रोडवेज एवं प्राइवेज बसों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई। इस दौरान अभ्यर्थियों को पब्लिक एड्रेस सिस्टम (पीए सिस्टम) के माध्यम से अनाउंस कर उनको बसों में बैठाकर सकुशल जनपद महोबा एवं जनपद बांदा के लिए रवाना किया गया। पुलिस टीम की इस तत्परता से सभी परीक्षार्थियों ने राहत की सांस ली व जनपद महोबा पुलिस प्रशासन द्वारा किए गए इस सराहनीय कार्य का आभार व्यक्त किया।

## नाबालिग के अपहरण व रेप का आरोपी गिरफ्तार

**बांदा**। नरैनी पुलिस ने अपहरण, रेप, पाक्सो एक्ट व एससी एसटी एक्ट के वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। एसपी अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर अपराधियों की धर-पकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के चलते पुलिस ने कार्रवाई की है। बताते चलें कि अपहत की गयी लड़की के पिता ने बीते 9 जून को थाने में तहरीर देकर बताया था कि 7 जून को एक युवक उसकी नाबालिग पुत्री को लेकर कहीं चला गया है। तहरीर के बाद आरोपी मनीष पुत्र शंकर यादव 23 निवासी डिघौरा थाना कमासिन के विरूद्ध थाने में धारा 363, 376 भादवि व 3/4 पाक्सो एक्ट तथा एससी एसटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की गयी थी। नरैनी पुलिस ने बीते 20 अगस्त को लड़की को बरामद कर लिया था। लेकिन आरोपी पुलिस गिरफ्त से बच रहा था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने रविवार को आरोपी मनीष को पनगरा बस स्टैण्ड से गिरफ्तार कर लिया और उसे जेल भेज दिया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक इंदल यादव व कां0 सतीश यादव रहे।

## रोटी बैंक ने महिला अस्पताल में मरीजों को बांटे फल



**बांदा**। रोटी बैंक सोसायटी की महिला टीम ने रविवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की पूर्व संध्या पर महिला चिकित्सालय में मरीजों को फल व खिलौने वितरित किए। सोसायटी के संरक्षक शेख सादी जमा के सरंक्षण में बांदा रोटी बैंक की महिला टीम अध्यक्ष तबस्सुम फातिमा की अध्यक्षता व उपाध्यक्ष तरन्नुम फातिमा के नेतृत्व में महिला टीम ने जिला महिला चिकित्सालय में दर्जनों मरीजों को फल, बिस्किट, नमकीन, बांसुरी, खिलौने आदि वितरित किए। इस कार्य से प्रभावित अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार संघ के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अतुल तिवारी ने सोसायटी के अध्यक्ष रिजवान अली तथा महिला टीम अध्यक्ष तबस्सुम फातिमा को उत्कृष्ट कार्य के लिए मेडल पहनाकर सम्मानित किया। फल तथा खाने-पीने की वस्तुएं पाकर मरीज व उनके तीमारदारों ने राटी बैंक टीम को दुवाएं दीं। इस अवसर पर मानवाधिकार संघ के पदाधिकारियों के अलावा रिजवान अली अध्यक्ष, रीना कन्नौजिया, उपाध्यक्ष मोहम्मद सलीम, मोहम्मद अखतर, सोशल मीडिया प्रभारी रिचा रैकवार, रेणुका गुप्ता, सहाना खान, मुमताज बेगम आदि मौजूद रहीं।

## रामपुर में पुलिस भर्ती परीक्षा देकर लौटे अभ्यर्थी ने दी जान

जिला संवाददाता(vol)



**बरेली**। फरीदपुर में एक अभ्यर्थी ने फांसी के फंदे पर लटक कर जान दे दी। वह रामपुर में पुलिस भर्ती की परीक्षा देकर लौटा था। उसने फोन पर मां से पेपर अच्छा होने की बात कही। मगर, उसके आत्महत्या के फैसले से परिवार में कोहराम मच गया है। अभ्यर्थी ने चादर से फांसी लगाकर आत्महत्या की है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

**मृतक युवक पढ़ने में था तेजः**

परिजनों ने बताया कि मृतक पढ़ाई में काफी तेज था। बरेली देहात के फतेहगंज पूर्वी थाना क्षेत्र के सैदपुर गांव निवासी योगेश कुमार सिंह (24 वर्ष) नगर पालिका फरीदपुर की एसडीएम कॉलोनी में गौरव सिंह के मकान में किराये पर रहकर पढ़ाई करता था। योगेश शनिवार रात रामपुर से पुलिस परीक्षा देने के बाद घर लौटा था। उसने अपनी मां से फोन पर पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर ठीक होने की बात कही थी, लेकिन रविवार सुबह जब मकान मालिक के बेटे ने कमरे में झांक कर देखा, तो योगेश चादर के सहारे फांसी के फंदे पर लटका मिला। इसकी जानकारी योगेश के परिजनों को दी। वह मौके पर पहुंचे। परिवार के लोगों में बेटे का शव देखकर कोहराम मच गया।

**काफी समय से कर रहा था परीक्षा की तैयारीः**

मृतक योगेश के पिता अजय पाल ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा पढ़ने लिखने में काफी अच्छा था। वह काफी समय से पुलिस भर्ती परीक्षा की तैयारी कर रहा था। मेहनत से पढ़ाई करता था। पिता ने बताया कि परीक्षा खराब होने की उसने कोई बात नहीं बताई। मां से लेकर सभी से अच्छे पेपर देने की बात कही थी। बेटे की अचानक मौत की खबर से परिवार में मातम छा गया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## श्रीमद्भागवत के रसेश्वर व गीता के योगेश्वर के दोनों रूप मनमोहक हैं

जिला संवाददाता(vol)

**ललितपुर**। प्रत्येक पवित्र मानवीय सम्बन्ध ईश्वरीय प्रेम का रूप ले सकता है, इसे प्रमाणित करना ही कृष्णावतार का प्रमुख उद्देश्य है। वस्तुतः ईश्वर ही प्रेम है और प्रेम ही ईश्वर है। इसीलिए श्रीमद्भागवत के रसेश्वर और गीता के

**● प्रेमावतार श्रीकृष्ण अवतरणोत्सव विशेष**

योगेश्वर के दोनों रूप मनमोहक हैं। ब्रह्म को अपने भीतर महसूस करना, विश्व में देखना, उसे ज्ञान से जानना, उसे प्रेम के द्वारा देखना तथा आचरण से प्रचारित करना वह कार्य है जो भारत बहुत सी बाधाओं और विपत्तियों के बावजूद अपने बुरे या अच्छे दिनों में सतत करता आ रहा है। सभी संतों के साथ स्वर में स्वर मिलाते हुए सिक्खों के गुरु ग्रंथसाहब में भक्त रविदास की प्रेमिल वाणी में निष्कंप विश्वास के साथ कहा गया है नीचहुँ ऊँच करै मेरो गोविन्द, नहिं काहू सों डरै। संत रविदास और सूरदास जैसे साहसी साधक जानते हैं कि मोक्ष परम पुरुषार्थ नहीं, प्रेम ही परम पुरुषार्थ है। वह दीनदयालु-पतित -पावन अद्भुत प्रेममय है। कहीं हम उन्हें घायल जटायु की धूल अपनी जटाओं से झारते देखते हैं -जटायु की धूल जटाओं से झारी। कहीं शबरी के दांतकाटे जूंठे बेर प्रेम से खाते हैं, कहीं दीन -हीन स्वाभिमानी ज्ञानी विप्र सुदामा के पाँवों को अपने आँसुओं से पखारते देखते हैं। यहाँ आकर भगवान अपने हो जाते हैं। वे बड़े भी नहीं, छोटे भी नहीं, हमारे माता -पिता, सखा सखी, भाई बहिन हैं। हम जो चाहें वही हैं। आचार्य शुकदेवजी ने स्पष्ट कहा है जो उस ब्रह्म को सिर्फ ज्ञानमय समझते हैं, वे उसके एक अंश को ही जान पाते हैं परंतु जो उसे प्रेममय समझते है, वह उसके सम्पूर्ण अंश को सहज ही जान जाते हैं। वस्तुतरू मोक्ष परम पुरषार्थ नहीं है। प्रेमरू कुमर्थो महान। वह अज्ञेय ब्रह्म को -ताहि अहीर की छोहरियां-छछियां भर छांछ के लिए उसका प्रेम पाकर कैसे नाच नचातीं हैं। वाह जय हो भक्तवत्सल भगवान की। भक्त नाच उठते हैं और तरंगित होकर गा उठते हैं दुर्योधन को मेवा त्यागो, शाक विदुर घर खायो। हम सब हाथी-घोड़े हैं उसके, यमुना उसकी पालकी। जय जय गिरधर गोपाल की जय कन्हैया लाल की।

## जन्माष्टमी पर बड़ी बिजली की मांग

**बरेली**। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर बरेली में बिजली की बढ़ती मांग और ओवरलोडिंग की समस्या ने बिजली आपूर्ति को चुनौतीपूर्ण बना दिया है। इस पर्व के दौरान घरों और मंदिरों में झांकियों की बिजली से सजावट के चलते हाईटेंशन लाइनों पर ओवरलोडिंग की समस्या बढ़ जाती है। इस समस्या को ध्यान में रखते हुए, आधी रात को बिजली आपूर्ति को सुचारू रखने के लिए लाइनों की मरम्मत का काम पहले से ही जारी है। नगरीय अधीक्षण अभियंता वशिष्ठ ने सभी अधिशासी अभियंताओं को उपकेन्द्रों पर विशेष टीमें गठित कर क्षेत्रीय अवर अभियंताओं को दिशा-निर्देश दिए हैं। शहरी क्षेत्र में करीब डेढ़ लाख उपभोक्ताओं को 33 केवी क्षमता के नगरीय क्षेत्र के बिजली उपकेन्द्रों से जोड़ा गया है।

## नगर पालिका के चहेते ठेकेदार नो पार्किंग जोन में भी वसूल रहे पार्किंग का पैसा



**महोबा**। महोबा नगरपालिका के द्वारा नगर में पार्किंग के विभिन्न पॉइंट्स में पर्ची काटने का ठेका दिया गया है, जिससे कि नगर पालिका के राजस्व को बढ़ाया जा सके। परन्तु जो ठेका पहले अधिक पैसे में उठाया गया था इस बार उसी ठेके को नगर पालिका के कुछ चाहते ठेकेदारों को कम पैसे में दिया गया है। जबकि पूर्व के बरसों का पार्किंग ठेका अगर कागज पर देखा जाए तो नगर पालिका अध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी द्वारा किए जा रहे भ्रष्टाचार की हकीकत सामने आ जाएगी। गोरतलब हो कि नगर पालिका के द्वारा अपने चाहते ठेकेदारों को पार्किंग का शुल्क वसूल करने के लिए ठेका दिया गया है। नगर पालिका के द्वारा पार्किंग शुल्क वसूलने के लिए स्थान भी निर्धारित किये गये है, परंतु साहब के चाहते ठेकेदार निर्धारित स्थानों में वसूली न करके अन्य स्थानों पर पार्किंग शुल्क की वसूली कर रहे हैं, और तो और पार्किंग के नाम पर यह गोरखधंधा जिले में तेजी से फल फूल रहा है क्योंकि पार्किंग के गिने चुने पॉइंट नगर पालिका द्वारा अधिकृत किए गए हैं। वहीं अधिकारी के चहेते ठेकेदार अन्य स्थानों से वसूली कर अपने और अधिकारी के घर की तिजोरी भर रहे हैं और नगर पालिका को पार्किंग ठेका के नाम पर चूना लगाने में लगे हुए हैं।

# देश के सामने अनेक चुनौतियांः अजीत राज

जिला संवाददाता(vol)



**बांदा**। विश्व हिन्दू परिषद की स्थापना के 60 वर्ष पूर्ण होने पर बीते 24 अगस्त से 1 सितंबर के बीच सभी जिलों के केन्द्रों, मुहल्लों में कार्यक्रम उत्सव आयोजित किए जा रहे हैं। कानपुर प्रांत के संयोजक अजीत राज ने रविवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। उन्होने विश्व हिन्दू परिषद के संघर्ष व प्रगति के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होने बताया कि स्वामी चिन्मयानंद के आश्रत, संदीपनी साधनालय पवई मुंबई में वर्ष 1964 में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर देश भर के हिन्दुओं की दशा और दिशा के चिंतन के लिए एकत्र हुए स्वामी चिन्मयानंद, संघ के द्वितीय सर संघ चालक के एम मुंशी, मास्टर तारा सिंह, कुशली बकुला, सुशील मुनि और कई प्रतिष्ठित मनीषियों ने विश्व हिन्दू परिषद की स्थापना की थी। देश के सामने अनेक चुनौतियों के बारे में विस्तार से बताया। संयोजक अजीत राज ने सामाजिक एकता और समरसता कैसे कायम हो इस बारे में चर्चा की। उन्होने राष्ट्रहित के आगे तुष्टीकरण नीति को छोड़ने पर बल दिया। कहा कि हमें चुनौतियों का न केवल सामना करना है बल्कि महापुरूषों के शौर्य, त्याग और पराक्रम को जागृत कर राष्ट्र विरोधी, हिन्दू विरोधी तथा मानवता विरोधी तत्वों को मुह तोड़ जवाब देना है। इस अवसर पर बजरंग दल के प्रांत सह सेवा प्रमुख पवन सिंह, विभागाध्यक्ष अशोक ओमर, जिलाध्यक्ष चंद्रमोहन बेदी, जिला मंत्री दीपू दीक्षित, एवं जिला सह प्रचार-प्रसार प्रमुख सुजीत कुमार आदि मौजूद रहे।

## जे.के. बने पेंशनर्स एसोसियेशन के अध्यक्ष




**ललितपुर**। सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोशियेशन के तत्वाधान में अधिवेशन के साथ जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रख्यात सर्जन डा.आर.के.अग्रवाल व विशिष्ट अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.इम्तियाज अहमद मौजूद रहे।

इस दौरान जिलाध्यक्ष पद पर जे.के.सिंह को सर्वसम्मति से निर्वाचित किया गया। वहीं वरिष्ठउपाध्यक्ष एक पद दानवीर सिंह, उपाध्यक्ष चार पद के लिए तिलकराम कौशिक, देवशरण उपाध्याय, हलकरण, लखनलाल झां, सचिव (ज्वाइंट सेक्रेट्री) एक पद आत्माराम रिछारिया, संगठन मंत्री तीन पद के.सी. शर्मा, एजाज अली, गंगाराम शर्मा, कोषाध्यक्ष महेन्द्र कुमार जैन, आय-व्यय निरीक्षक रंजीत सिंह, संयुक्त मंत्री चार पद हरीश तिवारी, आर.सी.अगरिया, दिनेश चंद्र, मु.हबीब खां, सह मंत्री महेश पाठक, सदस्य कार्यकारिणी में आर.वी.पस्तोर, पी.एन. तिवारी, गिरजाशंकर दुबे, हजारीलाल , जगदीश नारायण पुरोहित, राजेन्द्र प्रसाद शर्मा, रमाकांत तिवारी आदि शामिल किये गये।

## लखपति दीदियों को डीएम ने किया सम्मानित



**बांदा**। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ने रविवार को विकास भवन सभागार में लखपति सीआरपी एवं लखपति दीदीयों को सम्मानित किया। इससे पूर्व कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जल गांव, महाराष्ट्र में लखपति दीदीयों को सम्मानित कर उनके द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत किस प्रकार उनके जीवन में बदलाव आया तथा उनके अनुभवों को साझा करने को लेकर कार्यक्रम का सजीव प्रसारण हुआ। जिलाधिकारी नगेन्द्र प्रताप ने कहा कि स्वयं सहायता समूह के जरिए महिलाएं स्वावलंबी होने के साथ ही इन्हे रोजगार के नये अवसर प्राप्त होते हैं जिससे वह अपनी आजीविका के लिए धनराशि अर्जित कर घर तथा परिवार का भरण-पोषण कर रही हैं। डीएम ने इनके कार्यों की प्रशंसा करते हुए जिले में ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी हुई महिला स्वयं सहायता समूह जिन्होने अपने अथक प्रयासों से योजना के माध्यम से आय को बढ़ाकर प्रतिवर्ष एक लाख कर दिया है, उन्हे प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। डीएम ने समूह की लखपति महिलाओं, भारती सिंह, रामदुलारी, शैल कुमारी, मालती देवी, कुसमा, साधना, आदि महिलाओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य, डीसी मनरेगा, खंड विकास अधिकारी तथा स्वयं सहायता समूह की विकास खंडों से आईं महिलाएं मौजूद रहीं।

# देवगढ़ रोड जाम करने पर एफआईआर दर्ज

ललितपुर। शहर क्षेत्र के मोहल्ला जुगपुरा नेहरू नगर में जल भराव की समस्या को लेकर लोगों में उत्पन्न हुये आक्रोश को लेकर स्थानीय निवासियों ने देवगढ़ रोड पर जाम लगा दिया था। जाम लगने से लोगों को हुयी परेशानियों का हवाला देते हुये चैकी नेहरू नगर प्रभारी अंकित कौशिक ने करीब ढ़ाई दर्जन से अधिक नामजद व एक सैकड़ा से अधिक अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है नेहरू नगर चैकी इंचार्ज अंकित कौशिक ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि बीती 23 अगस्त 2024 को सुबह के समय करीब 08.30 पर पुलिस चैकी नेहरुनगर क्षेत्रान्तर्गत मुहल्ला

**● पानी निकासी की समस्या को लेकर लोगों ने लगाया था जाम**

जुगपुरा के रहने वाले राजेश मिश्रा पुत्र रामरतन मिश्रा, बृजमोहन रिछारिया पुत्र बालकिशन रिछारिया, मंशाराम पाल, रामसिंह पुत्र बालचन्द्र अहिरवार, बेनी बाई पत्नी मनके अहिरवार, राजा बेटी पत्नी अजय राज, संतोष अहिरवार पुत्र जुग्गे, जानकी पत्नी स्व.हरु अहिरवार, गुडडी पत्नी बालकिशन अहिरवार, पूरन अहिरवार पुत्र मुले अहिरवार, दिलीप पुत्र हल्कू अहिरवार, रमेश पुत्र भुलू अहिरवार, पुष्पेन्द्र कुशवाहा पुत्र फेरन कुशवाहा, जशरथ अहिरवार पुत्र गणपत अहिरवार, मंशाराम पाल पुत्र चेनू पाल, महेश तिवारी पुत्र सुखनन्दन तिवारी, सुनीता पत्नी सरमन लिटोरिया, दीपचन्द्र पुत्र जुजेलाल, अजय राज पुत्र कन्हैयालाल, अनेक सिंह पुत्र सुखलाल, धर्मेन्द्र उर्फ डिगोडी पुत्र बलचे, राकेश पुत्र कैलाश, करन पुत्र दिलीप, गोविन्द पुत्र देवसिंह, सोनू पुत्र भज्जू, नीलू सिंघई, बीपी सिंह पुत्र भईयालाल, राहुल पुत्र टोटे, विजय पुत्र बालकिशन, अनेक पुत्र चऊदा, राहुल पुत्र रामचरण, लक्ष्मण पुत्र पन्ना, कल्लू रिछारिया, रवि रिछारिया एवं उनके साथ करीब 70-80 अज्ञात व्यक्तियों ने मुहल्ला जुगपुरा स्थित ललितपुर देवगढ मुख्य मार्ग पर पत्थर रखकर नाली एवं पानी की निकासी की मांग को लेकर लोक मार्ग को जाम कर दिया गया था जिससे स्कूल में जाने वाले बच्चों, एम्बुलेंस से गुजर रहे मरीजों एवं अन्य कार्यों से आने जाने वाले व्यक्तियों का रास्ता बाधित हो गया था। बताया कि सूचना मिलने पर जब वह पुलिस बल लेकर मौके पर पहुंचे और जाम लगा रहे उपरोक्त लोगों को शान्ति पूर्वक समझाया गया तो उपरोक्त सभी लोग नही माने और पुलिस का विरोध एवं धमकी देते हुए नारे बाजी करने लगे। बताया कि उन्होंने कई बार लोगों से रास्ते से जाम हटाने हेतु निर्देशित किया गया। लेकिन उपरोक्त लोग नही माने और लोक मार्ग को अवैध तरीके से बाधित किये रहे। ऐसे में इन सभी के द्वारा लोक मार्ग को बाधित करते हुए आम जन मानस के स्वास्थ एवं शिक्षा से खिलवाड़ करते हुये कार्य सरकार में बाधा डालते हुए लोक सेवक के द्वारा दिये गये विधिपूर्वक आदेशों का उल्लंघन किया गया है। कोतवाली पुलिस ने नेहरू नगर चैकी इंचार्ज की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 189 (1), 351 (2) व 132 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# पीएम के मन की बात को भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सुना

जिला संवाददाता(vol)



**बांदा**। जिले के 16 मंडलों के 1389 बूथों में भाजपा कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री के मन की बात के 113वें एपिसोड को तन्मयता के साथ सुना और उनकी कही गयी बातों पर अमल करने का संकल्प लिया। माह के प्रत्येक अंतिम रविवार को पीएम नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुनने के लिए पार्टी कार्यकताओं व लागों को उत्सुकता रहती है।

अतर्रा मंडल के बूथ 191 में भाजपा जिलाध्यक्ष संजय सिंह ने कार्यकताओं के साथ पीएम के मन की बात कार्यक्रम सुना। उन्होने बताया कि मन की बात में प्रधानमंत्री ने देश की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला जिसमें राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस, स्पेसटेक स्टार्ट-अप गैलेक्सी आई की प्रगति शामिल है। उन्होने वन्य जीव संरक्षण के लिए असम और अरूणाचल में सामुदायिक पहल की सराहना की। पीएम ने पोषण माह के महत्व पर प्रकाश डाला और बच्चों को पर्याप्त पोषण सुनिश्चित करने के लिए सामूहिक प्रयासों का आग्रह किया। प्रदेश के जल शक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषााद ने बड़ोखर मंडल के मटौंध में तथा महुआ मंडल के बूथ 157, खुरहंड में सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने कार्यकताओं के साथ पीएम नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना। उन्होने बताया कि पीएम ने अपने मन की बात कार्यक्रम में कहा कि आज हमें विकसित भारत का लीक्ष्य पाने के लिए एक बार फिर उसी स्पिरिट की जरूरत है। मै अपने सभी युवा साथियों को कहूंगा कि इस अभियान से अवश्य जुड़ें।

# विशेषज्ञता से परहेज

भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था, विभिन्न क्षेत्रों में हो रहे विकास, अनुसंधान और तकनीकी उन्नयन के इस दौर में देश को एक-दो नहीं बल्कि हजारों, लाखों विशेषज्ञों, वैज्ञानिकों और विभिन्न क्षेत्रों में कुशल व दक्ष लोगों की जरूरत है। ऐसे में अगर सरकार कुछ समय के लिए लेटरल इंट्री के जरिए विशेषज्ञों की सेवाएं लेती है, तो इससे देश को बहुत लाभ हो सकता है। यह एक स्वस्थ परंपरा है कि पूरे शासन-प्रशासन को ब्यूरोक्रेसी में जकड़ने के बजाय विभिन्न क्षेत्रों में योग्य लोगों की सेवाएं ली जायें। लेकिन आरक्षण की सियासत देश में इतनी विषैली हो गयी है कि सरकार को इस योजना से पीछे हटना पड़ा। जो कांग्रेस इसका विरोध कर रही है उसकी सरकारों में भी लेटरल इंट्री या अन्य तरीकों से विशेषज्ञों की सेवाएं ली गयीं। आर्थिक सुधारों के जनक डा. मनमोहन सिंह, रघुराम राजन, नंदन नीलकणी, विमल जालान, मोनटेक सिंह अहलूवालिया जैसे योग्य लोग लेटरल इंट्री के जरिए ही आये और इन्होंने देश की सेवा की। लेकिन आरक्षण की राजनीति इतनी जटिल हो गयी है कि देश की जरूरत के अनुसार विशेषज्ञों की सेवाएं प्राप्त करना कठिन हो गया है। आरक्षण पर झूठी और अतार्किक कहानियां गढ़ी जा रही हैं। लोकसभा चुनाव में विपक्ष का आरक्षण वाला हथियार कमोवेश उप्र और महाराष्ट्र में, कारगर साबित हुआ। राजस्थान में भी भाजपा को कुछ हद तक नुकसान झेलना पड़ा, अब उपचुनावों और राज्यों के विधानसभा चुनावों में भी विपक्ष इसका इस्तेमाल करना चाहता है और ऐसे ही फर्जी नैरेटिव के जरिए जीतने की मंशा विपक्ष पाल रहा है। जबकि हकीकत यह है कि न तो संविधान को खत्म किया जा सकता है और न ही आरक्षण छीना जा सकता है। इसे देश को समझना चाहिए। यदि दलित, आदिवासी और ओबीसी के किसी बच्चे को, प्राथमिक शिक्षा के स्तर पर, आरक्षण की सुविधा न मिले और पहली नौकरी के समय आरक्षण की अनिवार्यता लागू न की जाये, तो वह आरक्षण-विरोध है। उस पर आंदोलित भी होना चाहिए और अदालत का दरवाजा भी खट खटाना चाहिए, लेकिन भारत सरकार जिन शीर्ष पदों पर विशेषज्ञों की सीधी भर्ती करना चाहती है, वे सामान्य आरक्षण के दायरे में नहीं हैं। विशेषज्ञों को लेने की यह कवायद पहली बार नहीं की जा रही है। इस सूची में पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह का नाम भी है जो एक अर्थशास्त्री होने के कारण भारत सरकार की सेवा में आये। उनको तत्कालीन केंद्र सरकार ने भारतीय रिजर्व बैंक का गवर्नर बनाया था। फिर योजना आयोग का उपाध्यक्ष भी नियुक्त किया गया था। 1991 में जब वह केंद्रीय वित्त मंत्री बने तो वित्त सचिव के पद पर उन्होंने मोंटेक सिंह आहलूवालिया को नियुक्त किया, वे भी कोई आईएएस अफसर नहीं थे। फिर भी देश के वित्त सचिव बनाए गये। बाद में कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार में उन्हें भी योजना आयोग का उपाध्यक्ष बनाया गया। इसी सूची में रघुराम राजन, विमल जालान, नंदन नीलेकणि, सैम पित्रोदा, एनटीपीसी के चेयरमैन रहे पी. कपूर आदि सैकड़ों नाम हैं, जिन्हें सरकार ने सीधे वरिष्ठ पदों पर नियुक्त किया था। विशेषज्ञों की इस तरह से सेवाएं 1968 से ही ली जा रही हैं। तब संविधान को खत्म करने और आरक्षण को छीनने के मुद्दे नहीं उठाए गये। अब भी सीधी भर्ती वाले 57 शीर्ष अधिकारी भारत सरकार में कार्यरत हैं। इन भर्तियों से आईएएस, आईपीएस, आईएफएस, आईआरएस आदि के युवा दावेदार कहीं भी प्रभावित नहीं होंगे। यह मुद्दा विपक्षी नेता बार-बार उठा रहे हैं। इस तरह के झूठे नैरेटिव से सियासत तो की जा सकती है, लेकिन इससे देश का कल्याण नहीं होगा। इसलिए देश को यह समझना होगा कि अगर 1.40 अरब लोगों को आगे बढ़ाना है, उनके लिए रोजगार, स्वास्थ्य, शिक्षा का वाजिब प्रबंध करना है, तो योग्य लोगों की सेवाओं को लेना जरूरी है क्योंकि वही देश का सही मार्गदर्शन कर सकते हैं।




**देश की आर्थिक प्रगति और शिक्षा, स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में आगे बढ़ाने के लिए कुशल विशेषज्ञों की सेवा जरूरी है।**

---

**विचार**

काम और क्रोध का मूल स्थान इन्द्रियां हैं। इन्हीं इन्द्रियों से कर्म प्रवृत्ति पैदा होती है। इसलिए सबसे पहले इन इन्द्रियों को ही वश में करना चाहिए।
–ज्ञानेश्वरी.

जब तक मनुष्य के मन में काम, क्रोध, अहंकार और लोभ की अल्प मात्रा भी शेष रहती है, तब तक पंडित और मूर्ख दोनों एक समान होते हैं।
–संत कबीर.

ऐसी पुस्तक का प्रतिदिन अवश्य अध्ययन करें जो आपके आत्मिक, शारीरिक, सामाजिक अथवा आर्थिक उन्नति में सहायक हो।
–जैन धर्मग्रंथ.

मनुष्य का अज्ञानता जैसा दूसरा कोई शत्रु नहीं होता।
–चाणक्य.

बाद में उत्पन्न होने वाली इच्छाओं की पूर्ति करने की अपेक्षा अपनी पहली इच्छा का दमन कर देना ही सरल और श्रेयस्कर है।
–फ्रेंकलिन.

# सेबी के सख्त फैसले से निवेशकों को क्या मिला



लोकमित्र

**सेबी के सख्त फैसले से आखिरकार उस आम निवेशक को क्या फायदा हुआ, जिसकी सुरक्षा के लिए सेबी जैसी रेगुलेटरी का गठन किया गया था। जब हम सख्त फैसलों से खुश होते हैं, फैसला लेने वालों की वाहवाही करते हैं तो हमें इस बुनियादी बात पर जरूर विचार करना चाहिए कि आखिरकार इस फैसले से उस व्यक्ति को क्या फायदा हुआ, जो इससे सर्वाधिक पीड़ित है।**

शेयर एवं पूंजी बाजार के बढ़ते आकार के साथ यह भी जरूरी हो गया है निवेशकों के हितों के संरक्षण के लिए एक मजबूत सुरक्षा तंत्र विकसित किया जाये ताकि कोई भी कंपनी, ब्रोकर, शॉर्ट सेलर आम निवेश की गाढ़ी कमाई के साथ खिलवाड़ न कर सके। आज यानी 24 अगस्त 2024 को जब मैं ये पंक्तियां लिख रहा हूं, तब मेरे सामने देश ही नहीं दुनिया भर के अनेक बड़े अखबारों, वेबसाइटों और टीवी चैनलों की अनिल अंबानी के खिलाफ सेबी सिक्यूरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया अर्थात सेबी के सख्त फैसले की सुर्खियां बिखरी हुई हैं, जिनमें शाबासी के भाव से कहा गया है कि मार्केट रेगुलेटर सेबी ने उद्योगपति अनिल अंबानी के विरूद्ध अपने कड़े फैसले से उद्योगपतियों को कड़ा संदेश दिया है।

गौरतलब है की अनिल अंबानी पर 25 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है, साथ ही अगले पांच सालों तक के लिए उन्हें शेयर बाजार की किसी भी गतिविधि में हिस्सा लेने के लिए बैन कर दिया गया है। यही नहीं उनकी रिलायंस होम फाइनेंस (आरएचएफएल) कंपनी पर जिसके प्रबंधकों के जरिये अनिल अंबानी और अन्य लोगों ने 8,800 करोड़ रुपये का डायवर्जन किया। यह बड़ा कार्पोरेट गबन है। इस पर आरएचएफएल को अगले छह महीनों के लिए शेयर बाजार से बाहर कर दिया है। साथ ही उस पर भी 6 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। साथ ही इस धोखाधड़ी में शामिल अमित बापना पर 27 करोड़ रुपये, रवींद्र सुधालकर 26 करोड़ रुपये और पिंकेश आर शाह पर 21 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है। ये सब आरएचएफएल के प्रबंधन से जुड़े वरिष्ठ अधिकारी थे। सेबी के इस फैसले के बाद अनिल अंबानी समूह की कंपनियों के शेयरों में भारी गिरावट आना ही था, इस कारण अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस इंफ्रा, रिलायंस होम फाइनेंस और रिलायंस पावर के शेयरों में क्रमशः 14 फीसदी, 5.12 फीसदी और 5.01 फीसदी की गिरावट देखी गई। इस सब को देखने, सुनने और पढ़ने के बाद आम पाठकों को भी लगता है वाह! शेयर बाजार की रेगुलेटरी अथॉरिटी सेबी ने देखो कितना कड़ा और सबक सिखाने वाला फैसला किया है। लेकिन जरा इस पूरे फैसले को उन लोगों की निगाह से देखिये जिनके विरुद्ध अनिल अंबानी और उनके सहयोगियों की धोखाधड़ी का निर्णायक असर हुआ। दरअसल मार्च 2018 में आरएचएफएल के शेयर की कीमत 60 रुपये प्रति शेयर थी, लेकिन जब मार्च 2022 में इस काली करतूत का पदार्फाश हो गया कि कैसे अनिल अंबानी बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की चेतावनियों के बावजूद अपने प्रबंधकों के साथ मिलीभगत करके इतना बड़ा कार्पोरेट गबन किया है, तो उसके बाद उसी आरएचएफएल के शेयरों की कीमत घटकर मात्र 75 पैसे रह गई।




इससे आरएचएफएल में निवेश करने वाले नौ लाख से ज्यादा आम निवेशकों का भारी नुकसान हुआ, जिन्होंने इस भरोसे पर शेयर बाजार में एक बड़े कार्पोरेट घराने की कंपनी पर निवेश किया था कि अगर कंपनी कुछ गड़बड़ करेगी तो उस पर नजर रखने के लिए सेबी तो है ही। लेकिन सेबी न तो कार्पोरेट जगत की इस काली करतूत के समय रहते भांप पायी और न ही बाद में अपने तथाकथित सख्त फैसले से उन नौ लाख निवेशकों का रत्तीभर भला कर पायी।

ठीक है पांच साल तक अनिल अंबानी पर शेयर बाजार की सभी तरह की गतिविधियों में हिस्सा लेने पर पाबंदी रहेगी। यह भी सही है कि उन पर 25 करोड़ रुपये का जुर्माना भी लगा है और अब पांच सालों तक वे लिस्टेड कंपनी में चाहे वह उनकी हो या दूसरे की किसी महत्वपूर्ण पोस्ट पर नहीं रह सकते। लेकिन इससे नौ लाख उन निवेशकों को क्या फायदा होगा, जो इस धोखाधड़ी के कारण अपनी पूंजी गवां बैठे। आपको लगता होगा किसी एक कंपनी के शेयर के डूबने से कोई बर्बाद थोड़े हो जायेगा। लेकिन हिंदुस्तान में बड़ी तादाद में ऐसे निवेशकों की है, जो किसी कंपनी पर भरोसा कर लिया तो उस पर आंख मूंदकर अपनी सारी निवेश पूंजी लगा देते हैं। हालांकि आरएचएफएल के डूबने से कितने निवेशकों की कितनी पूंजी डूबी, ठीक इस बात का तो कोई निश्चित आंकड़ा नहीं है, लेकिन आमतौर पर यह देखा गया है कि जब किसी कंपनी का शेयर इस कदर ध्वस्त होता है तो उसमें 20 से 25 फीसदी आम निवेशक पूरी तरह से बर्बाद हो जाते हैं, तो अगर नौ लाख निवेशक पूरी तरह से आरएचएफएल के डूबने से नहीं डूबे होंगे तो भी कम से कम दो से ढाई लाख निवेशक तो ऐसे रहे ही होंगे, जिसकी इस धोखाधड़ी से पूरी तरह से कमर टूट गयी होगी। कोई नहीं जानता कि इस भयावह कार्पोरेट गबन के पदार्फाश के बाद कितने निवेशक सड़क पर आ गये?

लब्बोलुआब यह कि सेबी के इस सख्त फैसले से आखिरकार उस आम निवेशक को क्या फायदा हुआ, जिसकी सुरक्षा के लिए सेबी जैसी रेगुलेटरी का गठन किया गया था। जब हम सख्त फैसलों से खुश होते हैं, फैसला लेने वालों की वाहवाही करते हैं तो हमें इस बुनियादी बात पर जरूर विचार करना चाहिए कि आखिरकार इस फैसले से उस व्यक्ति को क्या फायदा हुआ, जो इससे सर्वाधिक पीड़ित है और अगर पीड़ित व्यक्ति को किसी सख्त फैसले से कोई फायदा नहीं होता तो ऐसे सख्त फैसलों का कोई अर्थ नहीं है। अनिल अंबानी की निजी संपत्ति आज भी 8 हजार करोड़ से कम नहीं है। अगर वाकई सेबी आम निवेशकों के दर्द को समझ रही होती, इस भयावह कार्पोरेट गबन के वास्तविक पीड़ितों की पीड़ा महसूस कर रही होती, तो वह भले ऐसा तथाकथित प्रतिबंध न लगाया होता, लेकिन कोई ऐसी व्यवस्था जरूर करती, जिससे अपनी खून पसीने की कमाई गंवा देने वाले निवेशकों से धोखाधड़ी करने वालों को सचमुच का सबक मिलता और जिन आम निवेशकों के साथ यह विश्वासघात हुआ था, उस विश्वासघात की किसी हद तक भरपायी होती।

कोई नहीं जानता कि ये जो 25 करोड़ रुपये का जुर्माना लगा है, उस जुर्माने के रूप में वसूली गई रकम से क्या होगा? लेकिन यह भी कहीं नहीं खुलासा किया गया कि उस रकम से निवेशकों की कोई भरपायी होगी। भरपायी तो हो भी नहीं सकती, क्योंकि गबन तो 8,800 करोड़ रुपये का है और इतनी बड़ी रकम के गबन के बाद जो कंपनी के पूंजीकरण का नुकसान हुआ होगा, वह इससे भी कहीं ज्यादा होगा। कहने का मतलब यह है कि आरएचएफएल के शेयर के 60 रुपये से टूटकर 75 पैसे आ जाने पर वास्तव में निवेशकों का कितना नुकसान हुआ होगा, वह कम से कम गबन की धनराशि से तो ज्यादा ही होगा। कुल मिलाकर अनिल अंबानी के विरूद्ध आया फैसले को मीडिया कितना ही सख्त फैसला क्यों न कह रही हो, लेकिन इस सख्त फैसले का न तो उन पीड़ितों को कोई फायदा हुआ है, जो कंपनी की धोखाधड़ी के कारण बर्बाद हो गये या जिन्हें नुकसान उठाना पड़ा और समय पर यानी घोटाले से पूर्व इसे न पकड़ पाने के कारण मौजूदा आम निवेशकों को भी किसी तरह की मनोवैज्ञानिक सुरक्षा नहीं महसूस होगी कि उनका निवेश सुरक्षित है। इसलिए ऐसे सख्त फैसले भी उन लोगों के किसी काम के नहीं हैं, जो इस तरह के बड़े कारपोरेट घोटाले या धोखाधड़ी में अपनी ईमानदारी की कमाई गंवा बैठते हैं।

---

**सोशल मीडिया**

पहले की सरकारों के सात दशक एक तरफ रख लीजिए और दूसरे तराजू में मोदी के 10 वर्ष रख लीजिए, मैं चुनौती देता हूं मोदी ने जितना काम किया, किसी ने नहीं किया। केशव प्रसाद मौर्य.



इंडी गठबंधन व उसके नेताओं की मानसिकता आज इतनी गिर गयी है कि देश की बेटी की जान उनके लिए 'डिस्ट्रैक्शन' मात्र है, नेता प्रतिपक्ष का यह बयान निंदनीय है। ज्योतिरादित्य सिंधिया.



भाजपा की हुकूमत बोल रही है कि 2024 का जो वक्फ़ लॉ बनेगा, जितनी भी वक्फ़ प्रापर्टी हैं, उसमें को रजिस्टर्ड कराओ, हम पांच सौ साल पुराने दरगाह की डीड कहां से लायेंगे। असदुद्दीन ओवैसी.



# ईश्वर का संदेश

**अंतर्दृष्टि**

आध्यात्मिक ज्ञान मनुष्य में एक नयी अनुभूति विकसित करता है। मनुष्य के आचरण में, व्यक्तित्व और कृतित्व के विकास में ज्ञान की बहुत बड़ी भूमिका होती है। आत्मिक प्रगति का प्रथम चरण आत्म-निरीक्षण जितना गंभीर और प्रखर होता है। उसी अनुपात में शरीर और आत्मा की भिन्नता का वास्तविक आभास होता है। अन्यथा तोतारटन्त की तरह आत्मा परमात्मा की चर्चा का बाल विनोद चलता रहता है। माया के बंधन शिथिल होने या कटने का एक मात्र उपाय है कि अपनी सत्ता की स्थिति को समझा जाये। यह अनुभूति विकसित हो सके तो ही आत्मा का महत्व एवं हित सूझ पड़ता है और शरीर के पक्ष में झुकी हुई सारी प्रकृति को संतुलित करने का मन होता है। शरीर संसार में अनुरक्त रहता है और आत्मा की प्रायः उपेक्षा करता है। यह सोच तक नहीं पाता कि हमारे भीतर आत्मा नाम की कोई वस्तु भी है और उसकी भी कुछ मांग, पुकार, सुख एवं आवश्यकताएं भी हैं। इस प्रकार की अनुभूति तभी होती है जब शरीर तथा इसके सुखों पर सर्वस्व न्यौछावर किए रहने के ढर्रे में परिवर्तन किया जाये।

आत्मा को परमात्मा का संदेश सुनने और आह्वान को अंगीकार करने की बात अंतरंग की गहराई तक प्रवेश कर जाती है। तभी यह सूझ पड़ता है कि शरीर की तरह आत्मा के निमित्त भी कुछ किया जाना चाहिए। क्या किया जाना चाहिए? इसके उत्तर में दो तथ्य उभर कर सामने आते हैं। एक यह कि आत्म गौरव के अनुरूप व्यक्तित्व के ढलने में जो त्रुटियां चल रही हैं, उनका कठोरतापूर्वक नियमन किया जाये। इसी को तप कहते हैं। इस संदर्भ में कठोरता बरतनी होती है। अभ्यस्त दुष्प्रवृत्तियां सहज पीछा नहीं छोड़तीं। तपश्चर्या का अभिप्राय शरीर को कष्ट देना नहीं है। इसका वास्तविक अर्थ है- ऐसा मनोबल विकतिस करना जो दुष्प्रवृत्तियों से मल्ल युद्ध करके उन्हें परास्त कर सके। इसी को संशोधन पक्ष कहते हैं। इसके अतिरिक्त दूसरा पक्ष श्रेष्ठता के अभिवर्द्धन का है। यह आत्मविश्वास एवं आत्मबल के आधार पर उपर्युक्त क्रम बना लेने से भी संभव हो सकता है। इसके लिए सत्प्रवृत्तियों के समन्वय द्वारा ईश्वर की उपासना सहायक होती है। इसे ही योग कहते हैं। विराट ब्रह्म से अपने आपको जोड़ना ही योग है। क्षुद्र स्वार्थपरता के संकीर्ण बंधनों को शिथिल करने का अभ्यास करना ही योग है। ऐसे साधक का दृष्टिकोण समता और क्रिया कल्याण सर्वजनीन हित साधन का होता है। इसके लिए कर्म ज्ञान भक्ति किसी भी मार्ग अथवा इसके समन्वय का अभ्यास आरम्भ किया जा सकता है। यही है यथार्थवादी आत्मिक प्रगति का राजमार्ग जिसे अपनाकर कोई भी साधक पूर्णता के लक्ष्य की ओर बढ़ सकता है।

# पांच पीढ़ियों का कल्याण

**व्यंग्यलोक**

अगले चुनाव में जीतने की उम्मीद न करें और जितना भी हड़प अथवा हजम कर सकें कर लें, वर्ना आगामी चुनाव के समय आर्थिक परेशानी आ सकती है। हारने पर रोटी के भी लाले पड़ सकते हैं। इसलिए एक बार सरकार में रहकर पाँच पीढ़ियों के ऐशो आराम की व्यवस्था को ध्यान में रखिए। कई बार अंतुले कौतुक-करतब राजनीति में लम्बे समय तक जिन्दा रखते हैं। कोई भी बड़े नेता के नाम पर कोई बड़ा धंधे का धंधा, गबन-घोटाला करके, सत्ता से अलग हो जाओ, तब भी सत्ता में रहने के जैसे ही ऐशो आराम भोग सकते हो। ऐसा करने से राजनीति से अलग और सत्ताहीन होने का दुःख नहीं व्यापता है थोड़ी सावधानी यही रहे कि जरा केन्द्र को भी विश्वास में ले लें, वरना वह आपको चैन की बंशी नहीं बजाने देगा और कोई जाँच आयोग-वायोग का नाटक रचकर फिजूल परेशान किया जाएगा। राज्य में कोई न कोई ऐसा कार्यक्रम प्रारम्भ करवा दें जिसमें गरीबी की पीड़ा निहित हो तो इससे भी समय आसानी से कट जाता है। जैसे दस्यु उन्मूलन अभियान, पिछड़े को पहले, बेघर को घर, जंगल में मंगल, अन्त्योदय तथा सबको रोटी, ये ऐसे नारे और आश्वासन हैं कि जनता का सहज आपके प्रति विश्वास जग आएगा तथा उसकी लार टपकने लगेगी। करना आपको कुछ नहीं है बस सचिवालय से आदेश निकालकर विभागों के निदेशालयों के मार्फत, जिला मुख्यालयों तथा ग्राम पंचायत स्तर तक उनके निर्देश भेज देने हैं। सरपंच, जिला प्रमुख और जिलाधीश आपकी सरकार की दुकान साधे रहेंगे। कई बार स्थिति उस समय बड़ी विषम हो उठती है जब आपके मंत्रिमण्डल में कोई अन्य साथी आपकी बराबर की टक्कर का हो। उससे सचेत तो रहें ही, इसके साथ ही साथ आप केन्द्र से बातचीत करके, उपमुख्यमंत्री का पद सृजित करवाकर उसे वहाँ 'एडजस्ट कर दें। इससे उसका 'ईगो काफी हद तक मर जाएगा और वह खुलकर विरोध करने में संकोच करेगा। लम्बे समय तक सत्ताजीवी रहने के लिए यह भी जरूरी है कि आप जन सम्पर्क अथवा जन आयोजनों में ज्यादा भाग न लेवें। इससे आपके मुँह से अंट-संट निकलने तथा भूल-चूक होने का पूरा खतरा रहता है। इसलिए इस तरह की बातों से बचें और यदि नौबत जाने की आ ही गई है तो मित्तभाषी बनकर महान और बृद्धिजीवी होने का भ्रम उत्पन्न करें। राज्य में कई बार मजदूरों अथवा कर्मचारियों के आन्दोलन भड़क उठते हैं। ये अवसर भी अत्यन्त घातक होते हैं। आप प्रयास कीजिए उन्हें तत्काल राहत की पंजीरी देने की। यदि फिर भी वे लोग काबू में नहीं आ रहे हैं तो एक समिति बना दें तथा उसमें वह व्यक्ति जरूर शामिल कर देवें, जो आपका प्रतिद्वंदी हो, इससे जिन्दाबाद, मुर्दाबाद का जयघोष उसके ही नाम बुलेगा।



पूरन सरमा

# भगवान श्रीकृष्ण सोलह कलाओं के अधिपति हैं



श्रीकृष्ण जन्माष्टमी आज

**प्रो. आर.एन. त्रिपाठी**

मधुराष्टक में कहा गया है कि 'मधुराधिपते रखिलमधुरम' जिसका सब कुछ मधुर, मधुरतम है, आज ऐसे नंद नंदन के जन्मदिन को हम मना रहे हैं। जब कभी हम अपने किसी ईष्ट को याद करते हैं तो वह स्मृति में आता है, उसका हम मनन-चिंतन करते हैं, परंतु श्रीकृष्ण अलग हैं। वो जब चेतना में आते हैं तो वह मनन नहीं, चिन्तन नहीं, बल्कि रमण करते हैं। यहाँ रमण को समझना अति आवश्यक है, रमण का मतलब जीवन के क्षण-क्षण और इस सृष्टि के कण-कण में वह व्याप्त नजर आते हैं। जरा समझिये वे गाय चराते हैं, रास रचाते हैं, माखन चुराते हैं, युद्ध भी करते हैं। युद्ध छोड़कर भाग भी जाते हैं। वह मुरलीधर, जो मुरली बजाकर मोहित भी करते हैं, गिरिधर हैं जो साबित करते हैं कि धरा का संपूर्ण भार मैं ही वहन करता हूं। वह चक्रधर हैं, चक्र से काटते भी हैं और घुमाते भी हैं। अर्थात किसी न किसी रूप में सबको अपनी माया से भ्रमित करते हैं।

यहाँ कृष्ण के नाम के अर्थ को भी स्पष्ट कर देना आवश्यक है, कृष्ण कृष, धातु से बना है, जिसका अर्थ अपनी ओर खींचना होता है, इसीलिए उसे मोहन कहते हैं। ध्यान रखिये वह मोहन, मोहक तो हैं लेकिन स्वयं मोहित नहीं होते हैं। सृष्टि को स्पंदित करने वाली बांसुरी बजाते हैं। उनकी बांसुरी जड़ को चेतन बनाती है। गोपियाँ बाँसुरी तो चुराती हैं लेकिन बांसुरी को अधर से नहीं लगाती है, क्योंकि वे कहती हैं कि या मुरली मुरलीधर की अधरानधरी अधरा न धरौगीं।। लेकिन देती नहीं है बासुरी। बतरस लालच लाल की मुरलीधरि लुकाय। संघर्ष के तो वे वाहक हैं, जन्म कितनी विपरीत परिस्थितियों में, पालन पोषण हेतु दूसरी जगह, कार्य गो पालन, तब भी वह विराट खड़े हैं, कभी सारथी बनकर कभी गोदनहारी, मनिहारी बनकर कभी चक्र उठाकर वध भी करते हैं। रूप मोहिनी का जादू तो ऐसा डालते हैं कि फिर कोई उबर न पावे। अपने ही रंग रंग लीन्हों रे मुझसे नैना मिलाइके। आप ध्यान दीजिए वह कहीं भी किसी चित्र में सीधे खड़े ही नहीं होते जहाँ देखिये वे तिरछे ही खड़े हैं। तिरछी ही उनकी चितवन है तिरछे ही उसके नैन हैं। वह सोलह कलाओं से युक्त माने जाते हैं। वह सोलह कलाएं भी जान लें। प्रथम है धनसम्पत्ति, उसका वह अगाध भंडार हैं, दूसरी भू अचल, अर्थात वह भुवनेश्वर तो हैं ही, तीसरी है कीर्ति, चहुदिस उन्हीं की कीर्ति का गान होता है। चौथी है इला, अर्थात सम्मोहकता, इसीलिए वह मोहन कहलाते हैं। पांचवीं है लीला आनंद। उन का काम ही लीला करना है। वह लीलाधर हैं। छठी है कांति, सौदर्य आभा क्या कहने, सातवीं है विद्या मेधा सम्पूर्ण चराचर जगत उनकी मेधा का कायल है। आठवीं है विमल, अर्थात पारदर्शिता। नवीं है उत्कर्षनी, अर्थात प्रेरणा और नियोजन, महाभारत जैसे युद्ध के वे प्रेरणाधार रहे। दसवीं है नीर क्षीर विवेक। ग्यारहवीं है कर्मणता। गीता का उपदेश और अर्जुन को प्रेरणा का आधार। बारहवीं है योगचित्तलय अर्थात मन को आत्मा में लीन करना। इसलिए वह योगेश्वर कहलाते हैं। तेरहवीं है प्रहवि, अर्थात विनय, माँ के सामने माखन चुराते समय वह यह कला दिखाते हैं। चौदहवीं है सत्य पर्याय, वह सदा सत्य ही हैं। एकबार शिशुपाल की माता जब उससे पूछती है कि लिखा है कि कृष्ण तुम मेरे पुत्र शिशुपाल का वध करोगे, तो वह उनसे कहते हैं कि यही विधि का विधान है। मुझे करना ही पड़ेगा। पन्द्रहवीं है ईषना, अर्थात आधिपत्य। लोगों पर अपना प्रभाव डाल देते हैं चाहे वह जड़ हो या चेतन और सोलहवीं है, अनुग्रह अर्थात बिना प्रत्युपकार का भाव रखे सबका उपकार करना। उनकी ये समस्त कलायें शिव तत्व का बोध कराती हैं, जिसमें सत्यं शिवम् सुन्दरम समाहित है।

इस कलिकाल में जहाँ कब कुठार चल जाये, श्री कृष्ण ही एक सहारा हैं, क्योंकि कालीनाग रूपी बुराइयों से कैसे बचा जाये, सम्प्रति समाज में कुकृत्यकारी चारों तरफ अपनी विषबेल फैलाये हैं। उसी में जीवन जीना है, इनसे तो अब श्रीकृष्ण ही बचा सकते हैं। उत्साह कम न करें दिनकरजी की इस कविता से प्रेरणा लें। विषधारी मत डोल की मेरा आसन बहुत कड़ा है। कृष्ण आज लघुता में भी सापों से बहुत बड़ा है।

**(लेखक बीएचयू वाराणसी में समाजशास्त्र के प्रोफेसर हैं)**

---

**आप की बात**

## हरित ऊर्जा पर दें सब्सिडी

देश में हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने के जिए जरूरी है कि सरकार ठोस नीतियों के जरिए इनकी कीमतों को कम करे और लोगों को आर्थिक मदद, सब्सिडी और वित्तीय सहायता देकर ग्रीन ऊर्जा अपनाने के लिए प्रेरित करे। सभ्यता के प्रारम्भ से आधुनिक और स्मार्ट दौर तक हर चीज में बदलाव आया है। परिवर्तन समाज का नियम है। जो इसे समझने में देर करता है वह पिछड़ जाता है। आयात पर अत्यधिक निर्भरता को घटाने, प्रदूषण फैलाने वाले जीवाश्म ईंधन के स्थान पर स्वच्छ ईंधन की तरफ बढ़ने और ऊर्जा आत्म निर्भरता को मजबूत करने के लिए पिछले कुछ सालों में सरकार ने कई पहल की है। दस हजार सीएनजी स्टेशन खोलने और 400 जिलों में खाना बनाने के लिए पाइप से गैस की आपूर्ति की महत्वाकांक्षी परियोजना की शुरुआत की गयी है। ऊर्जा आज समाज की एक ऐसी जरूरत है जिसके बिना किसी भी व्यक्ति का एक मिनट भी गुजारा संभव नहीं है। ऊर्जा की इस अपरिहार्यता के मद्देनजर ही आज पूरी दुनिया ऊर्जा के नये-नये विकल्पों की तलाश में है। राष्ट्रों की डिप्लोमेसी ऊर्जा हितों के संरक्षण के आसपास घूमती है। इसलिए ऊर्जा आत्मनिर्भरता जरूरी है।

**राहुल विश्वकर्मा, लखनऊ.**

## बढ़ती जनसंख्या

देश बढ़ती जनसंख्या के बोझ से दब रहा है। इसलिए देश में विवेक पूर्ण जनसंख्या हमारी जरूरत है अन्यथा देश को गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। आज देश की जनसंख्या 144 करोड़ से अधिक है, जो विश्व में सर्वाधिक है। हालांकि 2021 में जनगणना नहीं की जा सकी, क्योंकि वह कोरोना महामारी का दौर था। जनगणना 2011 में की गई थी, उसके बाद 13 साल गुजर चुके हैं, लेकिन कोई अधिकृत जनगणना नहीं हुई है। 2011 में हिंदू आबादी 79.80 फीसदी थी, जबकि मुस्लिम आबादी 14.20 फीसदी थी। मुसलमानों की दशकीय बढ़ोतरी दर करीब 25 फीसदी थी, जबकि हिंदुओं की दशकीय बढ़ोतरी दर करीब 17 फीसदी थी। यानी हिंदुओं की तुलना में मुसलमानों की आबादी अधिक तेजी से बढ़ रही है। आजादी के बाद 1951 में देश में करीब 3.5 करोड़ मुसलमान थे, जिनकी आबादी 2023 में बढ़ कर 20 करोड़ के पार हो गई। अब तो यह आंकड़ा भी बदल चुका होगा! अब प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद की एक रपट के जरिए चौंकाने वाले आंकड़े और रुझान सामने आए हैं। रपट में 1950 से 2015 तक जनसंख्या के रुझान के आंकड़े दिए गए हैं।

ये इस कालखंड में जनगणना के दौरान भी सामने आए होंगे! तो फिर आर्थिक सलाहकार परिषद की ऐसी रपट तब क्यों सार्वजनिक की गई, जब आम चुनाव, 2024 के तीन चरण के मतदान सम्पन्न हो चुके हैं? लोकसभा की 282 सीटों, करीब 52 फीसदी पर जनादेश ईवीएम में दर्ज हो चुका है। रिपोर्ट के मुताबिक 1950 से 2015 तक की 65 साल की अवधि में बहुसंख्यक हिंदू आबादी 84.68 फीसदी से घट कर 78.6 फीसदी हो गई है, जबकि मुस्लिम आबादी 9.84 से बढ़ कर 14.09 फीसदी हो गई है। हिंदू करीब 8 फीसदी घटे हैं और मुसलमानों की बढ़ोतरी 43.15 फीसदी हुई है। आबादी का यह असंतुलन चुनौतीपूर्ण, खतरनाक, चिंताजनक और विस्फोटक हो सकता है। भारत इंडोनेशिया, मलेशिया, सूडान, सर्बिया आदि देशों में आबादी के असंतुलन के कारण विभाजन देख चुका है। देश दो फाड़ हुए हैं और नए देश बने हैं। इंडोनेशिया कभी हिंदू, बौद्ध बहुल देश था, लेकिन आज दुनिया के सबसे अधिक मुसलमान इंडोनेशिया में ही रहते हैं और बौद्ध अल्प संख्यक हो गए हैं। भारत में मुसलमान आबादी में वे शामिल नहीं हैं, जो जनगणना जैसे अभियानों का बहिष्कार करते रहे हैं। इस लिहाज से मुस्लिम आबादी की बढ़ोतरी अधिक हो सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक, हिंदुओं के साथ-साथ जैन और पारसी की आबादी भी घटी है। मुसलमानों के अलावा सिख, बौद्ध, ईसाई की आबादी बढ़ी है।

**प्रवीण कुमार सिंह, लखनऊ.**

संक्षेप

## पत्नी पर चाकू से हमला कर किया घायल

**सोहावल-अयोध्या।** रौनाही थाना क्षेत्र के एक गांव में पति पत्नी के आपसी विवाद में आग बबूला हुए पति ने पत्नी पर चाकू से हमला कर घायल कर देने का मामला प्रकाश में आया है। जिनकी तहरीर पीड़िता ने थाना प्रभारी रौनाही को दी। पीड़िता की तहरीर पर प्रभारी निरीक्षक पंकज सिंह ने मेडिकल कराकर मुकदमा दर्ज किया। शनिवार देर शाम मुबारकगंज गांव निवासी अमर धारी यादव का पत्नी रूपा यादव से तू तू मैं के बाद विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि पति ने पत्नी पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। जिससे रूपा यादव को गले में सीने में व हाथ में काफी चोटें आई। रूपा यादव ने लिखित तहरीर में आरोप लगाया कि मेरे पति अमर धारी यादव का किसी दूसरी महिला से अवैध संबंध है। जिसका विरोध करने पर आए दिन मारते पीटते व मुझे घर से भागते थे। दूसरी शादी करने की बात कहकर प्रताड़ित करते हैं। थाना प्रभारी रौनाही पंकज सिंह ने बताया कि पीड़िता का मेडिकल कराया गया है। आरोपी पर मुकदमा अपराध संख्या 85 धारा 115/2, 118/1, 351/ 2 व 352 में मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

## धूमधाम से मनाई गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

**अयोध्या।** जय गणेश पब्लिक स्कूल देवकली में कृष्ण जन्माष्टमी मनाई गई। बच्चों को श्री कृष्ण और राधा की वेशभूषा में सज-धजकर कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के निदेशक/प्रबंधक श्री राम सागर यादव जी ने भगवान श्रीकृष्ण की पूजा करके की। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य प्रमोद कुमार, प्रधानाचार्य सुनीता यादव व अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। बच्चों ने नृत्य के माध्यम से भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं को प्रस्तुत किया। श्री कृष्ण और राधा बने बाल गोपालों ने सबका मन मोह लिया। नृत्य के माध्यम से श्री कृष्ण जन्माष्टमी की सुंदर झांकी भी प्रस्तुत की। कार्यक्रम में स्कूल की समस्त छात्र एवं छात्राओं ने प्रतिभाग किया। विद्यालय के प्रबंधक की तरफ से कार्यक्रम में सम्मिलित सभी बच्चों को पुरस्कार स्वरूप पेंसिल, चॉकलेट, टॉफी, मिठाई आदि वितरित करके उत्सवर्धन किया गया।

# कृष्ण की भक्ति में लीन हुआ जीपीएस परिसर

**अयोध्या।** गायत्री पब्लिक स्कूल रेवतीगंज में भगवान श्री कृष्ण को समर्पित पर्व जन्माष्टमी धूम धाम से मनाया गया। प्रबंधक उमा शंकर शुक्ल ने भगवान श्री कृष्ण और मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। उप प्रबंधक रमा शंकर शुक्ल ने कहा कि मान्यता है कि भादो मास की अष्टमी तिथि को रोहिणी नक्षत्र में आधी रात को भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था। कृष्ण जन्माष्टमी को कृष्णाष्टमी, गोकुलाष्टमी, अष्टमी रोहिणी, श्रीकृष्ण जयंती और श्री जयंती के नाम से भी जाना जाता है।जब भी दुनिया में अराजकता और आतंक का बोलबाला होता है, भगवान विष्णु धर्म के शासन को बहाल करने के लिए धरती पर विभिन्न अवतार लेते हैं। श्री कृष्ण धर्म के रक्षक हैं जो दुनिया को अधर्म और उसके अनुयायियों द्वारा किसी भी तरह के नुकसान से बचाते हैं। इस अवसर पर पूरा विद्यालय प्रांगण कृष्ण की भक्ति में लीन रहा। विद्यार्थियों ने "छोटी छोटी गईया छोटे छोटे ग्वाल, वो कृष्णा है, सपने में रात में आया मुरली वाला रे" आदि कृष्ण भक्ति के रंगों में रंगे भजनों और गीतों पर अपनी प्रस्तुतियों से सबका दिल जीत लिया। कार्यक्रम में वैष्णवी, श्रेया, आकृति,



सनाया, पीहू, आनवी, अजेश विक्रम, दिव्यांश, दीपांकर, आराध्या, अविका, आदित्य, अलंकृता आदि बच्चों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। पूरा कार्यक्रम प्रिया पांडेय और सरस्वती तिवारी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। डॉ. हरि नाथ तिवारी और हरि ओम तिवारी की मौजूदगी में प्रधानाचार्या शिखा दूबे और प्रभा शंकर शुक्ल ने जन्माष्टमी की बधाई प्रेषित की।

## गौशाला में भी मनेगा जन्माष्टमी पर्व

**गोसाईगंज-अयोध्या।** नगर पंचायत गोसाईगंज के धारूपुर स्तिथ गौआश्रय स्थल पर जन्माष्टमी के अवसर पर सोमवार को दिन के 11 बजे नगर पंचायत द्वारा श्री कृष्ण जन्माष्टमी का कार्यक्रम आयोजित होगा।उक्त जानकारी देते हुए चेयरमैन विजयलक्ष्मी जायसवाल ने बताया कि बालगोपाल श्री कृष्ण जी का गौमाता से अटूट प्रेम था।

हम नगरवासियों का भी कर्तव्य बनता है कि गौ माता की सेवा हम स्वयं करें, अगर हर परिवार एक गौ वंश की देख भाल करने की पहल कर ले तो इससे बड़ा पशु धर्म हो ही नहीं सकता।कार्यक्रम में समस्त नगरवासियों को भी आमंत्रित किया हैं। बताया कि गौशाला के माध्यम से नगर पंचायत गोसाईगंज एक बहुत ही व्यापक पहल करने जा रहा है जिससे नगर की अर्थव्यवस्था में एक विशेष सुधार हो सकता हैं।

ज्ञात हो कि पिछले माह 11जुलाई को नगर पंचायत के स्थापना दिवस के अवसर पर चेयरमैन ने अपने बोर्ड सदस्यों व पूर्व सदस्यों के साथ गौसेवा रोटी बैंक की शुरूआत की थी, जिसमें नगर के प्रत्येक घर से रोटी, गुड, अनाज आदि नगर वसियों द्वारा दान किया जाता है। जो गौशाला में गौवंशो तक पहुँचाया जाता हैं।

# एक डॉक्टर व वार्ड ब्वॉय के सहारे आरोग्य मेला, फार्मासिस्ट और एलटी नदारद

जिला संवाददाता(vol)




**रुदौली-अयोध्या।** मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में स्वास्थ्य अफसरों की बड़ी लापरवाही के चलते सिर्फ एक डॉक्टर व वार्ड ब्वाय के सहारे खानापूर्ति की जा रही है। मेले में न तो कोई स्टाल लगाया गया और न ही ब्लड जांच के लिए कोई कर्मचारी

- आशा, आंगनबाड़ी, एएनएम,फार्मासिस्ट व एलटी रहे नदारद
- बिना योजनाओं के स्टॉल के निपटता है मुख्यमंत्री का ड्रीम कार्यक्रम

मौके पर मौजूद रहा। विशेषज्ञ न होने और उच्च अफसरों द्वारा निरीक्षण के नाम पर खानापूर्ति किए जाने से इसका असर प्रत्येक रविवार को लगने वाले आरोग्य मेले पर पड़ रहा है। जिससे मरीज मुख्यमंत्री की महत्वकांक्षी योजना से कन्नी काट रहे है। लेकिन अफसरों द्वारा शाम होते ही फर्जी जांच व रिपोर्ट अधिकारियों को भेजी जाती है।आपको बता दें हर रविवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आरोग्य मेले का आयोजन किया जा रहा है। लेकिन वह महज खानापूर्ति तक सीमित होकर रह गया है। रविवार को मवई ब्लाक के पीएचसी पुरेकामगार में दोपहर 12 बजे मुख्यमंत्री आरोग्य मेले की पड़ताल की गई तो वहां पर अकेले मौजूद चिकित्सा प्रभारी डॉ० पृथ्वीपाल यादव मरीजों का इंतजार करते नजर आए और वार्ड ब्वाय अनिल कुमार पर्चा काउंटर पर थे। वही मेले में कही भी अन्य योजनाओं के स्टाल नजर नही आए। तथा फार्माशिस्ट श्रवण कुमार और एलटी और एएनएम समेत पूरे स्टाफ के लोग नदारद रहे। सुबह नौ बजे से 12 बजे तक केंद्र पर मात्र 12 मरीज ही डॉक्टर के पास परामर्श लेने पहुंचे। ब्लड जांच की सुविधा तो यहाँ है लेकिन कर्मचारी गायब रहा।पीएचसी चिकित्सा प्रभारी डॉ. पृथ्वी पाल यादव ने बताया कि स्टाल नही लगाया जाता है। उन्होंने बताया कि आंगनबाड़ी पहले आते थे लेकिन अब पता नही क्यो नही आते है। उन्होंने बताया कि 12 बजे तक 12 मरीजों का इलाज किया जा चुका है।

# चौरासी कोसी परिक्रमा मार्ग गड्ढे में तब्दील

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** गड्ढा युक्त चौरासी कोसी परिक्रमा मार्ग अयोध्या में गड्ढा मुक्त सड़क" सरकार के दावे को मुंह चिढ़ा रही है। तीन वर्षों से भागीपुर गांव स्थित परिक्रमा पथ पर जल भराव है। किन्तु जिम्मेदार इस दिशा में कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। अयोध्या के 84 कोसी परिक्रमा मार्ग के भागीपुर गांव में

- मुख्य मार्ग पर जल भराव के चलते राहगीरों का चलना हुआ दुश्वार



रोड पर करीब 200 से 300 मीटर तक जल भराव बना रहता है। इसी मार्ग से आधा दर्जन विद्यालय के बच्चों के आने जाने के साथ ही प्रतिदिन करीब दस हजार लोगों का आवागमन होता है। ग्रामीणों का कहना है कि 3 वर्षों से इसी तरीके से जल भराव हो रहा है। लोगों को आने जाने में परेशानियां हो रही है। आए दिन राहगीर सड़क हादसे का शिकार हो रहे हैं। प्रदेश की योगी सरकार जहां गड्ढा मुक्त सड़कों की बात करती है, वही मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र के इनायत नगर बाजार से आस्तिकन जाने वाले 84 कोसी परिक्रमा संपर्क मार्ग पर भागीपुर गांव में दो सौ से तीन सौ मीटर तक जल भराव की स्थिति बनी रहती है। यह एक दिन का मामला नहीं है, हल्की सी बारिश होते ही जल भराव हो जाता है। इस ओर न कोई जनप्रतिनिधि ध्यान दे रहे हैं और न ही संबंधित विभाग के अधिकारी ही। ग्रामीण बताते हैं कि करीब 15 वर्ष पहले इनायत नगर से आस्तिकन को जोड़ने वाला 84 कोसी परिक्रमा संपर्क मार्ग प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत बना था। जिस पर ग्राम भागीपुर में लगभग 200 मीटर तक इंटरलॉकिंग की गई थी। ग्रामीणों द्वारा लगातार जल बहाव के स्थानों पर अतिक्रमण करने से पूरा पानी मार्ग पर ही रुकने लगा। जिससे इंटरलॉकिंग उखड़ कर बड़े-बड़े गड्ढों में तब्दील हो गई। जिसके चलते तीन वर्षों से जल भराव की समस्या बनी हुई है। लेकिन बारिश में समस्या विकराल रूप धारण कर लेती है। बीकापुर से रेवतीगंज, आस्तिकन, भागीपुर होते हुए इनायतनगर आने वाले राहगीरों को दूसरे मार्गो का सहारा लेकर इनायत नगर तक पहुंचना पड़ रहा है। ग्रामीण जग प्रसाद, आनंद सेन, गंगा सागर मौर्या, विकास पाल, राजू, शिव नायक, शिवप्रसाद, अमरनाथ, पवन कुमार, चिंताराम, खुशीराम, राज बहादुर, हरिपाल, सोनू सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि सबसे ज्यादा समस्या नौनिहालों को होती है। जिन्हें विद्यालय जाने के लिए कमर भर पानी में उतर कर जाना पड़ता है या मार्ग बदलकर जाना पड़ता है।

अगर स्थिति यही रही तो कभी भी किसी बच्चे के साथ कोई भी अप्रिय घटना घट सकती है। भागीपुर के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अजीत जायसवाल बताते हैं कि मार्ग पर हो रहे जल भराव की शिकायत मैंने जिले के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही से की थी शिकायत के बाद पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों की टीम मौके पर जांच करने आई थी। उन्होंने मुझसे कहा कि 2024- 25 की कार्य योजना में इसको डाल दिया है। धन अवमुक्त होने के बाद बनाया जाएगा।

# नाबालिग बालिका को बहलाकर ले जाने का आरोपी गिरफ्तार

जिला संवाददाता(vol)

**सोहावल-अयोध्या।** रौनाही थाना क्षेत्र की ग्राम सभा मीरपुर कांटा के मजरे बड़ी गालीपुर में मदरसा के नाम पर चंदा मांगने आये युवक ने एक नाबालिग बालिका को अकेला पाकर बहला फुसलाकर एकांत स्थान की तरफ

- इकबाल मदरसे के लिए चंदा मांगने का बहाना बनाकर आया था
- ग्रामीणों ने 112 नम्बर पर फोन कर सूचना दिया
- पुलिस ने गंभीर धाराओं में भेजा जेल

ले जाने लगा तो आस पास मवेशी चरा रहे कुछ लोगों ने देखा और बच्ची को लेकर जा रहे युवक की तरफ दौड़े तो वह उसे लेकर एकान्त की तरफ भागा जिस पर ग्रामीणों ने 112 नम्बर पर फोन कर सूचना दिया।

सूचना मिलते ही मौके पर पहुँची पी आर वी पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से पकड़ लिया और थाना रौनाही ले आयी। शनिवार की दोपहर में इनायत नगर थाना क्षेत्र के उछाह पाली निवासी युवक इसरार पुत्र इकबाल उम्र लगभग 32 वर्ष मीरपुर के मजरे बड़ी गालीपुर में मदरसे के लिए चंदा माँगने का बहाना बनाकर आया था। आरोप है कि बच्ची के घर पर चंदा की माँग रखी।

जब तक उसके परिजन चंदा देने के लिए रुपया लाने घर के अन्दर चले गये।इसी बीच घर से बाहर निकली लगभग पाँच वर्षीय बच्ची को पकड़कर लेकर भाग कर एकांत स्थान की तरफ जाने लगा वही पर गाँव के ही कुछ लोग अपने जानवर चरा रहे थे। बच्ची को एकांत स्थान की ओर ले जाता देखकर स्थानीय लोगों ने उसे रोकने का प्रयास किया। लेकिन वह नहीं माना तो लोगों ने 112 नम्बर पर फोन किया। साथ ही परिजनों सहित ग्रामीणों को सूचना दिया। मौके पर पहुँची पी आर वी के सिपाहियों ने ग्रामीणों की मदद से दौड़कर पकड़ लिया।

इस सम्बन्ध में प्रभारी निरीक्षक रौनाही पंकज सिंह ने बताया कि पीड़ित बालिका के माँ की तहरीर पर अपहरण, छेड़छाड़ और पास्को की धारा में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेजा गया है।

# स्थानांतरित सीडीओ को दी गयी भावभीनी विदाई

जिला संवाददाता(vol)

**बहराइच।** शनिवार को देरशाम विकास भवन सभागार में आयोजित विदाई समारोह में मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर को भावभीनी विदाई दी गयी। इस अवसर पर जिलाधिकारी मोनिका रानी, डीएफओ कतर्नियाघाट बी. शिव शंकर, डीडीओ राज कुमार, उपायुक्त मनरेगा सतीश पाण्डेय, डीपीआरओ राघवेन्द्र दिवेद्वी सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने स्थानान्तरित सीडीओ को पुष्प गुच्छ तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर विदाई दी।




विदाई समारोह को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कहा कि अनुशासित और सकारात्मक सोच रखने वाली अधिकारी के तौर पर रम्या आर को याद रखा जायेगा। डीएम ने कहा कि स्थानान्तरित सीडीओ की एक खूबी यह भी थी कि सरकारी कार्यों के साथ सामाजिक सरोकार के अन्य कामों को भी पूरी संजीदगी के साथ अन्जाम देती थीं। डीएम ने कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 तथा भारत संकल्प यात्रा तथा सेवा से संतृप्तिकरण अभियान के दौरान रम्या आर ने सौपे गये उत्तरदायित्वों का निर्वहन बखूबी किया गया। समारोह को डीएफओ कतर्निया, डीडीओ, उपायुक्त मनरेगा, डीपीआरओ, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, बीडीओ फखरपुर व महसी सहित अन्य वक्ताओं ने निवर्तमान सीडीओ के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। विदाई समारोह को सम्बोधित करते हुए निवर्तमान सीडीओ रम्या आर ने सभी अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जनपद बहराइच को वह हमेशा याद रखेंगी। जिलाधिकारी के मार्ग निर्देशन में एक टीम भावना के साथ कार्य करने के लिए उन्होंने सभी सहयोगी अधिकारियों की सराहना की। विदाई समारोह का संचालन शिक्षक कवि संतोष सिंह ने किया।

## हरिबंधनपुर ग्राम पंचायत में तीन वर्ष से नहीं हुई खुली बैठक

**सोहावल-अयोध्या।** विकास खण्ड क्षेत्र की ग्राम पंचायत हरिबंधनपुर में तैनात ग्राम पंचायत सचिव सुशील पांडेय और प्रधान राम लल्लन की मनमानी चरम पर है। सचिवालय होने के बावजूद भी पंचायत में मनमानी का आलम यह है कि पंचायत के तीन वर्ष के कार्यकाल में विकास से संबंधित एक भी खुली बैठक नहीं हुई । निर्माण समिति के अध्यक्ष राम करन पांडेय ,सदस्य आरती मिश्रा, शत्रोहन रावत,राहुल पांडेय का आरोप है कि तैनात ग्राम पंचायत सचिव सुशील पांडेय कई माह से ग्राम पंचायत सचिवालय पर नहीं बैठते।

खुली बैठक भी नहीं हुई। समस्याओं का सामना करते हुए ग्रामीणों को परिवार रजिस्टर,जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र,के लिए ब्लाक की दौड़ लगानी पड़ती है।

# दुर्घटना में कोचिंग से लौट रहे साइकिल सवार छात्र की मौत

जिला संवाददाता(vol)

**रूदौली-अयोध्या।** अयोध्या-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित ग्राम मुजफ्फरपुर गांव के पास लखनऊ की ओर जा रही अर्टिका कार की टक्कर से कोचिंग से लौट रहे साईकिल सवार युवक की मोत हो गई। इससे पहले पहले से आर्टिका ने खड़ी स्कार्पियो में कार ने ठोकर मारी। इस दुर्घटना के शिकार छात्र की पहचान ग्राम जगदीशपुर मजरे फेलसंडा निवासी आदर्श मिश्रा पुत्र अमेरिका मिश्रा उम्र 18 वर्ष के रूप में हुई।

भेलसर चैकी प्रभारी मनीष चतुवेंदी ने बताया कि कार की टक्कर में छात्र गम्भीर रूप से घायल हो गया। छात्र को एम्बुलेंस सेसीएचसी रुदौली पहुंचाया गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक छात्र का पंचायत नामा भरकर शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है और दोनों वाहनों को कब्जे में लिया गया है।

जानकारी के अनुसार रुदौली कोतवाली क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार को ग्राम मुजफ्फरपुर गांव के पास पहले से ही लखनऊ की ओर जा रही एक स्कार्पियो गाड़ी संख्या यूपी 50 सीडी 0027 खड़ी थी। तभी अयोध्या की ओर से लखनऊ की ओर जा रही अर्टिका कार संख्या यूपी 55 ए एस 5648 ने पीछे से टक्कर मार कोचिंग से वापस अपने घर जगदीशपुर मजरे फेलसंडा जा रहे साइकिल सवार छात्र को टक्कर मार दिया। इससे छात्र गम्भीर रूप से घायल हो गया जहां काफी संख्या में ग्रामीण इकट्ठा हो गए। घटना की सूचना ग्रामीणों ने रुदौली पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलते ही रुदौली कोतवाल संजय मौर्या व भेलसर चैकी प्रभारी मनीष चतुवेंदी तत्काल अपने हमराहियों के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर गम्भीर रूप से घायल छात्र को एनएचएआई की एम्बुलेंस से सीएचसी रुदौली पहुंचाया जहां डाक्टरों ने छात्र को मृत घोषित कर दिया।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक घायल

**रूदौली-अयोध्या।** पटरंगा थाना क्षेत्र क्षेत्र की हाइवे चैकी क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से 30 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सीएचसी मवई पहुंचाया जहां घायल की हालत गम्भीर देखते हुए डाक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर किया है। जानकारी के अनुसार पटरंगा थाना की हाइवे चैकी क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग पर ग्राम गनौली के पास बने कट के निकट शनिवार व रविवार की मध्य रात लगभग 11 बजे अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक गम्भीर रूप से घायल होकर रोड पर पड़ा था। घायल के रोड पर पड़े होने की सूचना ग्रामीणों को मिलते ही गांव के नजदीक होंने के कारण ग्रामीणों की भीड़ लग गई। ग्रामीणोंने तत्काल घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही हाइवे चैकी प्रभारी धर्मेंद्र सिंह तत्काल अपने हमराहियों के साथ मौके पर पहुंचकर गम्भीर रुप से घायल युवक को बिना एम्बुलेंस का इंतजार किए सरकारी पुलिस गाड़ी से तत्काल सीएचसी मवई पहुंचाया। घायल की हालत गम्भीर देखते हुए डाक्टरों ने जिला अस्पताल अयोध्या रेफर कर दिया। हाइवे चैकी प्रभारी धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर गनौली गांव के पास बने कट के निकट रात 11 एक युवक अज्ञात वाहन की टक्कर घायल हो गया जिसे सीएचसी मवई ले जाया गया। सीएचसी के डाक्टरों ने घायल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बताया कि घायल की पहचान मवई थाना क्षेत्र के ग्राम बटइयां निवासी रमई पुत्र सुमित 30 वर्ष के रूप में हुई है।

## तेज रफ़्तार ट्रक ने बाइक सवार को रौंदा

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** एनएच 330 ए अयोध्या-रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित इनायत नगर थाना क्षेत्र के उछाह पाली सम्पर्क मार्ग के निकट तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मारकर रौंदते हुए ट्रक चालक भागा। वहीं घटनाकारित भाग रहे ट्रक को स्थानीय लोगों द्वारा पकड़ कर पुलिस के हवाले करने का दावा किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार जनपद सुल्तानपुर के बल्दीराय थाना अंतर्गत निहूरा पूरे बेही गांव निवासी राकेश मौर्य पुत्र रामचन्दर अपने साढू राम सहाय के घर कीन्हूपुर गांव आए थे। रविवार को वह अपने साढू के बेटे प्रकाश को बाइक से लेकर अपने घर वापस जा रहा था। अयोध्या-रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित उछाह पाली सम्पर्क मार्ग के पास पहुंचा था तभी विपरीत दिशा से तेज रफ्तार में लापरवाही पूर्वक आ रहे एक ट्रक चालक ने बाइक सवार राकेश मौर्य 35 वर्ष तथा प्रकाश 21 वर्ष को जोरदार टक्कर मारकर रौंदते हुए भाग निकला। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई और एनएचएआई 1033 की एम्बुलेंस को सूचना दिया। सूचना पर पहुंची 1033 की एम्बुलेंस के डॉ अतुल कुमार श्रीवास्तव ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को इलाज के लिए सीएचसी मिल्कीपुर पहुंचाया। जहां मौजूद डॉ रेशमी श्रीवास्तव ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। हादसे में घायलों की बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। प्रभारी निरीक्षक इनायत नगर अभिमन्यु शुक्ल का कहना है कि उक्त घटना की जानकारी उन्हें नहीं है और न ही उक्त मामले में कोई तहरीर ही मिली है

## बाढ़ के पानी में डूब जानें से बच्चे की मौत

**रूदौली-अयोध्या।** बाढ़ प्रभावित कैथी माझा गांव में बीती रात अपनी मां के साथ तख्त पर सो रहा पांच वर्षीय बच्चा तख्त से गिर बाढ़ के पानी डूब जानें से मृत्य हो गई। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंच शुजागंज चैकी इंचार्ज शंकर लाल यादव शव को पोस्टमार्टम के जिला अयोध्या भेजवाया।

जानकारी के रूदौली कोतवाली क्षेत्र कैथी माझा गांव पांच अजीत पुत्र अमर सिंह वर्षीय अपनी मां के साथ तख्त पर सो रहा था कि तख्त से बाढ़ के पानी में गिर जानें से मृत्य हो गई जब कुछ देर बाद मां उठी तो अपने बच्चे को बगल नही देखा तो अगल बगल ढूंढने लगी तो देखा कि तख्त के नीचे दिखाई दिया जिसे उठाया तो उसकी मौत हो चुकी थी जिससे रो रो कर मां का बुरा हाल था । मृतक के पिता ने बताया कि तीन बच्चों में सबसे छोटा था सबसे बड़ी एक लड़की व एक लड़का है ।बाढ़ का पानी अधिक होने से कही सुरक्षित स्थान नहीं जा सकते थे।

# ब्लॉक बलहा पर 30 को लगेगा रोजगार मेला

जिला संवाददाता(vol)

**बहराइच।** प्रदेश के अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से विकास खण्ड बलहा के सभागार में 30 अगस्त 2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से एक दिवसीय

- अभ्यर्थियों को अपने साथ बॉयोडाटा सहित समस्त शैक्षिक योग्यता के अंकपत्र और दो पासपोर्ट फोटो लाना होगा

रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें स्थानीय नियोजको के साथ-साथ निजी क्षेत्र के 03 प्रतिष्ठित नियोजकों/कम्पनियों द्वारा रोजगार प्रदान किये जाने हेतु प्रतिभाग किया जा रहा है।

यह जानकारी देते हुए जिला सेवायोजन अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि रोजगार मेले में यंग इण्डिया द्वारा एस.आर. के 40 पदों पर 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के हाईस्कूल उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को मासिक रू. 12,500=00 तथा ब्राइट फयूचर हर्बल, आयुर्वेदिक प्रा.लि. द्वारा फील्ड आफिसर एवं ब्लाक आफिसर के 45 पदों पर 18 से 45 वर्ष आयु वर्ग के स्नातक उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को मासिक रू. 15,500=00 तथा पशुपति नाथ वायो टेक्नालॉजी, प्रा.लि. द्वारा द्वारा सेल्स रिप्रजेंटेटिव के 40 पद हेतु रू. 9,500/-मासिक वेतन पर 18 से 25 वर्ष आयु वर्ग के हाईस्कूल उत्तीर्ण का चयन साक्षात्कार के माध्यम से किया जायेगा। जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि रोजगार मेले में प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थियों का रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीकरण होना अनिवार्य है। रोजगार मेले में उ.प्र. कौशल विकास मिशन व आईटीआई प्रशिक्षित युवा एवं सेवायोजन कार्यालय में पंजीकृत अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते है।

अभ्यर्थियों को अपने साथ बॉयोडाटा सहित समस्त शैक्षिक योग्यता के अंकपत्र, प्रभाण पत्र, आधार कार्ड मूलरूप में एवं उनका एक-एक छायाप्रति तथा दो पासपोर्ट साइज फोटो के साथ 30 अगस्त 2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे ब्लाक मुख्यालय बलहा पर उपस्थित होना होगा।

# जीपीएफ आधारित पुरानी पेंशन लागू करे सरकार: राकेश पांडेय

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राकेश पांडेय, जिला मंत्री आलोक तिवारी तथा वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष संजीव चतुर्वेदी ने एक संयुक्त विज्ञप्ति में केंद्र सरकार से पुरानी पेंशन लागू करने की मांग की है। माध्यमिक शिक्षक संघ ने कहा कि हमको जीपीएफ आधारित पुरानी पेंशन ही चाहिए। केंद्र सरकार द्वारा अपने कर्मचारियों तथा शिक्षकों को पुरानी पेंशन की तर्ज पर जो नई "यूनिफाइड पेंशन स्कीम" लागू की गई है उसका स्वागत इसलिए है कि यह पुरानी पेंशन की ओर बढ़ा हुआ एक कदम है जो शिक्षकों तथा कर्मचारियों के हित में है।

संघ ने कहा कि केंद्र सरकार को जीएफ आधारित पुरानी पेंशन को लागू कर देना चाहिए इसमें हठधर्मिता नहीं दिखानी चाहिए। साथ ही कहा कि पहले लागू एनपीएस स्कीम में शिक्षकों तथा कर्मचारियों का पैसा शेयर मार्केट में लगा दिया जाता था। जिसके कारण यह सुनिश्चित नहीं था कि रिटायरमेंट के समय उनको कितनी पेंशन मिलेगी लेकिन वर्तमान में जारी "यूनिफाइड पेंशन स्कीम" कर्मचारी और शिक्षकों के हित में है। क्योंकि इस स्कीम में रिटायरमेंट के समय मूल वेतन का 50 प्रतिशत पेंशन में मिलने का प्रावधान है।

## ललही छठ पर माताओं ने किया पूजन

**गोसाईगंज-अयोध्या।** पुत्रो की सुख समृद्धि के लिए भाद्रपद के कृष्ण पक्ष की षष्ठी तिथि पर होने वाली छठ रविवार को धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर व्रती माताओं ने छठ मइया का विधि विधान से पूजन किया और सन्तान की दीर्घायु की कामना किया। रविवार की सुबह कस्बे के तालाबों, कुंडों और पोखरों व मंदिरों पर



व्रती महिलाएं पहुंचकर पूजन अर्चन के बाद हलषष्ठी माता एवं बलराम की कथाऐं सुनी।पौराणिक मान्यता है कि ललही देवी की पूजा करने से सन्तान की प्राप्ति के साथ उनकी उम्र लंबी होती है।

# उपजिलाधिकारी ने गोकुल गौशाला का किया शुभारंभ

जिला संवाददाता(vol)

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** विकास खंड मिल्कीपुर के ग्राम पंचायत अघियारी में गोकुल गौशाला का शुभारंभ उपजिलाधिकारी मिल्कीपुर ने किया।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे उपजिलाधिकारी राजीव रतन सिंह ने गौशाला का फीता काटकर शुभारंभ किया।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि किसानों को अन्ना पशुओं से छुटकारा



दिलाने की प्रमुख समस्या को दूर करने के लिए शासन प्रशासन बड़ी प्रतिबद्धता के साथ किसान हित में कार्य कर रहा है, गोकुल गौशाला खुलने से जहां एक ओर गोवंशों का संरक्षण होगा वहीं दूसरी ओर किसानो की समस्या भी दूर हो जाएगी और इससे किसान खुशहाल होगा। कार्यक्रम प्रमुख रूप से जिला पंचायत मंडल प्रकाश सिंह, राम प्रताप सिंह समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

संक्षेप

## श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर लोक कलाकारों ने दर्शकों का मन मोहा

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद और जिला प्रशासन द्वारा आयोजित 5251वें श्री कृष्ण जन्मोत्सव के मंच पर संस्कार भारती मथुरा महानगर के लोक कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। जुबली पार्क, मुक्ताकाशी मंच पर आयोजित इस कार्यक्रम में ब्रज और राजस्थानी लोक कला की प्रस्तुतियों ने ब्रज और राजस्थानी नृत्य और गायन से माहौल को उत्सवी रंग में रंग दिया।अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त लोक कलाकार मुरारी लाल तिवारी के दल ने मयूर नृत्य और राजस्थानी लोक गायन और नृत्य के लिए जयपुर से नंद किशोर व मुकेश कुमार के दल ने कालबेलिया, भवाई और घूमर नृत्य प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम का संचालन संस्कार भारती की कार्यकारी महामंत्री चारू सिंघल ने किया कार्यक्रम में संस्कार भारती के मार्गदर्शक सर्वश्री सुरेन्द्र सक्सेना शिवकुमार गुप्ता, नीलम सक्सेना, अध्यक्ष अनूप महेश्वरी, मनीष शोरावाल, सुभाष अग्रवाल,उमेश अग्रवाल, हृदयेश शर्मा ,भारत भूषण सिंघल, अनीता शर्मा आदि उपस्थित थे।

## 6 वाहन चोर गिरफ्तार

**मथुरा।** थाना कोतवाली, हाईवे पुलिस व स्वाट टीम मथुरा की संयुक्त कार्यवाही से अलवर बाजना रेलवे पुल के पास खाली पडी सुनसान कच्ची सडक के किनारे शातिर वाहन चोर गैंग के 06 अपराधियों को 10 चोरी की मोटर साइकिल/स्कूटी सहित गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली उमेश चन्द्र त्रिपाठी मे हाईवे थानाध्यक्ष सावेज चैधरी व स्वाट टीम प्रभारी अभय कुमार शर्मा रविवार दोपहर चैकिंग अभियान के तहत अलवर बाजना रेलवे पुल के पास खाली पड़ी सुनसान कच्ची सड़क के किनारे से सुमित पुत्र ओमप्रकाश नि0 इन्द्रपुरी कालोनी ( कान्हा पुत्र छत्तर के मकान मे किरायदार ), प्रेमपाल उर्फ बोना पुत्र बिशन नि0 इन्द्रपुरी कालोनी, पवन पुत्र जगवीर नि0 इन्द्रपुरी कालोनी, विनय कुमार पुत्र गब्बर नि0 गुलाब नगर इन्द्रपुरी कालोनी, लाला उर्फ रिती पुत्र रमेश सिंह नि0 इन्द्रपुरी कालोनी, रवि कुमार पुत्र सुन्दर नि0 इन्द्रपुरी कालोनी को गिरफ्तार किया। अभियुक्तगण उपरोक्त के कब्जे से चोरी किये गये चोरी के कुल 10 वाहन ( 08 मोटर साइकिलें व 02 स्कूटी) बरामद की गई।

## सेनेटरी पैड में फोन छिपाकर लायी परीक्षार्थी को पुलिस ने दबोचा

**मथुरा।** पुलिस भर्ती परीक्षा में आगरा की एक महिला परीक्षार्थी सेनेटरी पैड में मोबाइल फोन छिपाकर केंद्र के अंदर ले गई थी।उसे हिरासत में लेकर पुलिस के सिपुर्द किया गया है। बताया जाता है कि आरसीए परीक्षा केंद्र में यहां आगरा के कागारौल थाना क्षेत्र अंतर्गत गहरी कलां निवासी एक परीक्षार्थी अपने कक्ष में परीक्षा दे रही थी। कुछ देर बाद वह टायलेट का बहाना कर चली गई।काफी देर तक न आने पर कक्ष निरीक्षक को शक हुआ। बाद में उसके लौटने पर तलाशी ली तो उसके पास मोबाइल फोन बरामद हुआ।बताते हैं वह मोबाइल को लेकर केंद्र में नकल करने के उद्देश्य से ले गई थी।टॉयलेट कक्ष में गूगल पर वह प्रश्नों के उत्तर देख रही थी।कक्ष निरीक्षक ने छात्रा को गोविंद नगर थाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। परीक्षा नोडल अधिकारी एसपी सिटी डा. अरविंद कुमार ने बताया मथुरा में 21 केंद्रों पर चल रही पुलिस भर्ती परीक्षा के तीसरे दिन प्रथम पाली से 2113 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

# नयी नवेली दुल्हन सी सजी कान्हा की नगरी

## ब्रज के मंदिरों में दो दिन मनायी जा रही है जन्माष्टमी

- महानगर के स्टेट बैंक चैराहा पर भव्य सजावट देखकर मथुरा रेलवे जंक्शन बस स्टेंड से आने वाले तीर्थ यात्री हो रहे मंत्र मुग्ध




**मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर कान्हा की नगरी को नई नवेली दुल्हन की तरह सजाया गया है। श्रीकृष्ण जन्मस्थान को बिजली के रंग बिरंगे प्रकाश से इस प्रकार सजाया गया है कि उसके अन्दर स्थित मन्दिर और भवन देखते ही बन रहे हैं। मथुरा वृंदावन नगर निगम के आयुक्त शशांक चैधरी का कहना है कि महानगर के सभी प्रमुख चैराहा तिराहों सड़क मार्ग यमुना पुल यमुना घाट क्षेत्र को आकर्षक ढंग से सजाया गया है ताकि बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को कान्हा के जन्मोत्सव की सुखद अनुभूति हो सके।उधर जिला प्रशासन ने इस पर्व पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये हैं तथा चप्पे चप्पे पर पुलिस लगा दी गई है।जेबकटी जंजीर खींचने और फोन चुराने जैसी घटनाओं को रोकने के लिए प्रमुख मन्दिरों में सादा वर्दी मे पुलिसकर्मी लगा दिए गए हैं। जिलाधिकारी शैलेन्द्र सिह ने बताया कि सुरक्षा से समझौता किये बिना इस प्रकार की व्यवस्था की गई है कि किसी भी तीर्थयात्री को दर्शन करने में असुविधा न हो। मथुरा वृन्दावन के प्रवेश मार्गों पर वाहन पार्किंग बनाकर शहर में होनेवाले जाम को रोकने का प्रयास किया गया है।

उ.प्र. ब्रज तीर्थ विकास परिषद पर्यटन विभाग उत्तर प्रदेश तथा जिला प्रशासन नगर निगम के संयुक्त सहयोग से यहां के प्रमुख चैराहों को इस प्रकार रंग बिरंगे प्रकाश से सजाया गया है कि चैराहों की शक्ल सूरत बदल गई है। चैराहों पर सुंदर रंग बिरंगे कपड़े एवं झालर की सजावट ने इतना भव्य बना दिया है कि यहां आनेवाले हर तीर्थयात्री को दूर से ही पता चल जाता है कि वह कान्हा की नगरी में जन्माष्टमी पर आया है।बड़े बुजुर्गों का कहना है कि ऐसी सजावट इससे पूर्व कभी नही हुई। जन्माष्टमी पर बाजार में कूटू और सिंघाडे. के आटा के पकवानो की भरमार हो गई है।

इस बार ब्रज के प्रमुख मन्दिरों में दो अलग अलग दिनो में जन्माष्टमी मनाई जा रही है। श्रीकृष्ण जन्मस्थान द्वारकाधीश मन्दिर, उत्तर को दक्षिण से जोड़ने वाले वृन्दावन के रंग जी मन्दिर प्राचीन केशवदेव मन्दिर वृन्दावन के राधाश्याम सुन्दर मन्दिर गोवर्धन दानघाटी मन्दिर और चैरासी खंभा मन्दिर महावन में न केवल बहुत अच्छी सजावट की गई है बल्कि अभिषेक तथा अन्य कार्यक्रमो को अंतिम रूप दिया जा रहा है।श्रीकृष्ण जन्मस्थान के मन्दिरो में प्रवेश के लिए अभी से लम्बी लम्बी लाइने लगी हुई हैं। तीर्थयात्रियों की गोवर्धन में सप्तकोसी परिक्रमा करने की होड़ लगी हुई है।बिहारी जी मंदिर वृंदावन में 27 को मनाए जाएगी जन्माष्टमी।वृन्दावन के राधा श्याम सुन्दर मन्दिर में जन्माष्टमी पर अखंड हरिनाम संकीर्तन की तैयारिया हो रही हैं।इस मन्दिर के सेवायत आचार्य ने बताया कि यह संकीर्तन सोमवार को दिन भर चलेगा तथा श्रद्धालुओं को जन्म के दर्शन रात 11 बजे से 2 बजे तक होंगे और अभिषेक के बाद सभी भक्तों में चरणामृत का वितरण किया जाएगा। इस मन्दिर में सोमवार की आधी रात बाद चार बजे मंगला के दर्शन होंगे। मथुरा में तीर्थयात्रियों का आकर्षण प्राचीन श्री द्वारकाधीश मन्दिर भी होता है।शहर के बीचोबीच स्थित होने के कारण इस मन्दिर में तीर्थ यात्रियों का जमघट लगा रहता है। मन्दिर के जनसंपर्क अधिकारी एवं कानूनी सलाहकार राकेश तिवारी ने बताया कि इस मन्दिर में जन्माष्टमी की शुरूवात प्रातः शहनाई और वंशी वादन से होती है। प्रातः अभिषेक का चरणामृत लेने के लिए एक प्रकार से पुराना शहर उमड़ पड़ता है।ब्रजवासी तो कान्हा के मुरीद हैं इसलिए कोई जन्माष्टमी को घर के लाला की तरह मनाता है तो कोई सखा के रूप में मनाता है तो बुजुर्ग लोग इन्हें आराध्य देव की तरह मनाते हैं ।बच्चे न केवल आकर्षक झांकियां सजाते हैं बल्कि इस पावन अवसर पर हर घर एक मन्दिर बन जाता है।जगह जगह भंडारे के आयोजन किये जारहे है।

## स्मार्ट सिटी का नाम देने के बाद भी स्मार्ट तौर तरीकों से कोसों दूर है सुहाग नगरी

**फिरोजाबाद ।** स्मार्ट सिटी में चहुंमुखी विकास कार्यों के नाम पर की जा रही मनमानी को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव व सामाजिक कार्यकर्ता सतेन्द्र जैन सौली ने वीडियो जारी करते हुए कहा कि, फिरोजाबाद स्मार्ट सिटी है तो स्मार्ट तौर तरीके क्यों नही अपनाए जा रहे हैं।जैन मंदिर सुभाष तिराहा सुहाग नगरी की पहचान है, शहर का चेहरा है।इसलिए सिर्फ जैन मंदिर पर ही नहीं बल्कि नगला बरी और जाटवपुरी पर भी फ्लाई ओवर की जगह अंडरपास बनाया जाना चाहिए। फ्लाई ओवर पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव व सामाजिक कार्यकर्ता सतेन्द्र जैन सौली ने कहा कि, सुहाग नगरी में अभी तक बिना सोचे समझे किए गए कई कार्यों और खराब डिजाइनों व जनप्रतिनिधियों के मनमाने रवैया की वजह से जनता बहुत परेशान है।क्योंकि, सत्ताधारी जनप्रतिनिधियों की जगह ठेकेदारों की संख्या ज्यादा होने के कारण सम्यक और सुनियोजित विकास की जगह अनियोजित और मनमाने काम कराए जा रहे हैं ।उदाहरण के लिए करोड़ों रुपए खर्च होने के बावजूद सिटी की जनता आज भी चंदवार गेट पर जलभराव की समस्या से परेशान है ।खराब डिजाइन और बेहद सकरा पुल बना होने की वजह से लेबर कॉलोनी सर्विस लेन इतनी छोटी हो गई है कि वहां से एक रिक्शा भी सही से नहीं निकल सकता है ।खराब डिजाइन की वजह से आसफाबाद पर बने पुल के कारण फिरोजाबाद पूर्वी क्षेत्र का चेहरा बिल्कुल ही खराब और रसूलपुर थाने के पास आने-जाने वाला मुख्य मार्ग बेहद सकरा हो चुका है।जिससे, आने वाले 5 - 6 सालों में यहां भी जाम की भारी समस्या उत्पन्न हो जाएगी ।खराब डिजाइन और नाले का ताल ऊंचा होने की वजह से एसएन मार्ग स्थित एमजी रोड से सटी हुई लिंक गलियों में जल भराव की समस्या उत्पन्न होने लगी है और मार्ग भी सकरा व भद्दा दिखाई देने लगा है।जिसके कारण आए दिन जाम लगता रहता है ।उन्होंने बताया कि एमटीएस योजना के तहत चौराहों पर लाल बत्ती व सीसीटीवी कैमरे तो लगा दिए गए हैं। लेकिन, चौराहों का न तो चौड़ीकरण किया गया है और ना ही डिवाइडर बनाए गए हैं।जिसकी वजह से वाहन चालक भ्रम में पड़ जाते हैं और उनका चालान कट जाता है।

# पर्यटन और संस्कृति मंत्री ने कैंप कार्यालय में सुनीं जन समस्याएं



**फिरोजाबाद।** जनपद के विभिन्न स्थानों से आए फरियादियों की समस्याओं का समाधान करने हेतु पर्यटन एवम संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने अपने आवास स्थित कैम्प कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया, एक गार्जियन एवं नेतृत्व कर्ता के रूप में मंत्री जी ने नागरिकों की समस्याओं को गम्भीरतापूर्वक न केवल सुना बल्कि इन समस्याओं में से कुछ का त्वरित समाधान भी किया, साथ ही कुछ समस्याओं का निराकरण करने का शीघ्र आश्वासन दिया। उन्होंने नागरिकों की समस्याओं से रूबरू होते हुए उन्होंने उन समस्याओं से संबंधित अधिकारियों से टेलिफोनिक वार्ता कर उन्हें शीघ्र दूर करने हेतु उन्हें निर्देशित किया ।पर्यटन मंत्री के समक्ष मुख्य रूप से कानून, भूमि अधिग्रहण, आवास, पेंशन जैसे अनेक समस्याएं उनके समक्ष आयीं अपनी समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए नागरिकों के चेहरों पर खुशी और उल्लास देखने को मिला जब उनकी समस्याओं का समाधान उन्हें त्वरित मिला। इसी में एक याचिका कर्ता प्रेमा देवी जो वृद्ध महिला है उन्हें आवास नहीं मिल पा रहा था परंतु मंत्री जी के समक्ष जब उन्होंने अपनी समस्या को रखा तो पर्यटन मंत्री ने तुरंत वहां उपस्थित खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि इन्हें तुरंत आवास दिलाया जाए इससे प्रेमा देवी के चेहरे पर संतोष और आशीर्वाद का भाव दोनों दिखाई दिया।इसी तरह की कुछ प्रतिक्रिया शीला देवी के चेहरे पर नजर आई जिन्हें पेंशन संबंधी समस्या थी मंत्री जी ने उनकी समस्या को सुनते हुए तुरंत इसका निराकरण किया।इसी तरह से आशा देवी, जयश्री, प्रियंका इत्यादि की समस्याओं का समाधान भी पर्यटन मंत्री ने सुना और उनका निराकरण प्रस्तुत किया, जिससे उनके चेहरे पर हर्ष और उल्लास दोनों देखने को मिला।

## विहिप बजरंग दल ने चलाया हिंदू एकता अभियान




**फिरोजाबाद।** विहिप बजरंग दल ने हिंदुओं को जागृत करने के लिए एक अभियान चलाया।जहां पर हिंदुओं को जागृत करने के लिए विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल लगातार कोशिश में लगा हुआ है।अभियान तहत विहिप पदाधिकारियों ने हिंदुओं को जाग्रत करते हुए कहा कि जैसे मुस्लिम धर्म में शुक्रवार के दिन नवाज पढ़ी जाती है वैसे ही हिंदू भाई मंगलवार या शनिवार को अपना एक टाइम निश्चित करके हनुमान चालीसा का पाठ करें और सभी हिंदू भाई एकजुट में रहे और जाति पांति को हटाकर एकजुट में हिंदुओं की पहचान बनाएं आपने देखा होगा मुसलमान कभी भी जाति को नहीं मानते उनसे पूछा जाए तो वह अपने आप को मुसलमान ही बताते हैं वैसे ही यह अभियान इसलिए चलाया गया है की हमारे हिंदू भाइयों से पूछा जाए तो वह भी अपनी जाति को हटाकर सिर्फ अपने सनातन धर्म को बताएं। जिला अध्यक्ष राजीव शर्मा ने कहा कि हिंदू एकजुट रहें।आप लोगों ने अभी देखा ही होगा बांग्लादेश में कि वहां जिहादी लोगों ने अपने हिंदू भाइयों के साथ क्या किया जब हमारा हिंदू भाई जागा तब तक हमारे बहुत हिंदू भाई मारे भी गए।बाद में हिंदू एकजुट हुआ।गांव रैपुरा में पथवारी माता के मंदिर पर हिंदू भाइयों ने एकजुट होकर हनुमान चालीसा का पाठ किया जिसमें जिला अध्यक्ष राजीव शर्मा जिला मंत्री दीपक झा से सुरक्षा प्रमुख सत्यम शर्मा प्रचार प्रमुख गौरव कुलश्रेष्ठ दिनेश भारद्वाज नितिन राठौर विनय कुमार विकास शर्मा अनुज कुमार ललित कुमार आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

## बृज खंडेलवाल ने मुफ्त अनाज से मुफ्त पका हुआ भोजन शुरू करने का किया आग्रह

जिला संवाददाता (vol)

**मथुरा।** सामाजिक कार्यकर्ता बृज खंडेलवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक ज्ञापन भेजा है, जिसमें भारत की खाद्य सुरक्षा पहलों में आमूलचूल परिवर्तन की वकालत की गई है।खंडेलवाल ने मुफ्त अनाज और अनाज वितरित करने की मौजूदा प्रणाली को नागरिकों को मुफ्त पका हुआ भोजन उपलब्ध कराने के राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम से बदलने का प्रस्ताव रखा है।मौजूदा प्रणाली की सीमाओं पर प्रकाश डालते हुए खंडेलवाल, ह्लपके हुए भोजन के लाभों पर जोर देते हैं, जिसमें तत्काल पोषण, संतुलित पोषण और स्वच्छता शामिल है।यह दृष्टिकोण विविध आहार आवश्यकताओं को पूरा करेगा, खाद्य जनित बीमारियों को कम करेगा और खाद्य राशन की जमाखोरी और दुरुपयोग को रोकेगा ।ह्ल खंडेलवाल कुशल वितरण सुनिश्चित करने के लिए केंद्रीकृत आधुनिक रसोई और अंतिम-मील वितरण प्रणाली स्थापित करने का सुझाव देते हैं। इससे न केवल प्रक्रिया सुव्यवस्थित होगी बल्कि रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे और स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं को बढ़ावा मिलेगा।ज्ञापन में पोषक तत्वों की कमी को दूर करने और समग्र स्वास्थ्य परिणामों को बेहतर बनाने के लिए फोर्टिफाइड अवयवों की क्षमता को रेखांकित किया गया है। खंडेलवाल ने प्रधानमंत्री से इस प्रस्ताव पर गंभीरता से विचार करने का आग्रह किया है, जिसमें खाद्य असुरक्षा से निपटने, बेहतर स्वास्थ्य को बढ़ावा देने और बबार्दी को कम करने की इसकी क्षमता का हवाला दिया गया है।

## लायंस क्लब ने पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश




**टूंडला।** सामाजिक संस्था लायन्स क्लब टूंडला द्वारा कृष्णा एन्क्लेव स्थिति गार्डन में 25 पोधौ का वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।इस अवसर पर अध्यक्ष नीतू श्रीवास्तव ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग समस्त विश्व के लिए अत्यंत घातक समस्या है।जिससे बचाव के लिए पौधारोपण एवं उनका संरक्षण ही एकमात्र विकल्प है।उन्होंने आम जनमानस से आह्वान किया कि आओ पर्यावरण बचाएं, सभी के जीवन को बेहतर बनाएं अत्यधिक प्राकृतिक संसाधनों के दोहन से प्रकृति का संतुलन बिगड़ गया है।जिसके संतुलन के लिए प्रकृति को संरक्षित करने के लिए पौधारोपण करने के साथ उनकी देखभाल भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हम सभी को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक होना चाहिए।हम सभी को अधिक से अधिक पौधारोपण करके उनकी देखभाल करके अपने भविष्य को भी सुरक्षित रखना है।पौध रोपण के अवसर पर संस्था सचिव आलोक उपाध्याय कोषाध्यक्ष अल्पना शर्मा, अंकित जैन, संदीप श्रीवास्तव,अशोक गुप्ता,के एस यादव, अमित गुप्ता, प्रदीप शर्मा आदि सदस्यों का सहयोग रहा।

## दूसरे के स्थान पर पुलिस भर्ती परीक्षा देने वाला सॉल्वर किया गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना उत्तर पुलिस टीम द्वारा उ0प्र0 पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा के दौरान प्रतिरूपण कर दूसरे के स्थान पर परीक्षा देने वाले एक युवक को गिरफ्तार किया गया है ।शनिवार को उ0 प्र0 पुलिस भर्ती परीक्षा की प्रथम पाली की परीक्षा के दौरान एक अभ्यर्थी का बायोमैट्रिक एवं आधार प्रमाणीकरण का रिजल्ट मैच न होने पर केन्द्र व्यवस्थापक, स्टैटिक मजिस्ट्रेट एवं केन्द्र प्रभारी पुलिस द्वारा गम्भीरता से जांच करते हुए एक अभियुक्त वेदप्रकाश शाह उर्फ मुन्ना शाह पुत्र रामप्रसाद शाह निवासी पकरिया नवादा थाना सहार जनपद भोजपुर आरा बिहार वर्तमान पता खगौल थाना दानापुर जनपद पटना बिहार को परीक्षा केन्द्र इस्लामियां इण्टर कॉलेज फिरोजाबाद से पुलिस हिरासत में लिया गया है ।अभियुक्त वेदप्रकाश को अभ्यार्थी ज्ञानेन्द्र कुमार पुत्र समरनाथ निवासी डीएवी हॉस्टल सिविल लाइन जनपद कानपुर नगर जिसका रोल नं0- 2290504, के स्थान पर प्रतिरुपण कर परीक्षा देते हुए पकडा गया है। जिससे एक आधार कार्ड उ प्र पुलिस भर्ती परीक्षा प्रवेश पत्र बरामद किया गया। परीक्षा समाप्ति के पश्चात केन्द्र व्यवस्थापक प्रधानाचार्य इस्लामियां इंटर कॉलेज आबाद हुसैन की तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर पुलिस द्वारा वैधानिक कार्यवाही की गई है।



## योगी, हेमा मालिनी के कार्यक्रम के पास भाजपा नेताओं ने नाते रिश्तेदारों में बांटे

**मथुरा।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में सांसद हेमा मालिनी के सांस्कृतिक कार्यक्रम के पास को लेकर मथुरा में आक्रोश का माहौल बन गया है। भाजपा नेताओं ने श्री कृष्ण जन्माष्टमी महा महोत्सव के पास अपने कार्यकताओं को न देकर नाते रिश्तेदारों में बांट दिए हैं। आक्रोशित भाजपा कार्यकताओं का कहना है कि जिला प्रशासन के अधिकारी कहते हैं कि पास अपने सांसद प्रतिनधि मेयर जिला पंचायत अध्यक्ष विधायक महानगर अध्यक्ष जिला अध्यक्ष से लीजिए।हमने बड़ी संख्या में उनको उपलब्ध करा दिए हैं।कार्यकर्ता जब अपने नेता के पास जाता है तो पता लगता है कि उनके पास समाप्त हो गए। सूत्रों का कहना है कि पार्टी नेताओं ने अधिकांश पास अपने नाते रिश्तेदार परिचित अड़ोसी पड़ोसियों को वितरित कर दिए। कार्यकर्ता पांनजन्य प्रेक्षाग्रह में अपनी सांसद हेमा मालिनी द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम को देखने के लिए भारी बेताब है परंतु कार्यक्रम में प्रवेश पास से होने के कारण उसमें गुस्सा भरा हुआ है। बताते हैं नवनिर्मित प्रेक्षाग्रह में सीमित संख्या में ही लोगों के बैठने की व्यवस्था है जिस कारण समस्या उत्पन्न हो रही है।

## लोक संस्कृति के रंग में रंगी कान्हा की नगरी चहुँ ओर लाला के जन्मोत्सव की मची धूम



**मथुरा।** ब्रज में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का उल्लास सिर चढ़कर बोल रहा है। कन्हैया के दर्शन को मथुरा आए लोग अद्भुत आनंद का अहसास कर रहे हैं। इस भक्ति आनंद में उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा निकाली गई शोभायात्रा ने कन्हैया की जन्मस्थली में लोक संस्कृति के रंग भर दिए।रविवार को श्रीकृष्ण जन्म स्थान के मुख्य द्वार पर विभिन्न राज्यों से आए लोक कलाकारों की शोभायात्रा 5251वें श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के उपलक्ष में निकाली गई। शोभायात्रा का शुभारंभ जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह एसएसपी शैलेश पांडेय उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सीईओ श्याम बहादुर डिप्टी सीईओ सतीश चंद्र श्रीकृष्ण जन्मस्थान सचिव कपिल शर्मा गोपेश्वरनाथ चतुवेर्दी ने किया। शोभायात्रा में सबसे पहले हरियाणा से आई नगाड़ा बजाते कलाकरों की टोली चल रही थी।नगाड़ों की गूंजती आवाज आसपास के वातावरण को गुंजायमान करती रही। शोभायात्रा में कहीं बीन की धुन सुनने को मिली तो कहीं उज्जैन के डमरू की आवाज लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करती रही।झांसी की महिला कलाकारों की टोली के राई नृत्य ने समां बांध दिया।एक ही वेशभूषा में महिलाओं की नृत्य प्रस्तुति ने राह चलते लोगों को रुकने के लिए मजबूर कर दिया।बांदी कुई के बहरूपिया लोगों को हसाते हुए निकले। कामर के बम रसिया और राधाकुंड से आई टोली का संकीर्तन ने शोभायात्रा में भक्ति के रंग भर दिए।मान मंदिर बरसाना से बालिकाओं की टोली राधे के उच्च स्वरों के साथ नृत्य करते हुए अद्भुत नजारा प्रस्तुत कर रही।ब्रज के कलाकर रास रसिया गायन करते हुए शोभायात्रा की शोभा बने।इस तरह उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा आयोजित शोभायात्रा ने कन्हैया की जन्मभूमि में लोक संस्कृति का संगम बनी। जहां विविध वेशभूषा में कलाकारों की अनेक टोलियां ने श्रीकृष्ण जंमस्थान के साथ शहर के एक बड़े हिस्सा में लोक संस्कृति की झलक प्रस्तुत की।

- उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद ने श्रीकृष्ण जन्मस्थान से निकाली लोक कलाकारों की शोभायात्रा
- उत्तर भारत के विभिन्न राज्यों से आए लोक कलाकारों की प्रस्तुति से ब्रज में दिखा लोक संस्कृति का संगम

## पत्नी की हत्या कर शव को छुपा गया भूसे के ढेर में

**मथुरा।** फरह थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी रामफल में रविवार को पूर्व प्रधान रामजीलाल के बेटे की पत्नी का शव भूसे के ढेर में दबा हुआ मिला।शव मिलने गांव में सनसनी फैल गयी।मृतका के बच्चों ने मां की हत्या का आरोप अपने पिता पर लगाया है।हत्या के पीछे अवैध संबंधों का शक बताया जा रहा है।पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है।मृतका के सिर व चेहरे पर रॉड से पीटने के निशान मिले है।खून से सना आलाकत्ल रॉड भी पुलिस ने भूसे से बरामद कर लिया है।सूचना पर पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गये।जानकारी के अनुसार फरह थाना क्षेत्र के गढ़ी रामफल निवासी 45 वर्षीय अनीता की शादी करीब 24 वर्ष पूर्व हेमंत कुमार से हुई थी।मायका आगरा के अकोला क्षेत्र के गांव जैतू की गढ़ी में है।परिवार में दो बेटी और दो बेटे हैं।बेटे उदयभान ने बताया कि घर से करीब 200 मीटर दूरी पर प्लॉट है।उसी में पशुओं का भूसा भरा रहता है।रविवार को वह पशुओं के लिए भूसा लेने गए तो उन्हें मां का शव उसमे दबा हुआ मिला।बेटे ने घटना की सूचना पुलिस को दी।सूचना मिलते ही मौके पर सीओ रिफाइनरी श्वेता वर्मा, प्रभारी निरीक्षक फरह कमलेश सिंह टीम के साथ पहुंचे।मृतका के बच्चों से पूछताछ की गई तो सामने आया कि शुक्रवार को हेमंत और अनीता में लड़ाई हुई थी। उसी शाम से अनीता लापता थी।हेमंत को बाइक लेकर जाते हुए उसके बच्चों ने देखा था।बेटे ने पुलिस को बताया कि मां के संबंध में रिश्तेदारी में पता किया तो वहां भी वह नहीं पहुंची थीं। इससे पूर्व भी अकसर झगड़ा होने पर माता-पिता बिना बताए रिश्तेदारी में चले जाते थे।उसी को ध्यान में रखते हुए मां के लापता होने की पुलिस को तत्काल नहीं दी गई थी। शनिवार तक जब रिश्तेदारियों में भी उनका सुराग नहीं लगा तब शाम को ओल पुलिस चैकी पर जाकर माता-पिता के लापता होने की सूचना दी थी।

# भाकियू टिकैत का राष्ट्रीय किसान चिंतन शिविर संपन्न



**मथुरा।** जनपद मथुरा में प्रतिवर्ष की भांति जन्माष्टमी के पावन पर्व पर भारतीय किसान यूनियन टिकैत का राष्ट्रीय किसान चिंतन शिविर का आयोजन 24 अगस्त से किया गया।किसान चिंतन शिविर में देश के कोने-कोने से किसान भगवान छी कृष्ण की क्रीड़ास्थली जनपद मथुरा में राष्ट्रीय किसान शिविर में शामिल हुए। शिविर में सभी वक्ताओं ने अपने-अपने विचार किसानों के विभिन्न बिंदुओं पर रखे।

चिंतन शिवर की अध्यक्षता बयो वृद्ध वरिष्ठ कार्यकर्ता सुरेश चंद व संचालन ललित शर्मा ने किया । किसान चिंतन शिविर को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष पंडित राजपाल शर्मा ,प्रदेश उपाध्यक्ष बुद्ध सिंह प्रधान व प्रदेश प्रवक्ता गजेंद्र सिंह परिहार ने संयुक्त रूप से प्रदेश स्तर पर विद्युत संबंधी समस्याओं से अवगत कराते हुए प्रदेश सरकारों पर हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के हित और अधिकार को भूल चुकी है जो सरकार किसान हितैषी होने का दावा करती है वहीं सरकार किसानों का नाना प्रकार से शोषण कर रही है जहां एक तरफ सरकार किसानों को विद्युत मुक्त देने का वादा कर रही है वहीं दूसरी तरफ किसानों के निजी नलकूप पर विद्युत मीटर लग रही है इन विद्युत मीटरों को किसानों के नलकूप पर लगाकर सरकार क्या करना चाहती हैं ।सरकारों की किसानों के प्रति क्या मानसिकता है यह किसी को नहीं पता । राष्ट्रीय महासचिब ठाकुर राजवीर सिंह जादौन ने किसानों को संबोधित करते हुए बताया कि आगामी 6 अक्टूबर 2024 को चैधरी महेंद्र सिंह टिकैत जी के जन्मदिन को लखनऊ में मनाया जाएगा, जिसके लिए सभी पदाधिकारी अपने-अपने जनपदों में जिला स्तर से गांव स्तर तक सदस्यता अभियान पर जोर दें।6 अक्टूबर को बाबा महेंद्र सिंह टिकैत के जन्मदिन पर लखनऊ में एक बहुत बड़ा फैसला लिया जाना है। इस अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव ओमपाल मलिक राष्ट्रीय सचिव डॉक्टर नौसिंग प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ बबली त्यागी प्रदेश सचिव पश्चिमी उत्तर प्रदेश देवेंद्र प्रदेश महासचिव नोएडा धीरज चैधरी प्रदेश उपाध्यक्ष नोएडा पवन चारोली प्रदेश सचिव रहीश ठाकुर प्रदेश उपाध्यक्ष तिलक सिंह राजपूत प्रदेश सचिव ओम प्रकाश यादव प्रदेश उपाध्यक्ष रामकुमार मंडल अध्यक्ष आगरा रणवीर सिंह प्रमुख महासचिव आगरा मंडल जगदीश परिहार ,युबा मंडल अध्यक्ष बिपिन यादव,वरिष्ठ कार्यकर्ता अमन चार जिलाध्यक्ष आगरा राजवीर लवानिया जिला अध्यक्ष मैनपुरी रूपेंद्र शाह जिला अध्यक्ष मथुरा चैधरी धर्मवीर सिंह जिला अध्यक्ष कानपुर देहात विपिन तिवारी जिला अध्यक्ष अलीगढ़ सुंदर बालियां युवा जिला अध्यक्ष प्रदीप जिला अध्यक्ष हापुड़ दिनेश खेड़ा, रामबतार, महानगर अध्यक्ष निजाम,जिला उपाध्यक्ष मथुरा योगेश अस्थाना,जिला उपाध्यक्ष सलीम ,जिला उपाध्यक्ष दयाराम, तहसील अध्यक्ष महावन रामगोपाल तोमर,तहसील अध्यक्ष राजकुमार नैन ब्लॉक अध्यक्ष बलदेव नीरेश कोयड सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता पदाधिकारी एवं किसान सरदारी चिंतन शिविर में मौजूद रही।

संक्षेप

## सूचीबद्धता नियमों का पालन नहीं करने पर तेल कंपनियों पर जुर्माना

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की इंडियन ऑयल, बीपीसीएल और गैस कंपनी गेल समेत अन्य बड़ी तेल कंपनियों पर सूचीबद्धता मानदंडों को पूरा करने में विफल रहने को लेकर लगातार पांचवीं तिमाही में जुर्माना लगाया गया है। यह जुर्माना अपने निदेशक मंडलों में अपेक्षित संख्या में स्वतंत्र और महिला निदेशकों की नियुक्ति नहीं करने को लेकर लगाया गया है। शेयर बाजार बीएसई और एनएसई ने इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (एचपीसीएल), भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (बीपीसीएल), ऑयल इंडिया लि. (ओआईएल), गेल (इंडिया) लि. और मैंगलोर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लि. (एमआरपीएल) पर अप्रैल-जून तिमाही में सूचीबद्धता की आवश्यकता को पूरा नहीं करने के लिए जुर्माना लगाया है।

## मुंबई ऊर्जा मार्ग औपचारिक उद्घाटन के लिए तैयार

नयी दिल्ली। अंतर-राज्यीय पारेषण परियोजना मुंबई ऊर्जा मार्ग औपचारिक उद्घाटन के लिए तैयार है। बिजली मंत्रालय की इस परियोजना का मकसद मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) में अतिरिक्त 2,000 मेगावाट विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करना है। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि स्टरलाइट पावर द्वारा स्थापित की जा रही 90 किलोमीटर लंबी पडघा-खारघर अंतर-राज्यीय पारेषण लाइन (मुंबई ऊर्जा मार्ग) पूरे क्षेत्र के लिए एक बड़ा परिवर्तनकारी कदम साबित होगी। उन्होंने कहा, परियोजना औपचारिक उद्घाटन के लिए तैयार है। इससे शहर के अधिकांश हिस्से को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित होगी। इससे आर्थिक वृद्धि को गति मिलेगी और जीवन की गुणवत्ता में सुधार होगा। मुंबई ऊर्जा मार्ग परियोजना पर 21 दिसंबर, 2016 को आयोजित विद्युत मंत्रालय की 41वीं स्थायी समिति की बैठक (एससीएम) में विचार-विमर्श किया गया।

## एमजी विंडसर ने साबित की अपनी दमदार क्षमता

नई दिल्ली। एमजी विंडसर ने गुजरात स्थित कच्छ के रण के चुनौतीपूर्ण इलाकों में अपनी असाधारण क्षमता का प्रदर्शन किया है। कच्छ के रण को दुनिया के सबसे बड़े नमक के रेगिस्तान में शामिल किया जाता है। यहां के 44 डिग्री सेल्सियस से भी गर्म इलाकों में भारत की पहली सीयूवी- एमजी विंडसर ने अपनी दमदार क्षमता और बेहतरीन इंजीनियरिंग का प्रदर्शन किया। हाल हमें रिलीज किए गए नए वीडियो में बेहद गर्म माहौल के बीच कठोर और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों पर जीत हासिल करने की एमजी विंडसर की बेजोड़ क्षमता पर प्रकाश डाला गया है। यही खूबियां इसकी दमदार ताकत और मजबूती को प्रदर्शित करती हैं। इतने चुनौतीपूर्ण इलाके में इस इंटेलिजेंट सीयूवी का सफर इसकी मजबूत डिजाइन, एडवांस तकनीक और बेजोड़ पर्फोर्मेंस का प्रमाण है। इस कार को सबसे कठिन चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार किया गया है। एमजी विंडसर ने इस परीक्षण में सिर्फ चुनौतीपूर्ण जमीन पर अपनी ताकत का प्रदर्शन नहीं किया है।

## स्टोन इंडस्ट्री ने रणनीतिक विकास की घोषणा की

नई दिल्ली। प्रोसेसर और व्यापारी ओरिएंटल ट्राइमेक्स लिमिटेड रणनीतिक विकास की एक श्रृंखला की घोषणा की, जो इसकी परिचालन क्षमताओं को फिर से परिभाषित करने, इसकी बाजार उपस्थिति का विस्तार करने और इसकी वित्तीय स्थिति को मजबूत करने के लिए तैयार है। ये पहल नवाचार, विकास और ग्राहक संतुष्टि के प्रति कंपनी की अटूट प्रतिबद्धता को दिखाती हैं। ओरिएंटल ट्राइमेक्स लिमिटेड अत्याधुनिक वायर-आधारित गैंगसॉ मशीन के आयात और स्थापना के साथ स्टोन इंडस्ट्री में क्रांति लाने के लिए तैयार है, जिसे आमतौर पर स्लैब कटिंग के लिए केबल मशीन कहा जाता है। चीन में चांग्शा बेटो न्यू मटेरियल टेक्नोलॉजी कंपनी लिमिटेड से ली गई यह अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी भारत में अपनी तरह की पहली टेक्नोलॉजी होगी और इसे चेन्नई के पास गुम्मिडिपोंडी में ओटीएल के प्लांट में स्थापित किया जाएगा। कई ब्लेडों का उपयोग करने वाले पारंपरिक गैंगसॉ के विपरीत, यह उन्नत मशीन 0.4-0.6 मिमी के व्यास के साथ डायमंड-कोटेड केबलों की एक श्रृंखला का उपयोग करती है, जो सटीक कटौती को सक्षम करती है।

# कंपनियों की पूंजी 95522 करोड़ बढ़ी



नयी दिल्ली। देश की शीर्ष 10 मूल्यवान कंपनियों में से नौ के बाजार पूंजीकरण संयुक्त रूप से बीते सप्ताह 95,522.81 करोड़ रुपये बढ़े। इनमें रिलायंस इंडस्ट्रीज, टीसीएस और एचयूएल सबसे ज्यादा लाभ में रहीं।

बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स शुक्रवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में 33.02 अंक यानी 0.04 प्रतिशत बढ़कर 81,086.21 पर बंद हुआ। पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स में 649.37 अंक यानी 0.80 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण (एमकैप) 29,634.27 करोड़ रुपये बढ़कर 20,29,710.68 करोड़ रुपये रहा। टीसीएस का बाजार पूंजीकरण 17,167.83 करोड़ रुपये बढ़कर 16,15,114.27 करोड़ रुपये और हिंदुस्तान यूनिलीवर का 15,225.36 करोड़ रुपये बढ़कर 6,61,151.49 करोड़ रुपये रहा। भारती एयरटेल का एमकैप 12,268.39 करोड़ रुपये बढ़कर 8,57,392.26 करोड़ रुपये और आईसीआईसीआई बैंक का 11,524.92 करोड़ रुपये बढ़कर 8,47,640.11 करोड़ रुपये रहा। आंकड़ों के अनुसार आईटीसी का बाजार पूंजीकरण 3,965.14 करोड़ रुपये बढ़कर 6,32,364.24 करोड़ रुपये हो गया, जबकि भारतीय स्टेट बैंक का बाजार मूल्यांकन 2,498.89 करोड़ रुपये बढ़कर 7,27,578.99 करोड़ रुपये रहा। इसके अलावा, भारतीय जीवन बीमा निगम का मूल्यांकन 1,992.37 करोड़ रुपये बढ़कर 6,71,050.63 करोड़ रुपये और इन्फोसिस का एमकैप 1,245.64 करोड़ रुपये बढ़कर 7,73,269.13 करोड़ रुपये हो गया। हालांकि, एचडीएफसी बैंक का एमकैप 4,835.34 करोड़ रुपये घटकर 12,38,606.19 करोड़ रुपये रहा। बाजार पूंजीकरण के लिहाज से रिलायंस इंडस्ट्रीज देश की सबसे मूल्यवान कंपनी बनी हुई है। उसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, भारतीय स्टेट बैंक, एलआईसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी का स्थान है।

# सेबी के आदेश की समीक्षा कर रहे अनिल अंबानी, उठायेंगे उचित कदमः प्रवक्ता



नयी दिल्ली। उद्योगपति अनिल अंबानी पूंजी बाजार नियामक सेबी के आदेश की समीक्षा कर रहे हैं। वे कानूनी सलाह के आधार पर उचित कदम उठाएंगे। उनके प्रवक्ता ने रविवार को यह कहा। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने अनिल अंबानी को पूंजी बाजार से पांच साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया है।

प्रवक्ता ने बयान में कहा कि रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड (आरएचएफएल) से जुड़े एक मामले में सेबी के 11 अगस्त, 2022 के अंतरिम आदेश का पालन करने के लिए अंबानी ने रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड और रिलायंस पावर लिमिटेड के निदेशक मंडल से इस्तीफा दे दिया था। बयान के अनुसार, वह पिछले ढाई वर्षों से उक्त अंतरिम आदेश (11 फरवरी, 2022 के) का अनुपालन कर रहे हैं। सेबी ने 22 अगस्त को दिए आदेश में अनिल अंबानी और 24 अन्य को धन की हेराफेरी के आरोप में प्रतिभूति बाजार से पांच साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया था। प्रवक्ता ने कहा कि अनिल अंबानी उक्त मामले में सेबी द्वारा पारित 22 अगस्त, 2024 के अंतिम आदेश की समीक्षा कर रहे हैं और कानूनी सलाह के अनुसार अगला कदम उठाएंगे। सेबी ने अंबानी पर 25 करोड़ रुपये का जुर्माना भी लगाया था और कहा था कि उन्होंने रिलायंस होम फाइनेंस से धन की हेराफेरी करने की योजना बनाई थी। रिलायंस होम फाइनेंस, रिलायंस समूह की एक सूचीबद्ध अनुषंगी कंपनी है जिसके वे चेयरमैन हैं। प्रतिबंध के तहत अनिल और अन्य 24 इकाइयां प्रतिभूति बाजार में लेन-देन नहीं कर पाएंगे। उन पर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रतिभूतियों की खरीद, बिक्री या अन्य प्रकार से लेनदेन करने पर प्रतिबंध रहेगा। मुंबई की सूचीबद्ध रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड ने एक अलग बयान में कहा कि वह सेबी के समक्ष कार्यवाही में नोटिस प्राप्तकर्ता या पक्ष नहीं थी, जिसमें आदेश पारित किया गया है। रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के खिलाफ आदेश में कोई निर्देश नहीं दिए गए हैं। बयान के अनुसार, अनिल अंबानी ने उसी कार्यवाही में सेबी द्वारा पारित 11 फरवरी, 2022 के अंतरिम आदेश के अनुसार रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के निदेशक मंडल से इस्तीफा दे दिया था।

# भारत-ऑस्ट्रेलिया में व्यापक व्यापार पर बातचीत नवंबर में

नयी दिल्ली। भारत और ऑस्ट्रेलिया के अधिकारी व्यापक मुक्त व्यापार समझौते पर अगले दौर की बातचीत नवंबर में कर सकते हैं। वाणिज्य मंत्रालय ने रविवार को यह कहा। दोनों देशों ने अंतरिम व्यापार समझौता दिसंबर 2022 में लागू किया। और अब वे इसका दायरा बढ़ाने के लिए बातचीत कर रहे हैं।

मंत्रालय ने कहा कि भारत-ऑस्ट्रेलिया सीईसीए (व्यापक आर्थिक सहयोग समझौता) वार्ता का दसवां दौर 19-22 अगस्त को सिडनी में हुआ। इसमें वस्तुओं, सेवाओं, डिजिटल व्यापार, सरकारी खरीद, वस्तु उत्पत्ति के नियम और कृषि-तकनीक के क्षेत्रों पर बातचीत हुई। बयान के अनुसार इनमें से प्रत्येक विषय पर दोनों पक्षों ने गहन चर्चा की। मंत्रालय ने बयान में कहा, सीईसीए वार्ता का अगला दौर नवंबर में होने की संभावना है। भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व वाणिज्य विभाग के मुख्य वार्ताकार और अतिरिक्त सचिव राजेश अग्रवाल ने किया। जबकि ऑस्ट्रेलियाई प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व विदेश मामलों और व्यापार विभाग के मुख्य वार्ताकार और प्रथम सहायक सचिव रवि केवलराम ने किया। बैठक में एक-दूसरे के प्रस्तावों की बेहतर समझ और मतभेदों को दूर करने के लिए गहन चर्चा और बातचीत हुई।

# एफपीआई ने बॉन्ड बाजार में 11,366 करोड़ लगाये



नयी दिल्ली। विदेशी निवेशकों ने इस महीने अब तक देश के बॉन्ड बाजार में 11,366 करोड़ रुपये लगाये हैं। इसके साथ बॉन्ड क्षेत्र में शुद्ध रूप से पूंजी प्रवाह इस साल एक लाख करोड़ रुपये का पार कर गया है।

भारत के बॉन्ड बाजार में विदेशी निवेशकों की मजबूत खरीदारी का कारण इस साल जून में जेपी मॉर्गन के उभरता बाजार सरकारी बॉन्ड सूचकांक में भारत को शामिल किये जाने को दिया जा सकता है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने (24 अगस्त तक) बॉन्ड बाजार में 11,366 करोड़ रुपये लगाये हैं। भारतीय बॉन्ड बाजार में जुलाई में 22,363 करोड़ रुपये, जून में 14,955 करोड़ रुपये और मई में 8,760 करोड़ रुपये के शुद्ध निवेश हुए थे। इससे पहले, उन्होंने अप्रैल में 10,949 करोड़ रुपये निकाले थे। इस ताजा पूंजी प्रवाह के साथ, 2024 में अब तक बॉन्ड में एफपीआई का शुद्ध निवेश 1.02 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि अक्टूबर 2023 में भारत के शामिल होने की घोषणा के बाद से, एफपीआई वैश्विक बॉन्ड सूचकांकों में शामिल होने की उम्मीद में अपने निवेश को आगे बढ़ा रहे हैं। और इसके शामिल होने के बाद भी पूंजी प्रवाह मजबूत बना हुआ है। दूसरी ओर, येन कैरी ट्रेड यानी निम्न ब्याज दर वाले वाले देश से कर्ज लेकर दूसरे देश की परिसंपत्तियों में निवेश को समाप्त करने, अमेरिका में मंदी की आशंका और वैश्विक स्तर पर जारी संघर्षों के कारण, इस महीने अब तक एफपीआई ने इक्विटी से 16,305 करोड़ रुपये से अधिक निकाले हैं। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के एसोसिएट निदेशक, शोध प्रबंधक, हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि बजट में इक्विटी निवेश पर पूंजीगत लाभ कर में वृद्धि की घोषणा ने इस बिकवाली को काफी हद तक बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, भारतीय शेयरों के उच्च मूल्यांकन के कारण एफपीआई सतर्क हैं। साथ ही अमेरिका में रोजगार के कमजोर आंकड़े से मंदी की बढ़ती आशंका, नीतिगत दर में कटौती के समय को लेकर अनिश्चितता और येन कैरी ट्रेड समाप्त होने से भी एफपीआई सतर्क रुख अपना रहे हैं। कुल मिलाकर, भारत एफपीआई के जरिये दीर्घकालिक निवेश आकर्षित कर रहा है और इस मामले में स्थिति अनुकूल बनी हुई है। बीडीओ इंडिया के भागीदार मनोज पुरोहित ने कहा, वैश्विक मंदी, पश्चिम एशिया और पड़ोसी देशों में भू-राजनीतिक संकट के बीच, भारत अभी भी आकर्षक निवेश स्थल बना हुआ है। इससे विदेशी निवेशक दीर्घकालिक निवेश के लिए आगे आ रहे हैं।

# जीडीपी के आंकड़ों से तय होगी बाजार की चाल



नयी दिल्ली। इस सप्ताह जारी होने वाले जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) आंकड़े समेत प्रमुख वृहत आर्थिक आंकड़े, वायदा एवं विकल्प खंड में मासिक सौदों के निपटाने और वैश्विक संकेतों से बाजार की दिशा तय होगी। विश्लेषकों ने रविवार को यह कहा।

उन्होंने कहा कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व के प्रमुख जेरोम पॉवेल की टिप्पणियों का भी बाजार पर असर दिखने को मिल सकता है। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के खुदरा शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा, इस सप्ताह, हमारा अनुमान है कि शेयर-विशिष्ट गतिविधियों के साथ बाजार में धीरे-धीरे तेजी देखने को मिलेगी। निवेशकों की नजर वायदा एवं विकल्प कारोबार में मासिक सौदों के निपटान के साथ-साथ वैश्विक संकेतों पर रहेगी। उन्होंने कहा कि बाजार मंगलवार को जैक्सन होल संगोष्ठि में अमेरिकी फेडरल रिजर्व के प्रमुख की टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया देगा। पॉवेल ने शुक्रवार को संकेत दिया कि केंद्रीय बैंक सितंबर की बैठक में अपनी ब्याज दर में कटौती करेगा। पॉवेल ने अपने संबोधन में भविष्य में ब्याज दर में कटौती के लिए आधार तैयार किया। उन्होंने कहा, नीति को समायोजित करने का समय आ गया है। एक्सिस सिक्योरिटीज पीएमएस के मुख्य निवेश अधिकारी नवीन कुलकर्णी ने कहा, बाजार सितंबर में फेडरल रिजर्व की अगली बैठक के दौरान ब्याज दर में कटौती की उम्मीद कर रहा है। नौकरियों के कमजोर आंकड़ों के बीच ऐसे संकेत हैं कि नीतिगत दर में कटौती की गति तेज हो सकती है। उन्होंने कहा, हालांकि, पॉवेल का मानना है कि निकट भविष्य में अमेरिकी अर्थव्यवस्था के मंदी आने की संभावना बहुत कम है। इसका मतलब है कि नीतिगत दर में कटौती आम सहमति के अनुरूप होगी और दर में अधिक कटौती की संभावना कम हो सकती है। फेड प्रमुख के संबोधन के बाद अमेरिकी बाजारों में तेजी रही और शुक्रवार को बढ़त के साथ बंद हुए। विशेषज्ञों ने कहा कि इस सप्ताह वायदा एवं विकल्प खंड में सौदों के मासिक निपटान के कारण व्यापारियों को अगले सत्रों में कुछ उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। बीते सप्ताह, बीएसई सेंसेक्स में 649.37 अंक यानी 0.80 प्रतिशत की तेजी रही। एनएसई निफ्टी भी 282 अंक यानी 1.1 प्रतिशत की बढ़त में रहा। सकारात्मक अमेरिकी आर्थिक आंकड़ों से इस सप्ताह भारतीय बाजार में तेजी जारी रही है। अमेरिकी आंकड़े से अमेरिकी मंदी की आशंका कम हुई है। इसके अलावा, इजरायल और हमास के बीच संघर्ष विराम को लेकर बातचीत को लेकर सकारात्मक वैश्विक धारणा और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट ने तेजी में योगदान दिया।

# भारत-सिंगापुर मंत्रिस्तरीय बैठक में सीतारमण पीयूष गोयल, जयशंकर और वैष्णव लेंगे भाग

नयी दिल्ली। निर्मला सीतारमण, पीयूष गोयल, एस जयशंकर समेत चार मंत्री सोमवार को भारत-सिंगापुर मंत्रिस्तरीय बैठक में भाग लेंगे। इस पहल का मकसद दोनों देशों के बीच व्यापार और आर्थिक संबंधों को और प्रगाढ़ बनाना है।

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने रविवार को बयान में कहा कि भारत-सिंगापुर मंत्रिस्तरीय गोलमेज बैठक 26 अगस्त को सिंगापुर में होगी। गोयल सिंगापुर में डीबीएस बैंक, टेमासेक होल्डिंग्स, ओमर्स, केपेलइंफ्रास्ट्रक्चर और ओनर्स फोरम सहित प्रमुख वैश्विक व्यापारिक हस्तियों के साथ बातचीत करेंगे। बयान के अनुसार मंत्री भारत में बढ़ते बाजार अवसरों और मजबूत वृद्धि दर के बीच द्विपक्षीय व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने की रणनीतियों पर विचार करेंगे। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, विदेश मंत्री एस जयशंकर और रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव दूसरी भारत-सिंगापुर मंत्रिस्तरीय गोलमेज बैठक में भाग लेंगे। अपनी यात्रा के दौरान मंत्री सिंगापुर के मंत्रियों और नेतृत्व के साथ बातचीत करेंगे। आईएसएमआर भारत-सिंगापुर द्विपक्षीय संबंधों के लिए नया एजेंडा निर्धारित करने के लिए स्थापित एक अनूठी व्यवस्था है। इसकी पहली बैठक सितंबर 2022 में नई दिल्ली में हुई थी। बयान के अनुसार, यह दूसरी बैठक दोनों पक्षों को अपनी रणनीतिक साझेदारी के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा करने तथा इसे और बढ़ाने तथा व्यापक बनाने के लिए नए रास्ते तलाशने में मदद करेगी। सिंगापुर भारत के लिए एफडीआई (प्रत्यक्ष विदेशी निवेश) का एक प्रमुख स्रोत रहा है। बीते वित्त वर्ष 2023-24 में, सिंगापुर भारतीय बाजारों में 11.77 अरब डॉलर के निवेश के साथ एफडीआई का सबसे बड़ा स्रोत था। अप्रैल 2000 से मार्च 2024 तक सिंगापुर से एफडीआई का कुल प्रवाह 159.94 अरब डॉलर था। द्विपक्षीय व्यापार के मामले में सिंगापुर 2023-24 में भारत का छठा सबसे बड़ा व्यापार भागीदार रहा। कुल व्यापार 35.61 अरब डॉलर का था, जो आसियान के साथ भारत के कुल व्यापार का लगभग 29 प्रतिशत है।

## पेज एक का शेष

### तीसरे दिन

पाए गए, हालांकि उन्हें परीक्षा देने की अनुमति प्रदान की गयी। उनके दस्तावेजों का उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा गहनता से परीक्षण किया जा रहा है। गौरतलब है कि बलरामपुर में शनिवार को गिरफ्तार किए गये दोनों सिपाही दूसरे की जगह परीक्षा देने आए थे। उनको पकड़ने के बाद पुलिस मामले को दबाए रही। रविवार को दोनों को जेल भेजने के बाद डीजीपी मुख्यालय को इसका पता चला। इनमें अलीगढ़ स्थित पीएसी की 45वीं वाहिनी का सिपाही भगवान सिंह अभ्यर्थी गजेंद्र सिंह के स्थान पर परीक्षा देने आया था। वहीं, मथुरा में उप्र विशेष सुरक्षा बल में तैनात आरक्षी गोविंद सिंह उसका सहयोग कर रहा था। इसके अलावा अलीगढ़ में अभ्यर्थी विकास यादव की जगह परीक्षा दे रहे फिरोजाबाद निवासी रामू को गिरफ्तार किया गया है। कानपुर में राजस्थान के धौलपुर निवासी नरेंद्र को अभ्यर्थी रामदीन की जगह परीक्षा देते हुए पकड़ा गया है। कानपुर के कैंट क्षेत्र में हरदोई के फहीम अली को आधार कार्ड और हाईस्कूल की मार्कशीट में जन्मतिथि में अंतर मिलने पर गिरफ्तार कर लिया गया। इसी तरह चकेरी क्षेत्र में एटा के हरेंद्र कुमार को अभ्यर्थी सतवीर के स्थान पर परीक्षा देते हुए दबोच लिया गया।

### सीएम योगी ने

वां जन्मोत्सव इस बात का प्रतीक है कि हिंदू धर्म सबसे प्राचीन है। इस धर्म से पहले विश्व में कोई भी धर्म नहीं आया। सीएम योगी ने कहा कि श्री कृष्ण ने तो द्वापर युग में जन्म लिया था। त्रेता और सतयुग थे। उन युगों में भी सनातन धर्म का उल्लेख है। पांडुलिपियों और गुरु शिष्य परंपरा के जरिए इस धर्म का संरक्षण हुआ है। इसके उपरांत सीएम ने सांसद हेमामालिनी द्वारा आयोजित श्रीकृष्ण लीला का मंचन देखा और सभी कलाकारों की प्रशंसा करते हुए सांसद हेमामालिनी का अभिनंदन किया।

### हर मंदिर

के समस्त कारागारों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को परंपरागत रूप से मनाए जाने के निर्देश जारी कर दिए हैं। मुख्यमंत्री योगी ने जन्माष्टमी पर्व को लेकर रविवार को अधिकारियों को आवश्यक दिशानिर्देश जारी किया है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की जन्मस्थली मथुरा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व श्रद्धा एवं धूम-धाम से मनाया जाता है, जिसमें सम्मिलित होने के लिए देश-विदेश से लाखों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं। मथुरा नगर में स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमिशाही ईदगाह मस्जिद स्थल अत्यन्त संवेदनशील है। यह स्थल आईएसआई व विभिन्न आतंकवादी संगठनों के निशाने पर भी है। इसको देखते हुए भी विशेष सतर्कता एवं पुलिस बल का समुचित प्रबंध करने के निर्देश दिये गये हैं। बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री ने पूजा-अर्चना, शोभायात्रा के दौरान किसी भी तरह के विवाद की स्थिति न बने, इसको लेकर भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि विवादित स्थलों पर झांकियों को सजाने, शोभायात्रा के मार्ग को लेकर अक्सर विवाद देखने को मिलते हैं। इसके लिए उन्होंने सतर्कता बरतने की हिदायत दी है। उन्होंने कहा कि शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा को देखते हुए वीडियोग्राफी कराई जाए, सभी कार्यक्रम स्थलों के आसपास तथा शोभायात्रा के मार्ग पर स्थित सीसीटीवी कैमरों को कियाशील किया जाए और महत्वपूर्ण संवेदनशील स्थलों पर ड्रोन कैमरे से निगरानी रखी जाए। योगी ने निर्देश दिए कि समस्त जनपदों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी से संबंधित समस्त आयोजन, लीला स्थल, पंडाल, मंदिर एवं शोभायात्राओं को सूचीबद्ध कर योजनाबद्ध तरीके से पुलिस की व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि समस्त आयोजनों में आने वाले श्रद्धालुओं की संभावित संख्या का आंकलन करते हुए सुदृढ़ सुरक्षा एवं यातायात प्रबंधन सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी नई परंपरा की अनुमति कदापि न दी जाए। योगी ने कहा कि अधीनस्थ कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए जाएं कि वे अपनी बीट में जाकर सभी प्रकार के विवाद की जांच करें और अधिकारी सूचना मिलते ही मौके पर जाकर विवाद को समय रहते हल कराएं।

### महिलाओं के

उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 तक महिला स्वयं सहायता समूहों को 25,000 करोड़ रुपये से कम ऋण दिए गए थे, लेकिन पिछले 10 वर्षों में नौ लाख करोड़ रुपये के ऋण दिए गए हैं।

जलगांव में लखपति दीदी से बातचीत करते हुए मोदी ने 2,500 करोड़ रुपये की निधि जारी की, जिससे 4.3 लाख स्वयं सहायता समूहों के 48 लाख सदस्यों को लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि लखपति दीदी योजना का उद्देश्य न केवल महिलाओं की आय बढ़ाना है, बल्कि भावी पीढ़ियों को सशक्त बनाना भी है। आपने सुना होगा कि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। इसमें महिलाओं की बहुत बड़ी भूमिका है। हालांकि, कुछ वर्षों पहले तक ऐसा नहीं था। प्रधानमंत्री ने कहा कि महिलाएं हर घर और हर परिवार की समृद्धि की गारंटी देती हैं। लेकिन, महिलाओं की मदद की गारंटी देने वाला कोई नहीं था। महिलाओं के नाम पर संपत्ति नहीं होती और अगर उन्हें बैंक से ऋण लेना होता तो वे इसका लाभ नहीं उठा पातीं। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में वे अपना लघु व्यवसाय शुरू करने में सक्षम नहीं थीं। इसलिए मैंने यानी आपके बेटे और भाई ने आपके जीवन को आसान बनाने का संकल्प लिया। हमने साल-दर-साल महिलाओं के हित में फैसले लिये। उन्होंने कहा कि सरकार की आवास योजना के तहत बनाए जाने वाले तीन करोड़ नए घरों में से अधिकांश महिलाओं को आवंटित किए जाएंगे। मोदी ने कहा कि जनधन खाते खोले जाने के समय महिलाओं ने सबसे अधिक योगदान दिया। उन्होंने कहा कि मुद्रा योजना के तहत लोगों को बिना किसी गारंटी के ऋ ण दिया गया और इस योजना के 70 प्रतिशत लाभार्थी महिलाएं हैं। कुछ लोगों ने जोखिम कारकों का हवाला देते हुए इस योजना का विरोध किया और दावा किया कि यह पैसा डूब सकता है। लेकिन मैंने महिलाओं और उनकी ईमानदारी पर भरोसा किया। कई महिलाओं ने अपना ऋण चुका दिया है। जब मैं लोकसभा चुनाव के दौरान आपके पास आया था, तो मैंने वादा किया था कि हम तीन करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाएंगे। इसका मतलब है कि जो महिलाएं स्वयं सहायता समूहों में काम करती हैं, उनकी वार्षिक आय एक लाख रुपये से अधिक हो। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में एक करोड़ लखपति दीदी बनीं और सिर्फ दो महीने में 11 लाख और लखपति दीदी जुड़ गईं।

### मादक पदार्थों का

कतई बर्दाश्त नहीं करने (जीरो टॉलरेंस) की नीति के साथ देश को नशा मुक्त बनाया जाए। केंद्रीय मंत्री ने छत्तीसगढ़ में मादक पदार्थों के उपयोग पर भी चिंता व्यक्त की और कहा, छत्तीसगढ़ में मादक पदार्थों के दुरुपयोग का प्रतिशत 1.45 है जो राष्ट्रीय औसत से अधिक है। छत्तीसगढ़ की सीमा ओड़िशा और आंध्र प्रदेश सहित सात राज्यों से लगती है, जहां से मादक पदार्थों की तस्करी की जाती है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में 4.98 प्रतिशत गांजे का नशे के लिए उपयोग किया जाता है जो राष्ट्रीय औसत 2.83 प्रतिशत से अधिक है, जो हमारे लिए चिंता का विषय है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ड्रग तस्कर अपना तरीका बदल रहे हैं और प्राकृतिक दवाओं से सिंथेटिक दवाओं की ओर जा रहे हैं, जिससे सबसे अधिक नुकसान होता है। उन्होंने मादक पदार्थों के व्यापार नेटवर्क को खत्म करने के लिए ऊपर से नीचे और नीचे से ऊपर दृष्टिकोण के साथ वैज्ञानिक जांच पर ध्यान केंद्रित करने पर जोर दिया। शाह ने कहा, यदि किसी छोटी सी दुकान में मादक पदार्थ का एक पैकेट मिलता है, तो हमें जांच करनी होगी कि यह कहां से आया और कहां बनाया गया। इस पूरी व्यवस्था की पृष्ठभूमि को खत्म करने के लिए हमें वैज्ञानिक तरीके से जांच करने की आदत डालनी होगी। हमें ऊपर से नीचे और नीचे से ऊपर का दृष्टिकोण अपनाना होगा।

### हिजबुल्ला ने

युद्ध विराम समझौता होने पर वह युद्ध रोक देगा। ईरान हमास और हिजबुल्ला के अलावा सीरिया, इराक और यमन में भी चरमपंथियों का समर्थन करता है, जिनके व्यापक संघर्ष में शामिल होने की आशंका है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक कैबिनेट बैठक की शुरुआत में कहा कि सेना ने उत्तरी इजराइल को निशाना बनाकर दागे गए हजारों रॉकेट को नष्ट कर दिया है और उन्होंने नागरिकों से होम फ्रंट कमांड के निर्देशों का पालन करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, हम अपने देश की रक्षा करने, उत्तरी इजराइल के लोगों को उनके घरों में सुरक्षित वापस पहुंचाने तथा इस सरल नियम को बरकरार रखने की खातिर हरसंभव प्रयास करने के लिए कृतसंकल्पित हैं कि जो कोई भी हमें नुकसान पहुंचाएगा - हम उसे नुकसान पहुंचाएंगे। लेबनान में इजराइली हवाई हमलों के बाद तेल अवीव के बाहर स्थित इजराइल के बेन गुरियन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आने वाली उड़ानों का मार्ग रविवार को परिवर्तित कर दिया गया तथा अन्य विमानों के उड़ान भरने में देरी हुई। इजराइल के हवाई अड्डा प्राधिकरण ने बताया कि स्थानीय समयानुसार सुबह सात बजे उड़ानों का परिचालन बहाल हो गया। इजराइल के होम फ्रंट कमांड ने उत्तरी इजराइल में अलर्ट का स्तर बढ़ा दिया है तथा लोगों को आश्रय स्थलों के पास रहने के लिए प्रोत्साहित किया है। इजराइली सैन्य प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल नदाव शोशानी ने कहा कि हिजबुल्ला का इरादा उत्तरी और मध्य इजराइल में लक्ष्यों को निशाना बनाने का था।

### वित्तीय अनियमितता

में उन्हें कितनी जानकारी थी। सीबीआई अधिकारियों के एक अन्य दल ने अस्पताल में पूर्व प्राचार्य के कार्यालय पर भी छापा मारा और वह शैक्षणिक भवन की कैंटीन में भी गया। उन्होंने वर्तमान प्राचार्य मानस कुमार बंद्योपाध्याय को सुबह अस्पताल पहुंचने और चिकित्सा प्रतिष्ठान में छापेमारी के दौरान उनके साथ रहने को कहा। मेडिकल कॉलेज नौ अगस्त को इसके सम्मेलन कक्ष में एक परास्नातक प्रशिक्षु चिकित्सक से कथित बलात्कार और उसकी हत्या की घटना के बाद से सुर्खियों में बना हुआ है। इस मामले में आरोपी संजय रॉय को गिरफ्तार किया गया है। इस जघन्य अपराध के विरोध में देशभर में चिकित्सकों और आम नागरिकों ने प्रदर्शन किए हैं। कलकत्ता उच्च न्यायालय के निर्देश पर सीबीआई ने हत्या के साथ-साथ कथित वित्तीय अनियमितताओं के मामले भी दर्ज किए हैं।

### लोक निर्माण

से नियम के विपरित किये गये डायवर्जन ऑफ फड्स की जांच के लिए प्रकरण की स्पेशल ऑडिट या उच्च स्तरीय जांच कराने के लिए प्रकरण मुख्यालय और शासन को भेजा गया है। यह प्रकरण मात्र बानगी भर है। जानकारों के अनुसार मार्च माह में पूरे प्रदेश में वित्तीय वर्ष की समाप्ति के दौरान मार्च माह में इस तरह से फण्ड का डायवर्जन बड़ी संख्या में होता है। इस तरह के प्रकरण को यदि मुख्यालय और शासन स्तर पर गहनता से जांच की जाये तो करोड़ो रुपयों का फण्ड डायवर्जन सामने आयेगा। काफी अफसरों पर गाज गिर सकती हैं।

### आईपीएस अधिकारियों

आईपीएस सुमित सुधाकर सहायक पुलिस आयुक्त गाजियाबाद से पुलिस कमिश्नरेट कानपुर भेजा गया है। आईपीएस भोसले विनायक सहायक पुलिस अधीक्षक मुजफ्फरनगर से कमिश्नरेट आगरा स्थानांतरित किए गए हैं। आईपीएस अंकित जैन सहायक पुलिस अधीक्षक झांसी का मेरठ तबादला किया गया है जबकि आईपीएस मनोज कुमार यादव सहायक पुलिस आयुक्त गौतमबुद्धनगर का सहारनपुर के लिए तबादला किया गया है। आईपीएस निजुल सहायक पुलिस अधीक्षक मेरठ से बुलन्दशहर भेजे गए हैं।




# बांग्लादेश की पाकिस्तान पर ऐतिहासिक जीत

एजेंसी

रावलपिंडी। बांग्लादेश ने स्वदेश में राजनीतिक अशांति के बीच रविवार को यहां पाकिस्तान को पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में 10 विकेट से करारी शिकस्त देकर इतिहास रचा। पाकिस्तान की टीम अपनी दूसरी पारी में 146 रन पर ढेर हो गई और इस तरह से उसने बांग्लादेश के सामने 30 रन का लक्ष्य रखा। बांग्लादेश ने पांचवें दिन चाय के विश्राम से पहले ही केवल 6.3 ओवर में बिना किसी नुकसान के लक्ष्य हासिल करके पाकिस्तान के खिलाफ अपनी पहली जीत दर्ज की। सलामी बल्लेबाज जाकिर हसन 15 और शादमान इस्लाम नौ बनाकर नाबाद रहे।

इससे पहले बांग्लादेश के तेज गेंदबाजों ने पाकिस्तान के शीर्ष क्रम को थर्राया जबकि ऑफ स्पिनर मेहदी हसन मिराज (21 रन देकर चार विकेट) और बाएं हाथ के स्पिनर शाकिब अल हसन (44 रन देकर तीन विकेट) ने मिलकर सात विकेट हासिल किए। बांग्लादेश ने पाकिस्तान के खिलाफ 14 टेस्ट मैच में अपनी पहली जीत हासिल की। यह विदेशी धरती पर उसकी केवल सातवीं जीत है। न्यूजीलैंड को 2022 में उसकी धरती पर हराने के बाद बांग्लादेश की यह विदेशी धरती पर पहली जीत है। पाकिस्तान ने अपनी पहली पारी छह विकेट पर 448 रन बनाकर समाप्त घोषित कर दी थी।




## स्वतन्त्रता दिवस एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभ कामनाएं

### सन्देश

सभी शुभचिन्तकों, सुधी पाठकों, ईष्टमित्रों एवं विज्ञापनदाताओं को स्वतन्त्रता दिवस एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभ कामनाएं
ज्ञान प्रकाश शुक्ला
जिला संवाददाता-प्रतापगढ़

देश का हर कोना विकास से हो जगमग सभी को मिले रोशनी
स्वतन्त्रता दिवस एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
इं. मनोज कुमार त्रिपाठी
एसडीओ विद्युत
लालगंज-प्रतापगढ़

स्वतन्त्रता दिवस एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभ कामनाएं
इं. रामबदन
अवर अभियन्ता विद्युत उपकेन्द्र
रायपुर तियाई

स्वतन्त्रता दिवस एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभ कामनाएं
सुनील कुमार शुक्ल
प्रधानाचार्य एवं शिक्षक व स्टाफ
राम अंजोर मिश्र इण्टर कालेज
लालगंज, प्रतापगढ़

स्वतन्त्रता दिवस एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
डा. श्यामदुलारी सिंह
प्रबंधक
ऊँ बूढ़ेश्वरनाथ आरएसबीएस महाविद्यालय तिना चितरी
प्रतापगढ़

स्वतन्त्रता दिवस एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभ कामनाएं
धर्मेन्द्र तिवारी (पप्पू)
समाजसेवी
बरीबोझ

देश का हर कोना विकास से हो जगमग, सभी को मिले शिक्षा की ज्योति
स्वतन्त्रता दिवस एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
इं. लालचन्द्र पाण्डेय
अवर अभियंता
रामपुर संग्रामगढ़

स्वतन्त्रता दिवस एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभ कामनाएं
डा. आरएस त्रिपाठी
पूर्व एसीएमओ
गीता नर्सिंग होम लालगंज
प्रतापगढ़

स्वतन्त्रता दिवस एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
जगमग रहे विकास का हर प्रकाश
शुभम गर्ग
एसडीओ विद्युत
हण्डौर प्रतापगढ़

स्वतन्त्रता दिवस एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
डा. अरूण कुमार द्विवेदी डा. सुमन द्विवेदी
प्रयाग नर्सिंग होम लालगंज,
प्रतापगढ़

स्वतन्त्रता दिवस एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. शैलेन्द्र मिश्र — प्राचार्य
डॉ. पूर्णिमा मिश्रा — अध्यक्ष प्रबन्ध समिति
हेमवती नन्दन बहुगुणा स्नातकोत्तर महाविद्यालय लालगंज, प्रतापगढ़

स्वतन्त्रता दिवस एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभ कामनाएं
राकेश पाण्डेय
सौजन्य से- दिनेश चन्द्र पाण्डेय
प्रधान मिश्राइनपुर, लालगंज,
प्रतापगढ़

क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं
रमेशचंद्र मिश्र
संस्थापक
सेवानिवृत्त आईएएस
भागवतदत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय
अझारा, लालगंज, प्रतापगढ़।
संचालित संकाय: बीए, बीएससी, बीएड, बीपीएड, बीसीए, बीबीए, एमए
पंडित नागेशदत्त पब्लिक स्कूल
अझारा, लालगंज, प्रतापगढ़
संचालित कक्षाएं: प्लेग्रुप से 12 तक
तारा देवी इंस्टीट्यूट ऑफ एजूकेशन एण्ड टेक्नोलॉजी
भैंभौरा, लालगंज, प्रतापगढ़
संचालित पाठ्यक्रम: डीएलएड (बी०टी०सी०),
मौलवी फरजन्द अली कालेज ऑफ लॉ
भैंभौरा, लालगंज, प्रतापगढ़
एलएलबी, (त्रिवर्षीय), बीए एलएलबी (पंचवर्षीय)
संपर्क सूत्र: 9451553129, 8874494282, 9452367489, 9451885049

डिफेंस टाइगर्स टीम
की ओर से समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस 15 August नागपंचमी
रक्षाबन्धन एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी
की हार्दिक शुभकामनाएँ
सुधीर मिश्र
पूर्व पैराट्रूपर कमांडो
राष्ट्रीय अध्यक्ष डिफेंस टाइगर्स
मनोज कुमार सिंह
(Ex-Airforce)
M.A.(Hindi/English) B.ed, MBA(HR)
राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डिफेंस टाइगर्स

सम्बद्ध- सी.बी.एस.ई. नई दिल्ली- 2131039, 2133942
आइन्स्टीन पब्लिक स्कूल
लालगंज अझारा एवं प्रतापगढ़ सिटी, प्रतापगढ़
की ओर से
समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतन्त्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएँ
(स्व. श्री भगवत प्रसाद शुक्ल)
संस्थापक
मो.नं.- 9554077993, 8188835002

# आयुष्मान-बादशाह, कृति के साथ झूमा पूरा इकाना

## अटल बिहारी बाजपेई स्टेडियम में यूपी टी20 क्रिकेट लीग के सीजन-2 का आगाज





खेल संवाददाता

लखनऊ। जैसे ही लाल लिबास में मंच पर उतरे गायक बादशाह तैनू काला काला चश्मा जचा है। गाते हुए मैदान पर उतरे वैसे ही स्टेडियम में बैठे दर्शक झूमने लगे।

पूरा स्टेडियम सीटियों और शोर से गूंज उठा। इसके बाद अभिनेत्रा कृति सैनन ने बीड़ी जलइले, जिगर से पिया पर जो ठुमके लगाए तो पूरा वातावरण शोर से गूंज उठा। इकाना स्टेडियम में रविवार की शाम यूपी टी20 क्रिकेट लीग के सीजन-2 के आगाज पर बादशाह, अभिनेत्री कृति सैनन और अभिनेता आयुष्मान खुराना ने अपने प्रदर्शन से चार चांद लगा दिए। अपार शक्ति खुराना के संचालन ने भी दर्शकों का दिल जीत लिया। लीग का उद्घाटन बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने किया। इस मौके पर लीग के ब्राण्ड अम्बेडर सुरेश रैना, यूपीसीए के अध्यक्ष निधिपति सिंहानिया, यूपी टी20 लीग चेयरमैन डीएस चौहान, इकाना स्पोर्ट्स सिटी के एमडी उदय सिन्हा समेत कई हस्तियां थीं। सभी ने यूपी टी20 लीग की ट्रॉफी का अनावरण किया।

समारोह की शुरूआत बॉलीवुड के सितारों के शानदार प्रदर्शन से हुई। अभिनेता आयुष्मान खुराना और अभिनेत्री कृति सैनन ने अपने डांस परफारमेंस से स्टेडियम में मौजूद दर्शकों का दिल जीत लिया। आयुष्मान खुराना की जीवंत उपस्थिति और कृति सैनन की मनमोहक अदाओं ने समारोह को और भी खास बना दिया। उनके प्रदर्शन ने न केवल खेल प्रेमियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। गायक बादशाह ने ह्यतैनू काला-काला चश्मा जचदा है, ह्यहाय गर्मी, ह्यनाचूं तेरे प्यार जुगनू बनके, ह्यडीजे वाले बाबू जैसे एक से एक सुपर हिट गीत गाकर महफिल लूट ली। उनके गीतों ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। संगीत की धुन पर हजारों दर्शकों ने उत्साह से झूमते हुए, इस अद्भुत शाम को और भी रंगीन बना दिया। समारोह में शामिल दर्शक क्रिकेट के इस नए सीजन की शुरूआत का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। यूपी टी20 लीग की इस भव्य शुरूआत ने एक बार फिर साबित कर दिया कि खेल और मनोरंजन के मेल से कैसे एक विशेष अवसर को और भी खास बनाया जा सकता है। बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा यह लीग राज्य ही नहीं, भारतीय क्रिकेट के लिए महत्वपूर्ण कदम है। ये नए प्रतिभाओं को निखारने में मदद करेगी और उत्तर प्रदेश के खेल विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# एक लाख युवाओं के राजनीति में शामिल होने का आह्वान

एजेंसी



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि सामूहिक प्रयासों से बिना राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले युवाओं को राजनीति में आगे बढ़ने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिये स्वतंत्रता संग्राम के दौरान जिस तरह की भावना लोगों ने दिखाई थी विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए उसे फिर से दिखाने की जरूरत है।

मोदी ने अपने मासिक मन की बात रेडियो कार्यक्रम में कहा कि उनकी ओर से स्वतंत्रता दिवस पर बिना किसी राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले एक लाख युवाओं के राजनीति में शामिल होने के आह्वान पर व्यापक प्रतिक्रिया मिली है और कुछ युवाओं ने कहा है कि वंशवाद की राजनीति नयी प्रतिभा को दबा देती है। उन्होंने कहा, इस साल मैंने लाल किले से बिना राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले एक लाख युवाओं को राजनीतिक व्यवस्था से जोड़ने का आह्वान किया है। मेरी इस बात पर जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है। इससे पता चलता है कि कितनी बड़ी संख्या में हमारे युवा, राजनीति में आने को तैयार बैठे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि इन युवाओं को बस सही मौके और सही मार्गदर्शन की तलाश है। मोदी ने कहा, इस विषय पर मुझे देशभर के युवाओं के पत्र भी मिले हैं। सोशल मीडिया पर भी इसे जबरदस्त प्रतिक्रिया मिल रही है। लोगों ने मुझे कई तरह के सुझाव भेजे हैं। कुछ युवाओं ने अपने पत्रों में लिखा है कि ये वाकई उनके लिए अकल्पनीय है।

# यूपीएस में यू का मतलब मोदी सरकार का यू-टर्न : कांग्रेस

एजेंसी



नयी दिल्ली। कांग्रेस ने रविवार को एकीकृत पेंशन योजना की घोषणा को लेकर केंद्र पर कटाक्ष करते हुए कहा कि एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) में यू का मतलब मोदी सरकार का यू-टर्न है। कांग्रेस का यह कटाक्ष ऐसे समय में आया है जब एक दिन पहले ही केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के तहत एक जनवरी 2004 के बाद सेवा में शामिल होने वालों के लिए वेतन के 50 प्रतिशत के बराबर पेंशन की गारंटी को मंजूरी दी थी। हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनावों से पहले सरकारी कर्मचारियों की लंबे समय से लंबित मांगों को पूरा करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) को मंजूरी दी गई, जो गारंटीकृत पेंशन का आश्वासन देती है। सरकार पर कटाक्ष करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, यूपीएस में यू का मतलब मोदी सरकार का यू-टर्न है। चार जून के बाद जनता की शक्ति प्रधानमंत्री के सत्ता के अहंकार पर हावी हो गई है। खरगे ने कहा, दीर्घ अवधि के पूंजीगत लाभासूचकांककरण के बारे में बजट में कदम वापस लिया, वक्फ विधेयक को संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के पास भेजा गया, प्रसारण बिल और लेटरल एंट्री वापस ली गई। कांग्रेस प्रमुख ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने पोस्ट में कहा, हम जवाबदेही सुनिश्चित करते रहेंगे और 140 करोड़ भारतीयों को इस निरंकुश सरकार से बचाएंगे। उन्होंने कहा कि इस वैकल्पिक योजना से 23 लाख केन्द्र सरकार के कर्मचारियों को लाभ मिलेगा और यदि राज्य सरकारें इस योजना में शामिल होती हैं, तो यह संख्या 90 लाख तक बढ़ सकती है।

क्षेत्रवासियो को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
इंजीनियर पूर्णांशु ओझा
(श्यामू भइया), पूर्व प्रमुख/उपप्रबंधक
एस.वी.एम. ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट,
लालगंज, प्रतापगढ़
9616349145, 9450342760
7524085333, 9450091584
प्रो. शिवाकांत ओझा
पूर्व कैबिनेट मंत्री उ.प्र.
संस्थापक/प्रबंधक
संचालित संस्थाएं -
1. सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज, लालगंज, प्रतापगढ़
2. सरस्वती शिशु मंदिर लालगंज, प्रतापगढ़
3. सरस्वती विद्या मंदिर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी स्नातकोत्तर महाविद्यालय लालगंज, प्रतापगढ़
4. सरस्वती विद्या मंदिर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी नर्सिंग महाविद्यालय लालगंज, प्रतापगढ़
5. बाबा दूधनाथ सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज सगरा सुंदरपुर, प्रतापगढ़
6. बाबा दूधनाथ सरस्वती शिशु मंदिर सगरा सुंदरपुर, प्रतापगढ़
7. सरस्वती विद्या मंदिर बालिका इंटरमीडिएट कालेज सगरा सुंदरपुर, प्रतापगढ़
8. भगवती प्रसाद बालिका इंटर कालेज ढाखापुर दिशिनी पट्टी, प्रतापगढ़
9. माँ कुंती देवी महिला शिक्षण-प्रशिक्षण संस्थान सराय सुल्तानी, गौरा, प्रतापगढ़
10. एस. वी. एम. टेक्निकल इंस्टीट्यूट, लालगंज, प्रतापगढ़
11. आचार्य रमाकांत महिला शिक्षण-प्रशिक्षण संस्थान शिवसत दिलीपपुर, प्रतापगढ़
12. कर्मादेवी शिक्षण-प्रशिक्षण संस्थान लालगंज, प्रतापगढ़
13. एस. वी. एम. फार्मेसी कालेज लालगंज, प्रतापगढ़
14. एस. वी. एम. फार्मेसी कालेज रानीगंज, प्रतापगढ़
21334-38

BABU BANARASI DAS EDUCATIONAL GROUP
NBA NATIONAL BOARD of ACCREDITATION
BBDNIIT(056)- CSE, IT & B.PHARM
BBDITM (054)- CSE, ECE & IT
10000+ More than 1500+ Companies have already hired our Students!
Job offers & still continuing since last 4 years ...
BBD UNIVERSITY Host University for KHELO INDIA
ADMISSION OPEN 2024-2025
Highest Package 48.00 LPA Microsoft
Dream Placement 44.15 LPA amazon
Dream Placement 28.88 LPA Google
BBD UNIVERSITY
COURSES OFFERED
• Engineering • Management • Pharmacy • Dental Science • Education
• Architecture • Applied Sciences • Hotel Management • Legal Studies
• Computer Applications • Humanities & Social Sciences • Ph.D. in all Disciplines
Courses available with IBM Collaboration
BBDCODS www.bbdcods.edu.in | BDS Bachelor of Dental Surgery (100 Seats) (4 Year Course & 1 Year Rotatory Internship) | M.D.S/Ph.D In all 9 Specialties
BBDITM | AKTU CODE - 054 | www.bbditm.ac.in
B.TECH [CSE, CSE(AI&ML), CSE(DS),IT, ECE, ME, EE,CE] MBA & M.TECH
BBDNIIT | AKTU CODE - 056 | www.bbdniit.ac.in
B.TECH [CSE,CSE(AI&ML),CSE(AI), IT,ECE, EE, ME,CE] M.TECH, MBA
B.PHARM. M.PHARM. D .PHARM BTEUP CODE- 2746
SCHOLARSHIP @25% All 4 Years in EE, ME, CE and ECE in AKTU Colleges
AMENITIES
Auditorium (1000+ Seating Capacity) | Student's Mall & Cafeteria | Transport & Health Services | Lord Siddhi Ganesha Temple | In Campus Bank and ATM | AC & Non-AC Hostels | BCCI Approved Cricket Stadium | BBD 90.8FM Channel | 24x7 Campus Security | Fully Wifi Campus
TOP RECRUITERS
amazon Google IBM Grab SAP Coforge tcs LTIMindtree Microsoft Infosys HARMAN paytm Capgemini NEWGEN wipro NIIT accenture
BBD City, Ayodhya Road, Lucknow, Uttar Pradesh-226028 India.
@lkobbdu @bbduniversity www.bbdu.ac.in 0522(6196222/23) 0522(6196300/301/302)

# बांग्लादेश की पीएम शेख हसीना पर हत्या के चार और मामले दर्ज

एजेंसी



ढाका। बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना और उनके पूर्व कैबिनेट सहयोगियों के खिलाफ हत्या के कम से कम चार और मामले दर्ज किए गए हैं। रविवार को मीडिया में आईं खबरों से यह जानकारी मिली है। सरकारी समाचार एजेंसी बीएसएस की खबर के अनुसार, वर्ष 2010 में बांग्लादेश राइफल्स (बीडीआर) के एक अधिकारी अब्दुर रहीम की मौत के मामले में रविवार को हसीना (76), बांग्लादेश सीमारक्षक बल (बीजीबी) के पूर्व निदेशक जनरल अजीज अहमद व 11 अन्य के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया। बीडीआर के सहायक उप निदेशक रहे रहीम 2010 में पिलखाना में कत्लेआम के सिलसिले में दर्ज मामले में आरोपी थे। उसी साल 29 जुलाई को हिरासत में रहते हुए जेल में उनकी मौत हो गई थी। रहीम के बेटे अधिवक्ता अब्दुल अजीज ने ढाका मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट मोहम्मद अख्तर उज्जमां की अदालत में मामला दर्ज कराया। समाचार एजेंसी ने बताया कि 18 जुलाई को भेदभाव विरोधी छात्र आंदोलन के दौरान सैन्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (एमआईएसटी) के एक छात्र की हत्या के मामले में हसीना और 48 अन्य के खिलाफ रविवार को हत्या का एक और मामला दर्ज किया गया। खबर में कहा गया है कि पीड़ित शेख अशबुल यमीन के चाचा अब्दुल्ला-अल कबीर ने रविवार को ढाका के वरिष्ठ न्यायिक मजिस्ट्रेट मोहम्मद सैफुल इस्लाम की अदालत में एक याचिका दायर कर 49 आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करने की अपील की। इस मामले में अवामी लीग के महासचिव और पूर्व सड़क परिवहन एवं पुल मंत्री ओबैदुल कादर और पूर्व गृह मंत्री असदुज्जमां खान व अन्य को आरोपी बनाया गया है।

नगर निगम मथुरा-वृन्दावन, मथुरा
समस्त श्रद्धालुओं को
श्री कृष्ण जन्माष्टमी
की हार्दिक शुभकामनाएं
नगरवासियों से अपील
नगर निगम सीमान्तर्गत समस्त भवन स्वामियों से अनुरोध है कि वह अपने गृहकर/जलकर के बिलों का भुगतान 30 सितम्बर 2024 से पूर्व कर 10% छूट का लाभ उठायें। कर का Online भुगतान वेबसाइट https://mathura.upptax.org पर भी किया जा सकता है।
-: निवेदक :-
समस्त पार्षदगण एवं नगर निगम परिवार
शशांक चौधरी (IAS)
नगर आयुक्त
नगर निगम मथुरा-वृन्दावन
विनोद अग्रवाल
महापौर
नगर निगम मथुरा-वृन्दावन
हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाउस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com